सुप्रभात
रांची, शनिवार
10.02.2024
*नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 208



12 अमिताभ ने रामलला के दरबार में लगायी हाजिरी

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

पलामू जिलान्तर्गत

# पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना

का शिलान्यास

₹456.6 करोड़ पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति

## योजना की संक्षिप्त विवरणी

उत्तरी कोयल, औरंगा एवं सोन नदी से आएगा जल

कुल 31.397 MCM जल लिफ्ट होगा

योजना से रानीताल डैम, टेमराईन डैम, बूटनडूबा डैम, मलय डैम, पोस्तिया नाला, पनघटवा डैम, कचहड़वाटॉंड डैम, कुन्डलवा डैम, वाहेरवधवा नाला डैम, बतरे डैम, धनकई डैम, ताली डैम, सुखनदिया डैम, करमा कलन डैम तथा पाईपलाईन के मार्ग में पड़ने वाले अन्य छोटे-बड़े जलाशय, तालाब एवं आहर में पानी होगा एकत्रित

पलामू जिलान्तर्गत चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज प्रखण्ड होंगे लाभान्वित

02 वर्ष में योजना पूर्ण करने का लक्ष्य

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर-कमलों द्वारा



**विशिष्ट अतिथि**

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, झारखण्ड

**गरिमामयी उपस्थिति**

**श्री विष्णु दयाल राम**
माननीय सांसद, पलामू

**श्री आलोक कुमार चौरसिया**
माननीय विधायक, डाल्टेनगंज

**श्री रामचन्द्र सिंह**
माननीय विधायक, मनिका

**श्री रामचन्द्र चंद्रवंशी**
माननीय विधायक, बिश्रामपुर

**श्री कमलेश कुमार सिंह**
माननीय विधायक, हुसैनाबाद

**श्रीमती पुष्पा देवी**
माननीय विधायक, छतरपुर

दिनांक : 10 फरवरी, 2024 | समय : 11.30 बजे पूर्वाह्न
स्थान : शिवाजी मैदान, डाल्टेनगंज, जिला-पलामू

PRNO 318531(IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## खबर एक नजर में

### जेएसएससी पेपर लीक प्रकरण में पूछताछ

**रांची।** जेएसएससी पेपर लीक प्रकरण में रांची पुलिस कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस को जानकारी मिली है कि ये लोग गिरोह में शामिल हैं। पुलिस पटना और चेन्नई से तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रांची एसएसपी ने कहा कि फिलहाल पूछताछ की जा रही है और जल्द ही पुलिस सरगना तक पहुंच जायेगी।

### हाइकोर्ट से फिल्म प्रोड्यूशर प्रकाश झा को राहत



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट से फिल्म प्रोड्यूशर प्रकाश झा को राहत मिल गई है। शुक्रवार को प्रकाश झा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने सभी आपराधिक कार्यवाही एवं संज्ञान आदेश को निरस्त कर दिया। बताते चलें कि प्रोटेस्ट पिटीशन के बाद अदालत ने इस मामले को साल 2018 में संज्ञान लिया था, जिसे प्रकाश झा एवं अन्य की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी गई थी। यह मामला जमशेदपुर के वार्ड संख्या छह में दस हजार वर्ग फीट सुपर बिल्ट एरिया से जुड़ा है।

### सांसद निशिकांत दुबे को हाइकोर्ट से राहत



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने निशिकांत दुबे की याचिका पर सुनवाई करते हुए डिस्चार्ज पीटीशन खारिज किए जाने के निचली अदालत के फैसले को रद्द कर दिया है। यह मामला गोड्डा में सड़क जाम करने से जुड़ा है। निशिकांत दुबे के खिलाफ जिला प्रशासन ने वर्ष 2010 में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी, जिसे रद्द करने की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी।

### राज्य में 2703 सब-इंस्पेक्टर बदले

**रांची।** राज्य के एक ही जिले में तीन साल से अधिक समय तक पदस्थापित 2703 सब इंस्पेक्टरों का तबादला किया गया है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को लेकर यह तबादला किया गया है। जिले के एसएसपी और एसपी को निर्देश दिया गया है कि जिन सब इंस्पेक्टरों का उनके जिलों से तबादला हुआ है, उन्हें विरमित कर पुलिस मुख्यालय को अनुपालन प्रतिवेदन सुनिश्चित करने को कहें।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सोशल मीडिया की रणनीति पर कांग्रेस की ऑनलाइन बैठक

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस दूसरे चरण की भारत जोड़ो न्याय यात्रा व आगामी लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया की रणनीति पर सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश चेयरमैन गजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जूम एप पर सभी नवनियुक्त स्टेट कोऑर्डिनेटर्स और स्टेट को कोऑर्डिनेटर्स के साथ बैठक हुई। सोशल मीडिया विभाग के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपना परिचय दिया। इसके बाद अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने अपने सुझाव तथा दिशा निर्देश दिए। बैठक में स्टेट को-ऑर्डिनेर्टस में नलिन मिश्रा, संजय कुमार तथा प्रशांत पांडे एवं स्टेट कोऑर्डिनेटर्स में भावेश भूषण, भोला दास, रामदेव सिंह, अरविंद कुमार सैनी, लवंगलता निराला, अभिषेक मानव, उमर अली अंसारी, बबलू दास आदि थे।

### नयी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर जेएमएम ने साफ किया अपना रुख

**रांची।** राज्य में नयी सरकार का गठन 2 फरवरी को हो गया है परंतु अभी तक मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हो पाया है। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की ओर से 16 फरवरी को कैबिनेट विस्तार के लिए राजभवन से समय मांगा गया है। जेएमएम ने मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है। पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि सहयोगी दल कांग्रेस में कुछ बातों को लेकर चर्चा चल रही थी। हमारी तरफ से सभी मंत्रियों के नाम तय हो चुके हैं। बताते चलें कि सीएम के आग्रह पर राजभवन ने शपथ ग्रहण समारोह को 16 फरवरी तय की है। बताया जा रहा है कि जेएमएम और कांग्रेस दोनों की तरफ से नये चेहरे देखे जा सकते हैं।

---

राज्यपाल के बयान पर झामुमो ने दिया जबाव

# राज्यपाल क्यों कर रहे हैं बीजेपी का काम : सुप्रियो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दिल्ली दौरे से गुरुवार को रांची लौटने के बाद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और इस्तीफे पर एक न्यूज एजेंसी को जवाब देते हुए कहा था कि हेमंत सोरेन को ईडी हिरासत में ले चुकी थी, उसके बाद वे इस्तीफा देने राजभवन आये थे। राज्यपाल के इस बयान पर जवाब देते हुए झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मीडिया के माध्यम से पता चला कि राज्यपाल प्रिंट मीडिया को बुलाये हैं और एक मीडिया से स्पष्टीकरण भी मांगा है।

**बस में बैठे विधायकों को अंदर जाने के बाद बाहर क्यों किया गया** : दो बसों को अंदर जाने का परमिशन दिया गया और फिर अंदर जाने के बाद परमिशन नहीं होने की बात कही गई और उन्हें बाहर निकाल दिया गया। वर्तमान सीएम ने सरकार बनने का दावा किया और दावे को अस्वीकार करते हुए अपने कक्ष की ओर चले गये फिर 15 मिनट बाद आकर दावे को उन्होंने स्वीकार किया। राज्यपाल के प्रधान सचिव से दूसरे दिन फोन पर बात की गई। फिर दोबारा राजभवन से समय मांगा गया। तब जाकर गठबंधन के पांच नेताओं को मिलने की अनुमति दी गई। मिलने के बाद 10 बजे रात में चंपई सोरेन को सीएम बनने की बात कही गई। जब 8:30 बजे रात में इस्तीफा हुआ तो दूसरे दिन रात का इंतजार क्यों हुआ? एक दिन से अधिक समय तक राज्य का कार्यपालक कौन था?

### बहुमत के बाद भी फ्लोर टेस्ट क्यों

मंत्रिमंडल विस्तार के समय फ्लोर टेस्ट की बात कही गई। क्या राज्यपाल को बहुमत की आशंका थी। 49 सदस्य हमारे साथ थे। 81 सदस्यीय विधानसभा सभा में 49 विधायकों के समर्थन के बाद भी राय लेनी पड़ी।

### भ्रम की स्थिति पैदा करनेवाली बीजेपी

राज्यपाल यह बतायें कि वह कौन दो विधायक थे, जो मीडिया में बयान दे रहे थे कि हैदराबाद नहीं जा रहे हैं। बीजेपी का काम राज्यपाल क्यों कर रहे हैं? भ्रम की स्थिति पैदा करने वाले बीजेपी के लोग हैं। राज्यपाल का काम सरकार को सलाह देना है। पल-पल की जानकारी लेनी है।

### एनडीए सरकार में सीबीआइ पर भरोसा नहीं

सीबीआइ की विश्वसनीयता पर सवाल उठने शुरू हो गये हैं। यह बात कोर्ट ने कही है हम सीबीआइ पर भरोसा नहीं करते हैं। एनडीए सरकार में बिल्कुल भी करने योग्य नहीं हैं। सीबीआइ से अच्छा हमारी एसआइटी है। हम उसी से पेपर लीक मामले की जांच करायेंगे।

---

झामुमो नेता के बयान पर भाजपा की प्रतिक्रिया

## जब हेमंत सोरेन 40 घंटे तक फरार थे तब राज्य किसके भरोसे था : प्रतुल

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि खोखी दलीलें देकर राजभवन पर दबाव बनाना घमंडिया गठबंधन की पुरानी आदत



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो के सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में संवैधानिक संकट की स्थिति झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार ने पैदा की थी। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार शर्मशार करने वाली घटना घटित हुई।जब एक चुना हुआ मुख्यमंत्री कानून के डर से 40 घंटे तक फरार रहे। इस दौरान वह अपने राज्य के किसी भी अधिकारी से भी संपर्क में नहीं थे।

उन्होंने कहा कि झारखंड में तो सिर्फ भागम भाग का खेल चल रहा है। पहले भाग हेमंत भाग हुआ। उसके बाद भाग विधायक भाग हुआ। जब इनके पास बहुमत से ज्यादा विधायक थे और प्रदेश में इनकी ही सरकार थी तो हैदराबाद के राजनीतिक पर्यटन की आवश्यकता समझ से परे है। उन्होंने कहा राज्यपाल ने विधि सम्मत और कानून सम्मत निर्णय लिया।

उन्होंने कहा कि साढ़े छह लाख छात्रों के भविष्य से इस सरकार ने खिलवाड़ किया। 25-25 लाख रुपये में प्रश्न पत्र बेचने की साजिश हुई। अभी तक इस मुद्दे पर कोई एफआईआर नहीं होना और एसआईटी का गठन कर ध्यान बंटाने की कोशिश साफ दिख रहा है कि यह छात्र विरोधी सरकार है।

उन्होंने धीरज साहू और हेमंत सोरेन के रिश्ते पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास से बीएमडब्ल्यू की रिकवरी पर अभी तक दोनों दल रहस्यमय तरीके से खामोश है। उन्होंने जानना चाहा कि धीरज साहू और हेमंत सोरेन के बीच का रिश्ता आखिर क्या कहलाता है।

---

भुगतान की भी मिलेगी सुविधा

## अगले माह से व्हाट्सएप नंबर पर मिलेगा बिजली का बिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेबीवीएनएल अपने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए अगले माह से व्हाट्सएप और एसएमएस पर भी उपलब्ध होगा। उपभोक्ता व्हाट्सएप चैट के माध्यम से बिजली बिल प्राप्त और भुगतान भी कर सकते हैं। वहीं कोई शिकायत है तो उसे भी दर्ज करा सकते हैं। साथ ही कई अन्य सुविधा का लाभ भी उपभोक्ता ले सकते हैं। यह सुविधा माह मार्च से शुरू हो जायेगी। इस आशय की जानकारी देते हुए जेवीवीएनएल के आईटी जीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि इसकी तैयारी अंतिम चरण में है। मार्च में इसे लॉन्च कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं के बिजली बिल की समस्या, गलत बिलिंग की समस्या, समय पर बिजली बिल नहीं मिलने की शिकायत को देखते हुए यह नई सुविधा शुरू करने जा रही है।

### मिलेगा सुविधा का लाभ



जेबीवीएनएल लोगों से इस सुविधा का लाभ लेने की अपील कर रहा है। इसका लाभ लेने के लिए लोगों को अपना केवाईसी अपडेट कराना होगा। अपने बिजली बिल में अपना मोबाइल नंबर दर्ज कराना होगा। मोबाइल नंबर बिजली बिल में ऊर्जा मित्र के माध्यम से या फिर नजदीकी बिजली ऑफिल जाकर उपभोक्ता जुड़वा सकते हैं।

---

पीएम जन-मन योजना के तहत होगा कार्य, टेंडर जारी

## आदिम जनजाति के 4311 घर सौर ऊर्जा से जल्द होंगे रोशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सुदूर ग्रामीण इलाकों में विद्युतीकरण के लिए पीएम जन-मन योजना के तहत सौर ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से इसमें झारखंड बिजली वितरण निगम और झारखंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी काम कर रहे हैं। जेबीवीएनएल की मानें तो पीएम जन-मन योजना के तहत 139 गांवों में विद्युतीकरण होना है। जेबीवीएनएल की मानें तो 139 गांवों के लगभग 3078 घरों में सौर ऊर्जा के तहत विद्युतीकरण किया जाना है। वहीं, जरेडा की ओर से 114 गांवों का पीएम जन-मन योजना के तहत विद्युतीकरण सौर ऊर्जा के तहत किया जाना है। इन गांवों में 1233 घर चिन्हित हैं। जरेडा की ओर से विद्युतीकृत किये जा रहे गांवों की मॉनिटरिंग जेबीवीएनएल करेगी। ऐसे में इस साल 253 गांवों के 4311 आदिम जनजातीय आवासों में सौर ऊर्जा के तहत विद्युतीकरण होगा। इसके लिए पिछले दिनों ऊर्जा विभाग की ओर से टेंडर भी जारी किया गया है। मार्च तक टेंडर फाइनल कर लिया जायेगा। जेबीवीएनएल के अनुसार आदिम जनजाति बहुल गांवों में जिन एजेंसियों को काम आवंटित किया जायेगा। संबंधित एजेंसियों की ओर से ही पांच साल गांवों में सौर ऊर्जा संबधित अन्य कार्यों का वहन किया जायेगा। इसमें सप्लाई इंस्टॉलेशन, सोलर पैनल इंस्टॉल कर शुरू करना, बिजली उत्पादन, वितरण, घरों में कनेक्टिविटी, कंट्रोल रूम संचालन समेत अन्य कार्यों की जवाबदेही होगी।

### आदिम जनजातीय गांवों का विद्युतीकरण

पीएम जन-मन योजना के तहत आदिम जनजातिय गांवों में सौर ऊर्जा के तहत विद्युतीकरण किया जाना है। योजना केंद्र सरकार की है। इसमें केंद्र सरकार की ओर से योजना संचालन के लिए अनुदान दिया जाता है। योजना का मुख्य उद्देश्य आदिम जनजातीय गांवों को चिन्हित कर समेकित विकास करना है।

---

### अमित अग्रवाल की बेल पर हाइकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने सभी पक्षों की बहस और दलील सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख किया है। बताते चलें कि रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त आइएएस छवि रंजन, चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

---

## जिलों में प्रतिनियुक्त बलों को करें वापस: आइजी अभियान

राज्य के सभी जिलों में प्रतिनियुक्त बलों को वापस करने का आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चतरा में नक्सली हमले में दो जवान शहीद होने के बाद पुलिस मुख्यालय ने राज्य के सभी जिलों में प्रतिनियुक्त बलों को वापस करने का आदेश दिया है। डीजीपी अजय कुमार सिंह के आदेश पर आईजी अभियान ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में बताया गया है कि झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों में सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिये प्रतिनियुक्त बलों को तत्काल प्रभाव से उनके प्रशिक्षण संस्थान, वाहिनी में वापस करने का आदेश दिया जाता है। बीते बुधवार को चतरा में अफीम फसल नष्ट कर लौट रहे पुलिसकर्मी पर बैरियो जंगल में नक्सलियों ने हमला कर दिया। इसमें सिकंदर सिंह और शुकन राम शहीद हो गये। वहीं 3 अन्य जवान घायल हो गये। सीएम हेमंत सोरेन से ईडी की पूछताछ के देखते हुए विधि व्यवस्था को लेकर शहीद जवान को प्रतिनियुक्ति पर चतरा में तैनात किया गया था। बताते चलें कि सीएम हेमंत सोरेन से ईडी की पूछताछ को देखते हुए राज्य में कानून-व्यवस्था न बिगड़े इसको लेकर पूरे राज्य में करीब 7,000 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। एक फरवरी को अगले आदेश तक प्रतिनियुक्ति अवधि का विस्तार दिया गया था।

---

राजधानी में डीडब्ल्यूओ का पद खाली, अधिसूचना जारी

## रांची समेत राज्य के पांच डीडब्लूओ बदले संगीता बनीं आदिवासी कल्याण की डीडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के पांच जिला कल्याण पदाधिकारी (डीडब्लूओ) बदले गये हैं। इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। रांची जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक अपने ही वेतनमान में उप निदेशक कल्याण, आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय झारखण्ड रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं, सरस्वती कच्छप प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी सिमडेगा को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक अपने ही वेतनमान में प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा के पद पर पदस्थापित किया गया है।

इसी तरह विजन उरांव प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी पाकुड़ को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक अपने ही वेतनमान में प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी दुमका के पद पर पदस्थापित किया गया है। उरांव अगले आदेश तक प्रभारी विशिष्ट पदाधिकारी पहाड़िया कल्याण दुमका के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। लक्ष्मण हरिजन अनुमण्डल कल्याण पदाधिकारी चाईबासा-अतिरिक्त प्रभार-जिला कल्याण पदाधिकारी पश्चिमी सिंहभूम एवं जिला कल्याण पदाधिकारी सरायकेला-खरसावां को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक अपने ही वेतनमान में प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी पाकुड़ के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं, नीली सरोज कुजूर, अनुमण्डल कल्याण पदाधिकारी बरही-अतिरिक्त प्रभार-जिला कल्याण पदाधिकारी कोडरमा को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक अपने ही वेतनमान में प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी बोकारो के पद पर पदस्थापित किया गया है।

---

## मनहानि के मामले में राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई हाइकोर्ट में फैसला सुरक्षित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में हाई कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अंबुज नाथ की कोर्ट में प्रतिवादी नवीन झा की ओर से बहस पुरी हो गई। इसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने प्रतिवादी नवीन झा को लिखित बहस प्रस्तुत करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। कोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में लोअर कोर्ट का रिकॉर्ड आ चुका है। नवीन झा की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, अधिवक्ता कुमार हर्ष एवं अधिवक्ता विनोद साहू ने पक्ष रखा। राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर ने पैरवी की।

**साल 2018 का है मामला** : यह मामला साल 2018 का है,दिल्ली में कांग्रेस अधिवेशन के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर निशाना सधा था। उन्होंने कहा था कि एक हत्यारा सिर्फ भाजपा में ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है, कांग्रेस में नहीं।

---

## बीसीसीएल के नए डीटी की तलाश शुरू, 5 मार्च तक आवेदन का मौका

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के नए निदेशक तकनीकी (डीटी) की तलाश शुरू हो गई है। इसके लिए लोक उद्यम चयन बोर्ड ने आवेदन मांगे हैं। लोक उद्यम चयन बोर्ड के अनुसार यह पद शिड्यूल बी का है। इसका वेतनमान 1.60 से 2.90 लाख है। यह पद 20 दिसंबर, 2023 से खाली है। इसके लिए 5 मार्च 24 तक आवेदन मांगा गया है। जारी विज्ञापन के अनुसार कोल इंडिया और सहायक कंपनी में कार्यरत अफसरों के लिए आवेदन करने की अधिकतम उम्रसीमा 58 साल है। अन्य कंपनियों के लिए यह 57 साल तय है। इस पद पर अधिकतम 5 साल के लिए नियुक्ति होगी। चयनित अफसर की उम्र 60 हो जाने पर वह रिटायर हो जाएंगे। तय समय तक आने वाले आवेदन की स्क्रूटनी के बाद आवेदकों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। इसके आधार पर बोर्ड डीटी के नाम की अनुशंसा करेगा।

---

17 फरवरी को राजभवन के समक्ष एकदिवसीय प्रदर्शन करेगी आजसू

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच की मांग

जेएसएससी के खिलाफ राज्य स्तरीय आंदोलन करेगा आजसू

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** हरमू स्थित केंद्रीय कार्यलय में आयोजित प्रेस को संबोधित करते हुए संगठन सचिव एस अली ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में बड़ी मात्रा में धांधली होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर गठित एसआईटी से आजसू पार्टी संतुष्ट नहीं है। छात्रों के हक और अधिकार के खातिर आजसू जेएसएससी के खिलाफ अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर राज्य स्तरीय आंदोलन करेगी।

इन मांगों में सीजीएल परीक्षा की जांच सीबीआई से कराने, इस परीक्षा में हुए धांधली को लेकर विरोध कर रहे निर्दोष छात्रों पर हुए प्राथमिकी को अविलंब वापस लेने, झारखंड चयन आयोग के अध्यक्ष सहित सभी अधिकारियों को बर्खास्त करने, गलत तरीके से चयनित परीक्षा एजेंसी को काली सूची में डालने एवं झारखंड नकल कानून के तहत कानूनी कार्रवाई करने की मांग मुख्य रूप से शामिल है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले में अखिल झारखंड छात्र संघ 12 फरवरी को सभी कॉलेज व विश्वविद्यालय मुख्यालय पर हस्ताक्षर अभियान, 13 फरवरी की संध्या में मशाल जुलूस और प्रदर्शन, 15 फरवरी को सभी उपायुक्त महोदय को सीबीआई जांच की मांग को लेकर पत्र और 17 फरवरी को राजभवन के समक्ष एकदिवसीय प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 6 लाख 50 हजार अभियर्थियों ने इस परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन किया था। फॉर्म भरने के लिए एसटी-एससी वर्ग के छात्रों से 50 रुपये और सामान्य वर्ग से 100 आवेदन शुल्क लिए गए थे। 28 जनवरी को हुई परीक्षा से पहले से सोशल मीडिया में प्रश्न पत्र और आंसर वायरल हो गए थे। परीक्षा की सुबह बिहार में छात्रों को जवाब याद कराते हुए भी वीडियो वायरल हुआ था। पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने विधानसभा के विशेष सत्र में झारखंड कर्मचारी आयोग के युवा विरोधी कार्यशैली और सीजीएल परीक्षा में धांधली एवं प्रश्न पत्र लीक मामले को उठाते हुए उच्च स्तरीय जांच एवं कार्यवाई की मांग की थी। उसके दूसरे दिन मुख्यमंत्री द्वारा एक अस्थायी एसआईटी का गठन कर सीजीएल परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में जांच के आदेश दिया।

प्रेस वार्ता में एस अली, हरीश कुमार, गौतम सिंह, ओम वर्मा, जब्बार अंसारी, सचिन भगत, चेतन प्रकाश, अजित सिंह, रोशन, आशुतोष मौर्य, अभिषेक शुक्ला, आशुतोष सिन्हा, दीपक दुबे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

---

रास में जम्मू कश्मीर स्थानीय कानून संशोधन विधेयक पर बोले आदित्य साहू

## पिछड़ों को संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखना कांग्रेस का मूल स्वभाव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने शुक्रवार को राज्यसभा में पिछड़ों के समर्थन में वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि पिछड़ों को संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखना कांग्रेस का स्वभाव है। कांग्रेस के कारण 65 वर्षों तक जम्मू कश्मीर के लोगों ने कांग्रेस का अत्याचार झेला। उन्होंने कहा कि झारखंड की कांग्रेस समर्थित सरकार आज भी पिछड़ों को अधिकार से कर रही वंचित है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 लगाकर कांग्रेस की सरकार ने दशकों तक पिछड़ों को आरक्षण और भारत के संविधान के तहत मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रखा। उन्होंने कहा कि जब पिछड़ा समाज से आनेवाला एक गरीब का बेटा नरेंद्र मोदी जब देश का प्रधानमंत्री बना तो पिछड़ों को अधिकार मिला।

उन्होंने कहा कि कुछ फैसले ऐसे होते हैं जो बदलाव से मिसाल बन जाते हैं। जम्मू कश्मीर विकास से दूर था लेकिन धारा 370 हटने के बाद तीन वर्षों में राज्य में 5300 करोड़ की योजनाएं चालू हुई हैं। जम्मू कश्मीर में सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज बनाया गया। 170 नये ब्रिज बने। उन्होंने कहा कि धारा 370 के कारण स्थानीय निकाय में सीटों के आरक्षण का प्रावधान नहीं था। इसके कारण लोग अपने अधिकार से वंचित रहे। उन्होंने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने की बात तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु के साथ की थी लेकिन नेहरू जी ने इसे अनसुना कर दिया। मोदी के नेतृत्व में ही भारत सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का सबका साथ, सबका विकास केवल नारा नही बल्कि हकीकत है। मोदी सरकार अपने फैसलों के माध्यम से इसे धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश के बावजूद आज तक झारखंड सरकार ट्रिपल टेस्ट नहीं करा पाई है।

सुप्रभात
रांची, शनिवार
10.02.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 208

12 अमिताभ ने रामलला के दरबार में लगायी हाजिरी

# चरण सिंह, नरसिंहा राव और स्वामीनाथन को भारत रत्न

## यह पहला मौका, जब एक साथ पांच लोगों को सम्मान की घोषणा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के बड़े किसान नेता और पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह, पूर्व पीएम पीवी नरसिंह राव और कृषि विशेषज्ञ डा एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की मंजूरी दे दी है। राष्ट्रपति सचिवालय ने शुक्रवार को यहां जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी। पीएम मोदी ने शुक्रवार को ऐलान किया कि चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हा राव और कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देने वाले एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किया जायेगा। सबसे पहले उन्होंने ट्वीट कर बताया कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जायेगा। भारत रत्न के इतिहास में यह पहला मौका है, जब एक साथ पांच लोगों को इस सम्मान से सम्मानित करने का एलान किया गया है। कुछ दिन पहले ही कर्पूरी ठाकुर और लालकृष्ण आडवाणी को इस सम्मान के लिए चुने जाने की घोषणा की गयी थी। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि पिछले कुछ सालों से किसी को भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया गया था, अभी इस बात की घोषणा नहीं हुई है कि किस शख्सियत को किस साल के लिए यह पुरस्कार दिया जा रहा है।

(शेष पेज 11 पर)

### किसान कल्याण में समर्पित रहे चरण सिंह

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में इस निर्णय को साझा करते हुए कहा , हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। वे आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे। हमारे किसान भाई-बहनों के लिए उनका समर्पण भाव और इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के लिए उनकी प्रतिबद्धता पूरे देश को प्रेरित करने वाली है।

### कृषि क्षेत्र में स्वामीनाथन ने भारत को आत्मनिर्भर बनाया

श्री मोदी ने कहा, भारत सरकार कृषि और किसानों के कल्याण में डॉ एमएस स्वामीनाथन का उल्लेखनीय योगदान है। उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। भारतीय कृषि को आधुनिक बनाने की दिशा में उत्कृष्ट प्रयास किये। उन्होंने हम एक अन्वेषक और संरक्षक के रूप में और कई छात्रों के बीच सीखने और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने वाले उनके अमूल्य काम को भी पहचानते हैं। डॉ. स्वामीनाथन के दूरदर्शी नेतृत्व ने न केवल भारतीय कृषि को बदल दिया है बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और समृद्धि भी सुनिश्चित की है।

### पीवी नरसिंह राव का आर्थिक सुधार में अहम योगदान

पीवी नरसिंह राव को भारत रत्न के लिए चुने जाने का उल्लेख करते हुए पीएम मोदी ने कहा, एक प्रतिष्ठित विद्वान और राजनेता के रूप में, श्री राव ने विभिन्न क्षमताओं में भारत की बड़े पैमाने पर सेवा की। उनका दूरदर्शी नेतृत्व भारत को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने, देश की समृद्धि और विकास के लिए एक ठोस नींव रखने में सहायक था। पीएम के रूप में श्री राव का कार्यकाल महत्वपूर्ण उपायों द्वारा चिह्नित किया गया था जिसने भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोल दिया। इससे आर्थिक विकास के एक नये युग को बढ़ावा मिला। इसके अलावा, भारत की विदेश नीति, भाषा और शिक्षा क्षेत्रों में उनका योगदान एक ऐसे नेता के रूप में उनकी बहुमुखी विरासत को रेखांकित करता है। अपनी नीतियों से उन्होंने भारत को न सिर्फ आगे बढ़ाया बल्कि इसकी सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को भी समृद्ध किया।

## न्यूज डायरी

### भानु से और चार दिन पूछताछ करेगी इडी

**रांची।** जमीन घोटाले के आरोप में भानु प्रताप प्रसाद से इडी आगे भी पूछताछ जारी रखेगी। ईडी कोर्ट ने शुक्रवार को और चार दिन की पुलिस रिमांड की अवधि बढ़ा दी है। इससे पूर्व ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में चार दिन की पुलिस रिमांड अवधि समाप्त होने पर शुक्रवार को आरोपी को पेश किया गया। पेशी के साथ ही ईडी की ओर से और सात दिनों की और पुलिस रिमांड की मांग की गई। सुनवाई के बाद अदालत ने ईडी के आवेदन को स्वीकार किया। लेकिन रिमांड की अवधि चार दिन की स्वीकृति दी। चार दिनों की पूछताछ के बाद उसे दोबारा ईडी कोर्ट में 13 फरवरी को पेश किया जायेगा। ईडी ने सेना के कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाले में बीते 13 अप्रैल को भानु प्रताप प्रसाद को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। अब बड़गाई अंचल से जुड़े जमीन घोटाले में भी रिमांड किया गया है।

### चंपई सोरेन कैबिनेट की बैठक 12 को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक सोमवार 12 फरवरी को प्रोजेक्ट भवन सचिवालय में आयोजित होगी। इस बैठक में बजट सत्र को लेकर कुछ अहम निर्णय लिये जायेंगे। इसके बाद साफ हो जायेगा कि चंपई कैबिनेट में किन्हें जगह मिलेगी और किसे नहीं। हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन को भी मंत्रिमंडल में शामिल करने की चर्चा है। विधायकों में मंत्री पद को लेकर भारी खींचतान चल रही है।

### पथुम बने वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले श्रीलंकाई

**नयी दिल्ली।** अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे मैच में श्रीलंका के 24 वर्षीय बल्लेबाज पथुम निस्सांका ने इतिहास रच दिया है। पथुम श्रीलंका की तरफ से वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले क्रिकेटर बन गये हैं। उन्होंने 139 गेंदों पर 151 की स्ट्राइक रेट से 210 रन बनाये जिसमें 20 चौके और 8 छक्के लगाये। इसी के साथ ही वनडे में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने के मामले में उन्होंने क्रिस गेल और वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।

### देवघर सड़क हादसे में छात्रा की मौत, दो गंभीर

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के कास्टर टाउन इलाके में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसे में एक छात्र की मौत हो गयी। जैप-5 की एक बस ने स्कूल जा रहे दो बहन और एक भाई को कुचल दिया। हादसे में नौवीं की एक छात्रा की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि दूसरी कक्षा में पढ़ने वाला एक छात्र और एक छात्रा घायल हो है। शहर के बड़ा बाजार निवासी राकेश कुमार की पुत्री ऋषिका मंजुल संत फ्रांसिस स्कूल में नौवीं में पढ़ती थी। वह अपने चाचा अनिकेत कुमार के पुत्र रेयांश मंजुल और पुत्री दिविशा मंजुल के साथ स्कूटी से स्कूल जा रही थी। अचानक सामने से आ रही पुलिस की एक बस ने सामने से टक्कर मार दी।

सीएम ने कोल्हान को दी अबुआ आवास की सौगात, कहा

# डबल इंजन सरकार का एक इंजन अब खराब ही रहेगा

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने शुक्रवार को यहां कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन निर्दोष हैं। उन्हें केंद्रीय एजेंसी इडी ने दुर्भावना के तहत और केंद्र सरकार के दबाव में गिरफ्तार किया है। वास्तव में झारखंड से जब से डबल इंजन की सरकार की विदाई हुई है और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनी, तब से ही भाजपा के पेट में दर्द हो रहा है। झारखंड डबल इंजन के एक इंजन की हालत तो हमलोगों ऐसी खराब कर दी कि वो कभी ठीक होनेवाला नहीं। सरकार को गिराने का उनका कोई प्रयास सफल नहीं हुआ तो उन्होंने हमारे सीएम और नेता हेमंत को ऐसे आरोप में इडी के जरिये परेशान किया, जिसका कोई सबूत भी नहीं है। बही-खाता में हेमंत बाबू का नाम नहीं है। अंततः उन्हें गिरफ्तार कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोल्याण को अबुआ आवास की सौगात देते हुए उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की बिचौलियागिरी और लापरवाही प्रकाश नहीं की जायेगी। सभी योग्य लाभुकों की स्थायी प्राथमिकता सूची बनेगी और उसी अनुरूप उन्हें आवास आवंटित किया जायेगा।

### बिचौलियागीरी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी : सीएम



### दमखम के साथ वापसी करेंगे हेमंत

सीएम चंपई सोरेन ने कहा, हम केंद्र सरकार को स्पष्ट कह देना चाहते हैं की हेमंत बाबू निर्दोष हं और वे दोगुनी दमखम के साथ वापसी करेंगे। वर्ष 2024 के चुनाव में झामुमो समेत महागठबंधन सरकार जबरदस्त प्रदर्शन कर अपनी सरकार बनायेगी। झारखंड में डबल इंजन की सरकार का एक इंजन तो हमलोगों ने पहले ही खराब कर दिया है, वह हमेशा ही खराब रहेगा और भाजपा की इस प्रदेश में किसी सूरत में वापसी नहीं होगी। मुख्यमंत्री यहां गोपाल मैदान में अबुआ आवास योजना की प्रथम किश्त की राशि लाभुकों के खाते में भेजने के अवसर पर आयोजित समारोह के बाद पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत कर रहे थे।

**हेमंत के अधूरे काम पूरा करेंगे :** चंपई सोरेन ने कहा कि सच्चाई की जीत होगी और हेमंत बाबू जोरदार वापसी करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

## हल्द्वानी हिंसा में 6 की मौत, 300 से ज्यादा जख्मी

**नैनीताल।** हल्द्वानी शहर के वनभूलपुरा में मलिक के बगीचे में गुरुवार को अवैध रूप से कब्जा कर बनाये गये मदरसे और धार्मिक स्थल तोड़ने के दौरान भारी बवाल मच गया। हिंसा में अबतक छह लोगों की मौत हो हो गयी है और सैकड़ों घायल हैं। नगर निगम और पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई से गुस्साई भीड़ ने जमकर पथराव और आगजनी कर वनभूलपुरा थाना आग के हवाले कर दिया। इस दौरान हुई फायरिंग में वनभूलपुरा क्षेत्र के 6 लोगों की मौत हो गयी। नैनीताल की डीएम वंदना सिंह ने हल्द्वानी में तत्काल कर्फ्यू लगाते हुए विकासखंड के सभी स्कूल शुक्रवार को बंद रखने के आदेश दे दिए हैं। रात 9 बजे के बाद शहर की इंटरनेट सेवा भी बंद कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार बड़ी साजिश के तहत पुलिस पर किया हमला किया गया। ववाल करनेवालों ने पहले से ही छत पर पत्थर और पेट्रोल बम बना कर रखे थे। डीएम ने कहा है कि हिंसा बड़ी साजिश के तहत की गयी थी।

# जमीन विवाद में दो भाई और भतीजे की हत्या

### तीन गिफ्तार, टांगी के प्रहार से तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिसई।** गुमला जिले के सिसई में जमीन विवाद में तीन लोगों को कुल्हाड़ी से काट कर हत्या कर दी गयी। चौथा भी गंभीर रूप से घायल है। पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पोटरो सकरौली गांव में जमीन विवाद व खेत में गिरे सूखे पेड़ की लकड़ी को लेकर एक ही परिवार के तीन लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गयी।

खबर के अनुसार मृतक के ही छोटे भाई ननकु साहु और उसके दो पुत्र ससेंद्र साहु व शिव कुमार साहु ने मिलकर घटना को अंजाम दिया। मृतकों में नागेश्वर साहु (70) उसका 26 वर्षीय पुत्र पवन साहु (26) और छोटा भाई सुंदर साहु उर्फ मुन्ना (63) शमिल हैं। सुंदर साहु का पुत्र विकास साहु (31) गंभीर रूप से घायल है। तीनों भाईयों में पैतृक जमीन बंटवारे को लेकर पूर्व से ही झगड़ा था। शुक्रवार को नागेश्वर साहु अपने भाई सुंदर साहू व पुत्र और घटना को अंजाम देने वाले छोटे भाई और उनका पुत्र खेत में जेसीबी से आरकेडी कंपानी के द्वारा किये जा रहे मिट्टी उठाव के दौरान जुटे थे। इसी दौरान एक पेड़ गिर गया हुआ था। पेड़ के बंटवारें को लेकर विवाद सभी भाईयों व उनके पुत्रों के बीच होने लगा। विवाद इतना गहरा गया की हाथापाई में उतर आये। दोनों ओर से तेजधार हथियार से हमला आरंभ हुआ। इस दौरान मृतक नागेश्वर साहु, उसका पुत्र पवन साहु, मंझला भाई सुंदर साहु व उसका पुत्र विकास साहु वहां से भागने लगे। उन्हें भागता देख छोटा भाई ननकु साहु अपने दो पुत्रों ससेंद्र साहु व शिव कुमार साहु उर्फ पप्पु के साथ मिलकर टांगी से भाग रहे परिवार के सदस्यों पर जानलेवा हमला करना शुरू कर दिया।

(शेष पेज 11 पर)

# राबड़ी देवी, मीसा, हेमा और हृदयानंद को अंतरिम जमानत

### (लैंड फॉर जॉब)

एजेंसी



**पटना।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी और उनकी बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव को 28 फरवरी तक अंतरिम जमानत दे दी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुनवाई के बाद यह फैसला दिया।

राउज एवेन्यू के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने 27 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पहली चार्जशीट पर संज्ञान लेने के बाद उन्हें और अन्य को समन जारी किया था और उन्हें 9 फरवरी को अदालत में शारीरिक रूप से पेश होने के लिए कहा था। शुक्रवार को, ईडी ने कहा कि उसे अपनी नियमित जमानत याचिका पर दलीलें दाखिल करने के लिए समय चाहिए, इसके बाद न्यायाधीश ने तीनों को राहत दी। न्यायाधीश ने उन्हें एक-एक लाख रुपये के जमानत बांड पर राहत की अनुमति दी। (शेष पेज 11 पर)

# विनोद सिंह ने इडी के समक्ष उगले कई राज

### अभिषेक सिन्हा पिंटू से भी पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के करीबी विनोद सिंह से शुक्रवार को एक बार फिर इडी ने घंटों पूछताछ की। जांच टीम ने हेमंत सोरेन के साथ उसकी व्हाट्सएप चैटिंग का 539 पन्नों का रिकॉर्ड निकाला है। इस चैटिंग में अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए मोटी रकम के ऑफर से लेकर कई तरह के डील से जुड़े ब्योरे हैं। इडी विनोद सिंह से जानना चाह रही है कि उसने हेमंत सोरेन को व्हाटसएप के जरिये जो मेसेज भेजे थे, उसपर उन्होंने क्या कहना है। अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए उसने जो सिफारिश की थी, उसका क्या नतीजा निकला था। इसके एवज में उसे कितनी रकम मिली और यह रकम किस-किस तक पहुंची। विनोद सिंह व्हाट्सएप पर झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की परीक्षा के अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड सहित कई तरह के दस्तावेज भी शेयर किये गये हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन से भी उनका मोबाइल मांगा था, लेकिन उन्होंने इसे देने से इनकार कर दिया। इडी, शुक्रवार को विनोद कुमार सिंह से रांची स्थित जोनल ऑफिस में पूछताछ कर रही है। (शेष पेज 11 पर)

# हेमंत मामले में इडी ने दाखिल किया जवाब

### हाइकोर्ट में अगली सुनवाई 12 को

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी मामले में प्रवर्तन निदेशालय के अधिवक्ता ने झारखंड हाईकोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया है। इसपर 12 फरवरी को सुनवाई होगी। हालांकि अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ईडी ने गिरफ्तारी की क्या वजह बतायी है। अनुमान है कि जवाब में वहीं बातें होंगी, जिन्हें ईडी ने हेमंत सोरेन को रिमांड पर लेने के लिए पीएमएलए कोर्ट में पेश किया था। दरअसल इडी की टीम ने 31 जनवरी को हेमंत सोरेन को कस्टडी में ले लिया था। कस्टडी में लिए जाने से पहले ही उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर गिरफ्तारी की आशंका जता दी थी। उन्होंने अदालत से आग्रह किया था कि पूछताछ के दौरान उनके खिलाफ कोई भी पीड़क कार्रवाई ना हो, लेकिन 1 फरवरी को यह कहते हुए हाईकोर्ट से समय मांगा गया कि उनकी गिरफ्तारी हो चुकी है और उन्होंने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। यह कहते हुए याचिका वापस लेने के लिए याचिका दायर करने पर इडी ने आपत्ति जताते हुए जवाब दाखिल करने का आग्रह किया था।

(शेष पेज 11 पर)

### हेमंत सोरेने की याचिका में क्या है

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से हाईकोर्ट को बताया गया है कि उनके खिलाफ ईडी के अधिकारी वैसी शक्तियों का इस्तेमाल कर रहे हैं जो पीएमएलए में है ही नहीं। उनका कहना है कि लोकसभा चुनाव नजदीक होने की वजह से उनको टारगेट किया गया है। पहली बार ईडी को 2 फरवरी से 6 फरवरी तक यानी पांच दिन का रिमांड मिला था, लेकिन ईडी ने 6 फरवरी को पेश कर दोबारो पांच दिन के लिए रिमांड पर ले लिया है। अब उनकी पेशी 11 फरवरी को होगी। तब यह तथ्य सामने आयेगा कि ईडी फिर रिमांड मांगेगी या हेमंत न्यायिक हिरासत में होटवार जेल भेज दिये जायेंगे।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# यूपीए सरकार रह जाती तो भगवाने ही जाने क्या होता : सीतारमण

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि यूपीए सरकार के वर्ष 2004 से 2014 के बीच के कार्यकाल के दौरान देश की अर्थव्यवस्था की हालत बदतर कर दी गयी थी और यदि वही सरकार बनी रहती तो ईश्वर ही जाने देश का क्या हाल होता। बैंकों से खिलवाड़ किया गया। अनाप-शनाप कर्ज बांटे गये। वित्तमंत्री ने भारतीय अर्थव्यवस्था की 2004 से 2024 की अवधि की दो गठबंधनों की सरकारों के समय की तुलनात्मक स्थिति पर प्रस्तुत श्वेतपत्र पर सदन में चर्चा की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण दस्तावेज है और इसे गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2010 के नयी दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों में करोड़ों रुपये का घोटाला हुआ, जिससे भारत पूरी दुनिया में बदनाम हुआ। इसके विपरीत पीएम मोदी ने जी20 सम्मेलन पूरे देश को साथ लेकर इतने बेहतर तरीके से संपन्न करवाया कि भारत का पूरी दुनिया में सम्मान बढ़ा। उक्त मंत्री ने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में कोयला घोटाले से देश का भारी नुकसान हुआ। गुटखा बनाने वाली कंपनियों के मालिकों तक को कोयला ब्लॉक के लाइसेंस दिये गये थे। कोयला खदान आवंटन घोटाला इतना बड़ा था कि उच्चतम न्यायालय को ऐसे 214 लाइसेंस रद्द करने पड़े।

(शेष पेज 11 पर)

### आज कुछ बड़ा होगा, भाजपा ने ह्विप जारी किया

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने अपने सभी सांसदों को ह्विप जारी कर सदन में 10 फरवरी को उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। संसद का बजट सत्र 10 फरवरी को समाप्त हो रहा है। पहले सत्र 9 फरवरी तक ही चलने वाला था। ऐसे में संसद में बजट सत्र के आखिरी दिन कुछ बड़ा होने की अटकलें तेज हैं। पीएम मोदी सत्र के आखिरी दिन शनिवार को लोकसभा में भाषण दे सकते हैं। राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने राज्यसभा के पार्टी सांसदों को कल राज्यसभा में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का ह्विप जारी किया है। वहीं लोकसभा सांसदों को भी ह्विप जारी कर सदन में मौजूद रहने का निर्देश दिया है। इस बात को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। सांसदों को सूचना दी जाती है कि अति महत्वपूर्ण विधायी कार्य चर्चा और पारित करने के लिए शनिवार को सदन में लाये जायेंगे। इसलिए सभी सांसद 10 फरवरी को सारे दिन पूरे समय सदन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर सरकार के पक्ष का समर्थन करें।



# प्रशिक्षु डीएसपी के अव्यवहारिक निर्देश के कारण मुठभेड़ में शहीद हुआ जवानः डॉ शशिभूषण

## विधायक ने डीजीपी से प्रशिक्षु डीएसपी को सेवा मुक्त करने की मांग की, शहीद जवान के परिजनों से मिलकर विधायक ने बंधाया ढांढस

खबर मन्त्र संवाददाता

**तरहसी पलामू।** तरहसी थाना क्षेत्र के ओझा पतरा गांव के सुकन पासवान चतरा जिला के जोरी थाना के बोरियो जंगल में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हो गया। जवान सुकन पासवान की शहीद होने की खबर मिलते ही पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता जवान के परिजनों से मिलकर दु:ख की घड़ी में ढ़ाढस बंधाया। विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि मुठभेड़ की घटना प्रशिक्षु डीएसपी वसीम रजा के अव्यवहारिक निर्देश के कारण हुआ है। बोरिया इलाका उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद थाना प्रभारी द्वारा बिना पूरी तैयारी के लाठी लेकर जवानो को पोस्ता खेती नष्ट करने के लिए भेज भेज दिया गया । विधायक ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि थाना प्रभारी के संरक्षण में ही पोस्ता की खेती होती है। प्रशिक्षु डीएसपी द्वारा जानबुझ कर बाजबरन जवानो को बिना पुरी तैयारी के भेजा गया। विधायक ने कहा कि यह जांच का विषय है कि जवानों को लाठी लेकर जाने की सूचना आखिर उग्रवादियों को कैसे मिली। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। विधायक कहा कि वर्तमान सरकार में उग्रवादियों अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है। बराबर कुछ न कुछ घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। लेकिन सरकार में इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहीं हैं। भाजपा सरकार के दौरान उग्रवादियों का उन्मूलन हो गया था। जैसे ही हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी उग्रवादियों व अपराधियों ने पुन: फन फैलाते हुए घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया है। विधायक ने सरकार से शहीद जवान सुकन के परिजनों को 5 करोड़ रुपए नगद एवं सरकारी नौकरी देने की मांग की है। इसके साथ ही विधायक ने डीजीपी से प्रशिक्षु डीएसपी सहित अन्य दोषी पुलिस पदाधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करते हुए सेवामुक्त करने का मांग किया है।



परिजनों से मिलते विधायक

# सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी एक-एक बूथ को देखेंगे : महामंत्री मनोज सिंह

## केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचायें कार्यकर्ता : जिलाध्यक्ष अमित तिवारी

### भाजपा के जिला पदाधिकारियों की हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक जिला कार्यालय में आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने की और संचालन पार्टी के जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह मौजूद थे। बैठक में जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि चलो गांव की ओर अभियान को लेकर के यह जो बैठक आहूत की गई है। इसका उद्देश्य यह है कि हम गांव-गांव जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का बखान करें। आम जनमानस में इसका कैसा प्रभाव है उसका भी अवलोकन करना है। साथ ही साथ जिन-जिन लाभार्थियों ने योजनाओं का लाभ उठाया है उनका प्रधानमंत्री जी के प्रति क्या सोच है इसका भी मूल्यांकन करें, ताकि आने वाले समय में हमें पार्टी के द्वारा प्रदत कार्य को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने में सहूलियत हो।

वहीं प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह जी ने कहा कि यह जो कार्यक्रम है व सभी कार्यकताओं व पदाधिकारीयों को बूथों पर जाकर के करना है। हर एक कार्यकर्ता पदाधिकारी एक-एक बूथ को देखेंगे और वहां के जनमानस से प्रधानमंत्री जी के प्रति सोच को समझने का प्रयास करेंगे ताकि आने वाले समय में हम लोग मिल करके चुनाव की तैयारी कर सकें। जो योजनाएं चलाई जा रही है उनका सत प्रतिशत लाभ लाभुकों को मिल रहा है कि नहीं इस बात की भी जानकारी प्राप्त करेंगे। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष विजया नंद पाठक ने कहा कि हम सभी आज से ही इस कार्य में लग जाएं क्योंकि इस कार्य को करने के लिए ज्यादा समय नहीं है यह 11 तारीख को ही इन सारे कार्यों को कर लेना है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि कार्यकर्ताओं के परीक्षा का समय आ गया है। आने वाले एक से डेढ़ महीने के अंदर चुनाव होने वाले हैं। सभी कार्यकर्ता अपने कार्यों के प्रति सजग रहे हैं। वहीं पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र पांडे ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने फील्ड में निरंतर रूप से फील्डर की भांति कार्य करें और अपनी पार्टी के द्वारा जो कार्य दिया गया है उसे सुचारू रूप से करें।

मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य अजय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद गुप्ता, सुनील पासवान, अरविंद सिंह, रूपा सिंह, रेणु देवी, लवली गुप्ता, मंजू गुप्ता, नवेंदु मिश्र, सोमेश सिंह, सीटू गुप्ता, ज्योति पांडे, दीपक दुबे, शिवकुमार मिश्र, स्वेतांक गर्ग, जितेंद्र तिवारी, ममता भुइयाँ, विजय ठाकुर, अमर मिश्रा, शुभग तिवारी, भोला सिंह, जय दुबे, मनोज विश्वकर्मा, पंकज शर्मा समेत भारतीय जनता पार्टी के लगभग सभी मंडल अध्यक्ष और मंडल प्रभारी भी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन जिला मीडिया सह प्रभारी मिश्रा ने किया।

# सीएम चंपई सोरेन आज पहुंचेंगे पलामू, जिला पाइपलाइन सिंचाई योजना का करेंगे शिलान्यास

## मुख्यमंत्री के परिभ्रमण को लेकर उपायुक्त ने की पदाधिकारियों संग बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन शनिवार को पलामू पहुंचेंगे। सीएम द्वारा पलामू पाईप लाईन सिंचाई योजना का उदघाटन किया जायेगा। इधर मुख्यमंत्री के पलामू परिभ्रमण को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को कई निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम स्थल शिवाजी मैदान से हवाई अड्डा तक विधि व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने का निदेश दिया.उपायुक्त ने कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपते हुए ईमानदारी पूर्वक दायित्व निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरती जाए,यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन,उप विकास आयुक्त रवि आनंद,नगर आयुक्त जावेद हुसैन,अपर समाहर्ता समेत अन्य जिले के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

**सीएम 456.6261 करोड़ रुपए की सिंचाई योजना करेंगे शिलान्यास, विभिन्न प्रखण्डो के 96 गांव होंगे लाभान्वित :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन शनिवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर पलामू आएंगे। वे शिवाजी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में 456.6261 करोड़ रुपए की पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना का शिलान्यास करेंगे। पलामू जिला में भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से विभिन्न जलाशयों/जल निकायों में आवश्यकतानुसार पेयजल एवं सिंचाई जल उपलब्ध कराने के निमित्त पलामू पाइपलाइन सिचाई योजना की रूपरेखा तैयार की गई है। इस योजना के अंतर्गत पैकेज वन के तहत उत्तरी कोयल से रानीताल डैम,टेमराईन डैम, बुटनडूबा डैम और पाइपलाइन के मार्ग में पड़ने वाले अन्य छोटे बड़े जलाशय में पानी भेजा जाएगा। वहीं औरंगा नदी से मलय डैम, पोस्तिया नाला डैम, पनघटवा डैम, कचहडवाटांड डैम, कुण्डलवा डैम, वाहेरवधवा नाला डैम में पानी भरा जाएगा। पैकेज टू के तहत सोन नदी से बतरे डैम, धनकई डैम, ताली डैम, सूखनदिया डैम, करमाकलन डैम और पाइपलाइन के मार्ग पड़ने वाले अन्य छोटे- बड़े जलाशय में पानी भेजा जाएगा। पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना से चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज प्रखंड के कुल 96 गांव लाभान्वित होंगे।

### पिछडा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच की बैठक सम्पन्न

**तरहसी पलामू।** पांकी प्रखंड के बांदुबार मे पूर्व मंत्री मधु सिंह के घर पर पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच की बैठक हुई। जिसमें आगामी 11 फरवरी को हाउसिंग कॉलोनी मैदान में होने वाले पिछड़ा वर्ग प्रमंडलीय महासम्मेलन को लेकर चर्चा की गई। माके पर पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि 11 फरवरी को होने वाले प्रमंडलीय महासम्मेलन में पिछड़ा वर्ग की एकता दिखनी चाहिए जिसमें लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। उन्होंने कहा आज के समय में हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़ना पड़ता है।

### ममता ने दीवार लेखन कर भाजपा से जुड़ने की अपील किया

**मेदिनीनगर।** भाजपा द्वारा पूरे देश में बुथ स्तर तक केन्द्र सरकार का स्लोगन एवं भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल फुल का दीवार लेखन किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पलामू लोकसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी ममता भुईयां ने पोलपोल में दीवार लेखन कर लोगों को भाजपा से जुड़ने की अपील की। युवा भाजपा नेत्री ममता भुईयां ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्य कुशलता के कारण आज भारत का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष लखन चौधरी, मुखिया नंदू चौधरी, वीरेंद्र साव, अखिलेश महतो, सरिता देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ओबीसी एकता अधिकार मंच का विशाल जनसभा आज

# हक व अधिकार पाने के लिए एकता दिखायेगा ओबीसी समाज : ब्रह्मदेव

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच के संयोजक मंडल ब्रह्मदेव प्रसाद के द्वारा शहर के हाउसिंग कॉलोनी मैदान में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। आगामी 11 फरवरी को होने वाले बैरिया चौक हाउसिंग कॉलोनी मैदान में विशाल जनसभा के बारे में अवगत कराया गया। श्री प्रसाद ने कहा कि 11 फरवरी को पलामू के ओबीसी के लोग इतिहास लिखेंगे, पिछड़ों का आवाज पूरे देश में फैल जाएगा। झारखंड में जब तक जातीय जनगणना नहीं होती है और जातीय जनगणना के अनुसार जिसकी ज्यादा संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी के आधार पर आरक्षण नहीं मिलता है तब तक हम यह लड़ाई लड़ते रहेंगे। मौके पर राज नारायण पटेल ने कहा कि तत्काल में 27 प्रतिशत आरक्षण एवं 52% आरक्षण की लड़ाई हम लड़ रहे हैं जिसमें हमारी 11 सूत्री मांग जो है वह सभी राजनीतिक पार्टियों के चुनावी मेनिफेस्टो में होनी चाहिए नहीं तो सत्ता में बैठेंगे हुक्मरानों का सत्ता परिवर्तन में देर नहीं लगेगी। शैलेश चंद्रवंशी ने कहा कि पलामू प्रमंडल में 33 लाख लोग ओबीसी है सिर्फ 5% लोग भी अगर आ जाएंगे तो राज्य से लेकर केंद्र तक बात पहुंच जाएगी। रवि पाल ने कहा कि ओबीसी भाई और बहनों को अब जाग कर अपने हक अपने अधिकार को सरकार के समक्ष रखना होगा और जाति के अनुपात में आरक्षण की मांग करनी होगी वर्तमान सत्ताधारी राजनीतिक प्रक्रिया के कारण पिछड़े वर्ग को अपने-अपने जातियों के खेमे में बताकर उसका राजनीतिक फायदा उठा रहे हैं जिसके कारण एक जूटता नहीं बन पा रही है। प्रेस वार्ता में मुस्तकीम अंसारी, मुकेश मेहता ने कहा कि ओबीसी वर्ग के व्यापारियों एवं बेरोजगारों को बिना ब्याज का 10 लख रुपए ऋण उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी होना चाहिए। जिसे लेकर सरकार अन्याय कर रही है बल्कि इसके ठीक विपरीत जमीन संबंधित विवादित एवं हत्या को लेकर ओबीसी समाज में भय बना हुआ है। टाइगर रोशन मेहता ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मंच के पदाधिकारियों ने ओबीसी समाज के लोगों से आह्वान किया कि पलामू प्रमंडल के सभी ओबीसी परिवार काफी संख्या में हाउसिंग कॉलोनी मैदान में 11 फरवरी दिन रविवार को उपस्थित होकर अपने हिस्सेदारी व्यक्त करें।

## स्पीड न्यूज

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में फ्लैग ऑफ सेरेमनी का आयोजन





**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में फ्लैग ऑफ सेरेमनी का आयोजन किया गया। प्रात: कालीन प्रार्थना सभा के उपरान्त बेहतर कक्षा कप्तान की घोषणा के साथ प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। बेहतर कक्षा मॉनिटर हेतु कक्षा चतुर्थ से अक्सा नाज एवं अनमोल सिद्धार्थ, षष्टम से अन्वेषा पाण्डे, सप्तम से तनु कुमारी, अष्टम से जिया चन्द्रा, नवम से उन्नति कश्यप एवं कक्षा ग्यारहवीं से पूजा भारती को पुरस्कार दिया गया। उसके बाद कक्षा पाँचवीं स, छटवीं ब, आठवीं ब तथा नवमी ब को बेहतर कक्षा के रुप में पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वार्षिक गतिविधियों के आधार पर चारों सदनों में विभाजित कर प्रतियौगिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इस आधार पर इलियट सदन सर्वाधिक 3188 अंकों के साथ विजेता बनी जबकि बायरन सदन 3062 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही। कीट्स सदन 2813 अंकों के साथ तृतीय व 2265 अंको के साथ शेक्सपियर सदन चतुर्थ स्थान पर रहे। उन्होंने आगे कहा कि सभी के लिए निरपेक्षता व एकता की भावना आवश्यक होती है। इसी भावना द्वारा सदन के कार्यों में गुणवत्ता आती है साथ ही भाईचारें की भावना का भी संचार होता है। आगामी सत्र में सभी सदन अपनी कार्यशैली को बेहतर बनाकर अपना स्थान सुनिश्चित कर सकेंगे। विजेता व उपविजेता सदन के शिक्षक, शिक्षिकाएँ, पदाधिकारियों व छात्रों को बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी। सदन के नवीन पदाधिकारी निर्वाचित होने तक कार्यवाहक सदन-सदस्य सक्रिय रहेंगे।

### 94% छात्र युवाओं ने मोदी सरकार को माना शिक्षा-रोजगार विरोधी



**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंटस एसोसिएशन आइसा के द्वारा पिछले दो महीना से मोदी सरकार का 10 साल यंग इंडिया के 10 सवाल, जुमला नहीं जवाब दो 10 साल का हिसाब दो के राष्ट्रीय अभियान चल रहा था। इसी अभियान को आगे बढ़ते हुए देश भर के 50 से ज्यादा विश्वविद्यालय में 7 से 9 फरवरी तक यंग इंडिया रेफरेंडम आयोजित हुआ है । यह रेफरेंडम छात्र युवाओ के मुद्दों पर हो रहा है । रेफरेंडम में तीन सवाल था। जो शिक्षा और रोजगार से जुड़ा हुआ है। जो इस प्रकार है। क्या हर साल हो रही बेताहाशा फीस वृद्धि छात्र-छात्राओं के लिए सही है? क्या मोदी सरकार ने हर जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल और छात्रवृत्ति की पर्याप्त व्यवस्था की है? क्या मोदी सरकार ने अपने हर साल 2 करोड़ रोजगार देने का वादा पूरा किया है? जिसे हां और नहीं में जनमत संग्रह करना था। इसी अभियान के तहत नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज गेट पर रेफरेंडम कार्यक्रम आयोजित की गई। रेफरेंडम कार्यक्रम में छात्र युवाओ की भागीदारी अधिक देखी गई। आज छात्र छात्राओं के बीच गिना गया कुल वोट का 94 प्रतिशत छात्र युवाओं ने मोदी सरकार को शिक्षा रोजगार विरोधी माना है। वही 3 तीन प्रतिशत छात्र युवा मोदी सरकार के पक्ष में दिए है और 3 प्रतिशत नही पता में दिए है। मौके पर आइसा राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ ने कहा कि छात्र युवाओं के मुद्दों पर यंग इंडिया जनमत संग्रह कर छात्र युवाओं का मुद्दा 2024 के चुनाव में तय हो इस लिहाज से यह जनमत संग्रह किया था। जनमत संग्रह से स्पष्ट हो गया कि देश में छात्र युवा शिक्षा रोजगार चाहती है। शिक्षा रोजगार स्वास्थ्य के मुद्दे पर इस बार छात्र युवा चुनाव में भाग लेगी।

### शिक्षकों को दी गई विद्यालय स्वच्छता व स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय रेवारातू के प्रशाल में गुरुवार को क्षेत्र के शिक्षकों को विद्यालय स्वच्छता एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम के संबंध में आकाश कुमार ने जानकारी दी। वहीं विद्यालय में इको क्लब बनाने हेतु जानकारी भी दी गई। प्रखंड साधन सेवी चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि सभी विद्यालयों इको क्लब का गठन करना है । बाल संसद के पर्यावरण मंत्री को इको क्लब का सचिव, संरक्षक विद्यालय के प्रधानाध्यापक तथा विद्यालय एक शिक्षक अध्यक्ष होंगे। इको क्लब को विद्यालय में स्वच्छता तथा पर्यावरण पर कार्य करना है। इको क्लब का बैठक प्रत्येक महीने होगी। वहीं बीपीओ डॉक्टर मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि सभी बच्चों तथा शिक्षकों की उपस्थिति ईविद्या वाहिनी पर प्रतिदिन उपस्थिति बनाना सुनिश्चित करें अन्यथा कारवाई के लिए प्रधानाध्यापक तैयार रहें।

## खबर एक नजर में

### नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकला भव्य कलश शोभा यात्रा





कलश में जल भरते श्रद्धालु और रथ पर सजा रामदरबार।

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में नवनिर्मित हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा की शुरूआत मंदिर प्रांगण से हुई। कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए रेहला कोयल नदी पहुंचा। जांच वैदिक मंत्रों चरणों के बीच कलश में जल भरा गया। शोभा यात्रा मे शामिल श्रद्धालु सिर पर कलश पर लेकर वापस मंदिर प्रांगण पहुंचें। जहां विधि विधान और राम नाम के जयघोष के बीच कलश की स्थापना हुई। कलश स्थापना के साथ ही तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ शुरू हो गया जो रविवार को महाभंडारे के साथ संपन्न होगा। शोभा यात्रा मे रथ पर सजा रामदरबार की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा हनुमान जी बने बाल कलाकारों ने भी लोगों को प्रभावित किया। कलश शोभा यात्रा में कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, प्रो. नंदलाल शुक्ला, निवर्तमान वार्ड पार्षद दिनेश शुक्ला, रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष आलोक शुक्ला, रामाश्रय शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, श्यामलाल शुक्ला, मिथलेश चौबे, प्रभात रंजन दुबे, विकी शुक्ला, चंचल शुक्ला, नीरज शुक्ला, विगण शुक्ला, श्रवण दुबे, उदय कांत दुबे, ओम प्रकाश शुक्ला, रामदास शुक्ला, अशोक शुक्ला, पवन शुक्ला, गंगेश्वर शुक्ला, दीपक तिवारी, अवनीश दुबे, शुभम शुक्ला सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ शिव हनुमत मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान



खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना परिसर में नवनिर्मित मंदिर में शिव तथा हनुमानजी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दौरान शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह, पूर्व थाना प्रभारी सूरज चैल, एसआई अभय आनंद सहित पिपरा थाना के दर्जनों पुलिस कर्मियों तथा आस पास के सैकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं , पुरुष, किशोर, किशोरी, बच्चे सभी पूरे जोश एवं उत्साह के साथ जय श्री राम का नारा लगा रहे थे। पिपरा थाना परिसर से शुरू होकर कलश यात्रा पुनपुन उद्गम पहुंची। जहां श्रद्धालुओं ने पुनपुन उद्गम स्थल से जल कलश भर कर वापस थाना परिसर लौटे। जहां नवनिर्मित मंदिर में स्थापित किया गया।

बाद में मंदिर में मूर्ति की स्थापना करने के बाद विधिवत पूजा पाठ किया गया। मालूम हो कि थाना परिसर में मंदिर निर्माण कराने तथा प्राण प्रतिष्ठा समारोह को सफल बनाने में स्थानीय पुलिस पदाधिकारियों तथा जवानों का भरपूर योगदान है।

### दीवार लेखन कार्यक्रम आयोजित

**सतबरवा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कमेटी के आदेशानुसार सभी बुथों पर गांव चलो अभियान के तहत सतबरवा मंडल में दीवार लेखन कार्यक्रम गुरुवार को किया गया। मंडल अध्यक्ष बिजय पाठक ने बताया कि सतबरवा मंडल के तीनों विधानसभाओं के प्रत्येक बुथों पर दीवार लेखन, प्रवासी सभी बुथों पर बुथ अध्यक्षों एवं कमिटी, पन्ना प्रमुखों को लेकर घर घर जाकर एक बार फिर से मोदी सरकार का अलख जगायेंगे।

# अबुआ आवास योजना में बिचौलियों और लापरवाह अफसरों की खैर नहीं : मुख्यमंत्री

## सीएम चम्पाई सोरेन कोल्हान के 24,827 लाभुकों को दिया स्वीकृति पत्र, बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 74 करोड़ 48 हजार का किया हस्तांतरण

### आदिवासियों-मूलवासियों, गरीबों और जरूरतमंदों के साथ खड़ी है सरकार



जमशेदपुर में आबुआ आवास के लाभुकों के बैंक खाते में पहली किश्त भेजते सीएम चंपई सोरेन। साथ में पूर्वी सिंहभूम के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री।



एक लाभुक को अबुआ आवास की पहली किश्त सौंपते सीएम चंपई सोरेन। साथ में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक बन्ना गुप्ता, जोबा मांझी, सबिता महतो, मंगल कालिंदी व अ न्य।



गोपाल मैदान में लाभुकों को संबोधित करते मुख्यमंत्री चंपई सोरेन।



महिला लाभुकों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री चंपई सोरेन।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य के हर गरीब का अपना आशियाना होगा। कोई भी व्यक्ति आवास विहीन नहीं रहेगा। राज्य सरकार चरणबद्ध तरीके से सभी जरूरतमंदों को तीन कमरे का सुसज्जित पक्का मकान उपलब्ध कराने की शुरूआत कर दी है।

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज जमशेदपुर के गोपाल मैदान में कोल्हान प्रमंडल स्तरीय अबुआ आवास योजना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने इस योजना के पहले चरण के लिए चयनित 24 हजार 827 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान करने के साथ उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 74 करोड़ 48 हजार रुपए हस्तांतरित किया। विदित हो कि कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला- खरसावां जिले में अबुआ आवास योजना के लिए 1 लाख 92 हजार 624 लाभुक चिन्हित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अबुआ आवास योजना में किसी भी प्रकार की बिचौलियागिरी और लापरवाही प्रकाश नहीं की जाएगी। सभी योग्य लाभुकों की स्थायी प्राथमिकता सूची बनेगी और उसी अनुरूप उन्हें आवास आवंटित किया जाएगा। इसमें अगर कोई भी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

**हेमंत सोरेन के झारखंड को संवारने का संकल्प पूरा करेंगे :** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन जी अपने कुशल नेतृत्व से झारखंड को संवारने का काम कर रहे थे। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में भी उन्होंने झारखंड की व्यवस्था को अव्यवस्थित होने नहीं दिया। मजदूरों को हवाई जहाज से वापस लाने का काम किया। सभी के जीवन और जीविका की व्यवस्था की। हमारी सरकार उनके संकल्प, सोच, नीति, योजना, मिशन और विजन के अनुरूप कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में सरकार गांव से चल रही है। आपकी योजना -आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के जरिए सरकार घर-घर तक पहुंची और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम हुआ। आज डीसी और एसपी से लेकर बीडीओ-सीओ आपके दरवाजे पर पहुंचकर पूरी संवेदनशीलता के साथ आपकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। यह सिलसिला आगे लगातार जारी रहेगा।

**एक-एक व्यक्ति को हक-अधिकार और न्याय मिलेगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार आपकी है। एक-एक व्यक्ति को पूरे मान सम्मान के साथ उसका हक अधिकार देंगे । किसी के साथ कोई शोषण और अन्याय नहीं होगा। यहां हर किसी को न्याय मिलेगा। इसके साथ ही सरकार हर परिस्थिति में आदिवासियों-मूलवासियों, गरीबों और जरूरतमंदों के साथ खड़ी रहेगी, यह हमारा वादा है ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी क्षेत्र के विकास के लिए सरकार संकल्पित है। यहां के खनिज संसाधन से पूरा देश जगमग करता है, उन खनिज संसाधनों का अब इस राज्य के हित में सदुपयोग होगा। औद्योगिक विकास के लिए औद्योगिक क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जाएगा। सभी पुरानी सड़कों का मरम्मत किया जाएगा। अस्पतालों की व्यवस्था दुरुस्त करने की पहल शुरू कर दी गई है। हर खेत में सालों भर पानी पहुंचाने के लिए सिंचाई परियोजनाओं को पूरा किया जा रहा है। ताकि, किसान सालों भर खेती कर अपनी आय बढ़ाकर खुद को सशक्त बना सकें। अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के साथ महिलाओं को भी अब पेंशन योजना का लाभ देने का निर्णय सरकार ने लिया है। इस बाबत लाभुकों को चयनित करने के लिए पंचायत से अभियान की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यूनिवर्सल पेंशन स्कीम की वजह से आज कोई पेंशन से अछूता नहीं है। हर घर में पेंशन पहुंच रहा है, जिसकी वजह से बड़े बुजुर्गों को आर्थिक रूप से किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है।

**गरीब बच्चे भी निजी स्कूलों की तरह प्राप्त कर रहे शिक्षा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा की बेहतरी के लिए सरकार लगातार काम करती आ रही है। बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिले, इसके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में गरीब बच्चों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर इंग्लिश मीडियम में शिक्षा दी जा रही है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के जरिए छात्राओं को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। हमारे राज्य के बच्चे- बच्चियां इंजीनियर डॉक्टर और अफसर बन सकें, इसके लिए उन्हें प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए आर्थिक मदद की जा रही है । अब 12वीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड दिया जाएगा, ताकि आगे की शिक्षा प्राप्त करने में उन्हें किसी भी प्रकार की आर्थिक तंगी नहीं हो। इसके अलावा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक आप पिछड़ा वर्ग के बच्चों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए सरकार शत- प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है।

कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री, विधायक और अधिकारीगण

इस अवसर पर मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक श्रीमती जोबा मांझी, श्री बन्ना गुप्ता, श्री दीपक बिरूवा, श्री निरल पूर्ति, श्री सुखराम उरांव, श्रीमती सविता महतो, श्री समीर कुमार मोहंती, श्री दशरथ गागराई, श्री मंगल कालिंदी, श्री संजीव सरदार, श्री सोनाराम सिंकू, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्रीहिदायतुल्लाह खान, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त मनोज कुमार एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक तथा पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिला के उपायुक्त क्रमशः मंजूनाथ भज न्त्री, अनन्य मित्तल और रविशंकर शुक्ला, डीडीसी मनीष कुमार, जमशेदपुर के एसएसपी किशोर कौशल, एसडीओ पियूष सिन्हा, सिटी एसपी मुकेश लुणावत, सरायकेला के एसपी डा विमल कुमार, पुलिस अधीक्षक समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

---

सामुदायिक उच्च विद्यालय, बारेगोड़ा से सेवानिवृत हुए शिक्षक श्याम कुमार शर्मा

# एसके शर्मा की शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन ने सराहा, किया अभिनंदन




एसोसिएशन के पदाधिकारी श्याम कुमार शर्मा का अभिनंदन करते हुए।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कई वर्षों के उपलब्धियां से भरा शानदार सेवाकाल संपन्न करने के उपरांत सामुदायिक उच्च विद्यालय, बारेगोडा, टेल्को, जमशेदपुर के खेल शिक्षक श्याम कुमार शर्मा के सेवानिवृत होने के अवसर पर आज जमशेदपुर स्थित टेल्को, रीक्रिएशन क्लब के सभागृह में सम्मान स्वरूप कार्यक्रम का आयोजन मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन आफ झारखंड की बैनर तले किया गया। मौके पर एसोसिएशन के महासचिव सह अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलीट संजीव कुमार तोमर ने अपने संबोधन में कहा खेल शिक्षक श्याम कुमार शर्मा भले ही ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय में योगदान देते रहे। बेहद सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यालय में बेहतर सेवा प्रदान करते हुए सम्मानजनक पुरस्कार एवं उपलब्धियां हासिल किया, जो अनुकरणीय है एक अच्छा उदाहरण है। इन्होंने खेलों के बेहतरी के लिए तकनीकी अधिकारी , सफल खेल आयोजक और उधोषक के रूप में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए जिला स्तर, राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड की ओर से खेल शिक्षक श्याम कुमार शर्मा को उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय एवं सराहनीय सेवाओं के लिए पुष्प गुच्छ , शॉल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने उनके कुशल स्वास्थ्य, खुशमय पारिवारिक जीवन और खेलों में और बेहतर सहयोग की कामना करते हुए शुभकामना और बधाई दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन आफ झारखंड के शीर्ष अधिकारियों जिसमें मुख्य रूप से गुरदेव सिंह, संजीव कुमार तोमर, सतपाल सैनी, एन सी देव, साबू जोसेफ, युवा खिलाड़ी नितिन कुमार, कमलेश कुमार, विजय कुमार एवं अन्य मौजूद रहे।

### फरार अपराधी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पतरिया कला निवासी अमरेश पाण्डेय का पुत्र रौशन पाण्डेय व राहुल पाण्डेय पर थाना कांड संख्या 144/2022 धारा 341, 323, 504, 506 एंव आईपीसी 27 के तहत आर्म्स एक्ट मामला दर्ज है । जिस पर व्यवहार न्यायालय से वांरटी निकला है । जिसमे रौशन पाण्डेय व राहुल पाण्डेय फरार चल रहा है। चैनपुर पुलिस ने अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाया है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 19/ 2023–24 ,PR संख्या–316547 Building (23-24)D द्वारा प्रकाशित निविदा के ग्रुप सं0– 19 को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.318522 Building(23-24):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–27 / 2023–.24

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | : | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 16.02.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 17.02.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 17.02.2024 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | : | 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation Work for E-Type Qurter lake Road Hazaribag | 2370400/- | 48000/- | 5000/- | 03 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 318394 Building(23-24).D

---

### टाटा मोटर्स फाउंड्री डिवीजन में आरके सिंह और गुरमीत सिंह का हुआ अभिनंदन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेपुर।** टाटा मोटर्स के फाउंड्री डिविजन एवम ट्रिम लाइन मे यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह व महामंत्री आरके सिंह का फिर से जोरदार स्वागत अस्थाई और स्थायी श्रमिकों के द्वारा किया गया। सभी ने फूल माला, गुलदस्ता और शॉल ओढ़ाकर अध्यक्ष और महामंत्री जी का तहे दिल से धन्यवाद किया और कहा कि ऐसा समझौता कोई नही सोच सकता और अगर कोई ऐसे सोच कर एक ऐसे समझौते तक पहुंचा सकते है तो वो टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष और महामंत्री है। आज जो 2700 घरों में एक पर्व का माहौल से है उसके लिए हम सभी आप लोगों को धन्यवाद देते है। अध्यक्ष और महामंत्री ने विस्तार से समझौते में हुई बारीकियों को बारी बारी से समझाया और आगे भी सभी को ऐसे ही एकता दिखाने हो कहा।

मल्टी स्किल की सुरुआत जल्द ही होगी उन्होंने अपने कार्यस्थल फाउंड्री डिविजन मे कहा सभी को भरोसा जताने के लिए धन्यवाद दिया।

# टाटा एआईए लाइफ ने वेंकटचलम एच को बनाया सीईओ और एमडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारत की सबसे तेजी से बढ़ती जीवन बीमा कंपनियों में से एक टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के बोर्ड ने वेंकटचलम एच को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। यह नियुक्ति आईआरडीएआई से नियामक अनुमोदन के अधीन है। वेंकटचलम एच वर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक, नवीन ताहिलयानी का स्थान लेंगे, जो टाटा समूह में एक दूसरा पद संभालेंगे और उन्हें टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के गैर-कार्यकारी



निदेशक के रूप में पदोन्नत किया गया है। वेंकटचलम एच को सभी प्यार से वेंकी कहते हैं। जीवन बीमा, संपत्ति प्रबंधन और कस्टोडियल सेवाओं में 27 वर्षों से अधिक अनुभव के साथ वेंकी ने बिक्री और वितरण, रणनीति, व्यवसाय और प्रक्रिया विकास और मुख्य खाता प्रबंधन में विशेषज्ञता हासिल है। वह 2016 में टाटा एआईए में शामिल हुए और इसके पहले अध्यक्ष और मुख्य वितरण अधिकारी थे। वेंकी ने मार्केटिंग, स्ट्रैटेजी, विश्लेषण और प्रत्यक्ष डिजिटल व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में भी कई पहलों का नेतृत्व किया है। मालूम हो कि नवीन के नेतृत्व में टाटा एआईए रिटेल के आधार पर नए व्यापार प्रीमियम पर नंबर 3 कंपनी बन गई है और निजी क्षेत्र के जीवन बीमाकताओं में रिटेल बीमा राशि में नंबर 1 स्थान पर है। टाटा एआईए ने किंसेंट्रिक बेस्ट एम्प्लॉयर का पुरस्कार लगातार सात बार जीता है और ग्रेट प्लेस टू वर्क के रूप में भी इसे प्रमाणित किया गया है।

### ईवीएम मोबाइल डेमोटेरेशन वैन के माध्यम से वोटिंग करने का दिया गया प्रशिक्षण

**सतबरवा पलामू।** ईवीएम मोबाइल डेमोटेरेशन वैन के माध्यम से वोटिंग करने का प्रशिक्षण शुक्रवार को दिया गया। सतबरवा प्रखंड के 075 पांकी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को गांवों में जाकर वोटिंग करने की विधि बताई गई। इस दौरान सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की, बीएओ सह बीडब्लूओ धर्मेंद्र कुमार,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार, निर्वाचन के लिए नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर नीरज कुमार ने चांपी गांव के मोहन तुरी,धुटूआ के संतू सिंह,धावाडीह के कमलेश यादव तथा धर्मेंद्र सिंह ग्राम बोहिता के योगेंद्र भुईयां समेत कई लोगों को वोट देने की विधि बताई। बताया गया कि जिस कैंडिडेट और सिंबल पर वोटिंग करना है और उसकी पर्ची वीवीपेट पर देख सकते हैं।

# गढ़वा के डूमारो मैदान में आज सीएम कार्यक्रम में शामिल होंगे अबुआ आवास के लाभार्थी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**सतबरवा पलामू।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के 10 फरवरी को गढ़वा के डूमारो मैदान में प्रस्तावित कार्यक्रम में सतबरवा से 100 अबुआ आवास के लाभार्थी शामिल होंगे। उक्त जानकारी सतबरवा प्रखंड आवास कोऑर्डिनेटर रजनीकांत सक्सेना ने दी। उन्होंने कहा कि सतबरवा में 10 पंचायत है जिसमें से आवास के 100 लाभुक उक्त कार्यक्रम में भेजे जाएंगे। लाभुकों को सिंबॉलिक तौर पर स्वीकृति पत्र प्रदान किया जाएगा। मालूम हो कि डीडीसी के निर्देशित पत्र के आलोक में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के गढ़वा आगमन के बाद सतबरवा प्रखंड के 634 अबुआ आवास के लाभार्थी को निर्माण संबंधी स्वीकृति पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिसमें बताया गया है कि 10 पंचायत वाले सतबरवा प्रखंड में कुल 634 अबुआ आवास इस वित्तीय वर्ष में बनाए जाएंगे। जिसमें एससी-एसटी समुदाय के लिए 355 माइनॉरिटी 102 तथा ओबीसी 154 और जनरल कैटेगरी के 23 आवास शामिल है। बकोरिया पंचायत में 79, बारी तथा बोहिता ग्राम पंचायत में 65 -65 ,धावाड़ीह 73 तथा दुलसुलमा 43 और धुटूआ 60 तथा पोंची 74 के साथ रबदा में 68 के अलावे रेवारातू 64 और सतबरवा पंचायत के लिए 48 आवास का जिओ ट्रेंगिग का कार्य जारी है। इधर आवास चयन को लेकर कई तरह के लेनदेन संबंधी मामला भी तुल पकड़ लिया है।

### पाटन प्रखंड के ईमली ग्राम में शिव चर्चा कार्यक्रम आयोजित

**पाटन पलामू।** प्रखंड के इमली गांव में शिव चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेदिनीनगर संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव मौजूद थे। आयोजक मंडल ने श्री देव का फूलमाला से स्वागत किया । मौके पर श्री देव ने शिवचर्चा पर व्याख्यान दिये। मौके पर इलाके के सैकड़ो गुरु भाई गुरु बहन चर्चा में शामिल हुए। मौके पर श्री देव ने कहा कि शिव चर्चा का महत्व अधिक बढ़ गया है। कहा कि भगवान शिव सृष्टि के संरक्षक हैं। शिव आज भी गुरू हैं। कहा कि शिव महापुराण जैसे अन्य शास्त्रों को खंगाला तो पाया कि देवताओं पर जब जब संकट गहराया तब तब देवता शिव के शरण में गए और शिव उद्धार किए।

कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/ 12/2023-24 Date – 08-02-2024

मद का नाम :– सड़क परिवहन मद

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं0 22 में चित्रगुप्त नगर मेन रोड (शशिरंजन राम) के घर से संजय कुमार सिंह के घर तक पेवर ब्लॉक पथ निर्माण कार्य एवं नरेन्द्र सिंह के घर से मुन्ना मोदी के घर तक पथ निर्माण। | 1209230.00 | 25000.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 2. | वार्ड नं0 02 में हरेन्द्र सिंह के घर से काली मंदिर तक एवं गुड्डु यादव के घर से गझंडी मेन रोड तिलैया बस्ती तक पथ निर्माण कार्य। | 2211650.00 | 45000.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 3. | वार्ड नं0 28 में छोटु ढाबा से युगेश्वर रजक के घर तक एवं डब्लु तिवारी के घर से सुबोध पाण्डेय के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2249900.00 | 45000.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 4. | वार्ड नं0 09 में बालेश्वर सिंह के जमीन से सतेन्द्र सिंह के घर तक सड़क व नाली निर्माण। | 1668000.00 | 33400.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 5. | वार्ड नं0 27 में कृष्णा मोदी के घर से गोवर्धन तालाब के मेढ़ तक सड़क निर्माण। | 1194700.00 | 25000.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 6. | वार्ड नं0 21 में एन0एच0 31 से रविन्द्र विश्वकर्मा के घर तक एवं रामप्रसाद वर्मा के दुकान से कुलदीप वर्मा के घर तक पथ निर्माण। | 1150400.00 | 23100.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 7. | वार्ड नं0 06 में एन0एच0 से नन्ही के घर तक एवं रिजवान के घर से मनाज जी के घर तक पथ एवं नाली निर्माण कार्य। | 1415000.00 | 28500.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 8. | वार्ड नं0 23 में चित्रगुप्त नगर में शम्भु सिंह के घर से बाहुल जी के घर तक, सुरेश सिंह के घर से नीम पेड़ तक एवं नवल प्रसाद के घर से तिवारी जी के घर तक सड़क निर्माण | 2396700.00 | 48000.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 9. | वार्ड नं0 25 में बंशी मोदी के घर से देवानन्द जी के घर तक सड़क एवं नाली निर्माण। | 1622500.00 | 32500.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 10. | वार्ड नं0 01 में आश्रम रोड रामपुकार सिंह के घर से मोल सिंह के घर होते हुए तिवारी जी के घर तक पथ निर्माण कलभर्ट सहित। | 1295110.00 | 26000.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 11. | वार्ड नं0 27 में परदेशी के घर से रतन लाल के घर होते हुए हर्षधर यादव के घर से कृष्णदेव मोदी के जमीन के पिछे से उत्तर रोड तक सड़क निर्माण कार्य। | 1461800.00 | 29500.00 | 5000.00 | 90 दिन |

1. Only E-Tender will be accepted
2. नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 15.02.2024 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 22.02.2024 अपराहन 5.00 बजे।
5. निविदा खोलने की तिथि : 23.02.2024 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9835420400
7. **E-Procurement** में **Tender Fee** एवं **EMD** की राशि ऑनलाईन सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, रॉंची का आदेश ज्ञापांक – 120, दिनांक– 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग , झारखण्ड, रॉंची का पत्रांक 05 / विविध (e-tender)–12 / 2023 / न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक– 11.10.2023 के तहत ली जायगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।

विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

ह0/– प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR.NO.318462 Urban Development(23-24):D

## मिट्टी का सम्मान

आज देश गौरव महसूस कर रहा है। पूर्व पीएम और किसानों के नेता चौधरी चरण सिंह और कृषि सूधार के एक बड़ें वैज्ञानिक स्वामीनाथन को केन्द्र सरकार ने भारत रत्न देकर एक बड़ा संकेत दिया है। संकेत यह कि मिट्टी से जुड़ें लोग का मोदी सरकार सम्मान करने को लेकर जागरूक है और साथ ही पीवी नरसिंम्हा राव को भी भारत रत्न का सम्मान देकर साफ कर दिया है कि उसके लिये देश हित में काम करने वालों का सम्मान दल से नहीं दिल से किया जाता है। जब भी किसानों के हित में बात उठती थी चौधरी चरण सिंह अपनी आवाज अवश्य उठाते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ट्वीट करके तीन हस्तियों को भारत रत्न दिए जाने का एलान किया। इनमें किसान नेता और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन शामिल हैं। इससे पहले 23 जनवरी को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर और 3 फरवरी को देश के पूर्व-उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने का एलान हो चुका है।चुनावी साल में एक के बाद एक पांच हस्तियों को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने के कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। सियासी जानकार कह रहे हैं कि इससे मोदी सरकार ने अलग-अलग राज्यों में कई समीकरण साध लिए हैं। चुनावी वर्ष 2024 में अगर मोदी सरकार ने ऐसा किया है तो यह भी प्रसंशा के योग्य है। ऐसे अवसरों को कांग्रेस ने निश्चित तौर पर गवांया है। कमसे कम आज यह तो कहा ही जा सकता है कि कांग्रेस की कार्यशैली से मोदी सरकार की कार्य शैली बेहतर है। जो लोग आज तक भारत रत्न तो थे लेकिन सरकार ने उन्हें इस पुरस्कार से नवाजा नहीं है वे आज दिल से मोदी सरकार को धन्यवाद दे रहें हैं अभिनंदन कर रहें हैं।

## बढ़ी बेटियों की संख्या

आज देश में उनकी स्थिति में सकारात्मक बदलाव हुआ है। नेशनल फैमिली एंड हेल्थ सर्वे के निष्कर्ष तो कम से कम यही संकेत दे रहे हैं कि देश में पहली बार महिलाओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा हो गई है। वर्ष 1990 में देश के 1000 पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या 927 थी। वर्ष 2005-2006 में यह आंकड़ा बराबर हजार-हजार तक जा पहुंचा। वहीं वर्ष 2015-16 में यह घटकर 991 हो गया था। लेकिन इस बार महिलाएं पुरुषों से अधिक हो गई हैं। देश में हजार पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की संख्या 1020 हो गई है। इसकी एक वजह पुरुषों की जीवन प्रत्याशा के मुकाबले महिलाओं की जीवन प्रत्याशा दर अधिक होना है। इस सर्वे का जो दूसरा महत्वपूर्ण निष्कर्ष है, वह यह कि देश में प्रजनन दर में गिरावट आई है जो 2016 के 2.2 के मुकाबले अब सिर्फ 2 रह गयी है जो अंतर्राष्ट्रीय मानक प्रतिशत से भी कम है। सर्वे के अनुसार अब औसतन एक महिला के दो ही बच्चे हैं। जो इस बात का भी प्रमाण है कि देश में जागरूकता आई है और लोगों ने संतति निग्रह के उपायों का उपयोग करना शुरू किया है। जिसका एक मायने यह भी है कि हमारे देश में जनसंख्या स्थिरता की ओर बढ़ रही है। निस्संदेह राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के कई निष्कर्ष आने वाले भविष्य के लिये उम्मीद जगाने वाले हैं जो बताते हैं कि देश में शिक्षा के तेज प्रसार का असर हुआ है और बेटा-बेटी का भेद कम हुआ है। साथ ही बेटियों के हित में उठाये गये कदम जैसे नौकरियों और पढ़ाई में लगातार आरक्षण और वित्तीय मदद से स्थिति सुधरी है। यह भारत जैसे परम्परागत देश के लिये मील का पत्थर है। बिहार, यूपी, हरियाणा और राजस्थान सहित देश के हिंदी पट्टी के राज्यों पर लगा यह कलंक समाप्त हो गया है कि वहां पिछड़ापन और गरीबी के कारण बेटियों की संख्या कम है।

# ध्वस्त है पर्यावरण संबंधी मंजूरी की व्यवस्था





-सुनीता नारायण

> दिक्कत यह थी कि पूरी व्यवस्था को कभी उन्नत नहीं बनाया गया ताकि परियोजनाओं के निर्माण के साथ तालमेल बिठाया जा सके। इसकी वजह से परियोजनाओं में देरी होने लगी और लेनदेन की लागत में इजाफा हुआ, दूसरे शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार होने लगा। इसलिए 2006 में मंत्रालय ने काम राज्यों को विकेंद्रीकृत और आउटसोर्स कर दिया।

**रैंकिंग** इसलिए प्रदान की जाती हैं ताकि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया जा सके। परंतु ज्यादा महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इससे यह संकेत निकलता है कि चीजों को कैसे बेहतर ढंग से अंजाम दिया जाए। इसलिए जब केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय कहता है कि वह राज्यों के पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकार को इस आधार पर रैंकिंग देगा कि वे पर्यावरण संबंधी 'मंजूरी' किस गति से देते हैं तो दरअसल इससे यही पता चलता है कि उसका पूरा ध्यान परियोजनाओं को मंजूरी मिलने पर केंद्रित है, न कि आकलन की गुणवत्ता अथवा यह सुनिश्चित करने पर कि विकास परियोजनाओं के पर्यावरण प्रभाव को कम किया जा सके। आप कह सकते हैं कि इसमें लगने वाला समय निगरानी का संकेतक नहीं है तथा मंत्रालय का नोटिस केवल आकलन समितियों को जवाबदेह बनाने तथा यह सुनिश्चित करने पर आधारित है कि परियोजनाओं में अनावश्यक देरी न हो। परंतु यह इतना आसान नहीं है। तथ्य यह है कि 'रैंकिंग' पर्यावरण आकलन के पहले से तैयार ताबूत में आखिरी कील है।

बीते एक दशक या उसके आसपास के समय में एक के बाद एक विभिन्न सरकारों ने व्यवस्थित ढंग से उस निर्णय प्रक्रिया को छिन्नभिन्न किया है जो आकलन या जांच-परख की इजाजत देती थी। यह हास्यास्पद है और मेरी नजर में मंत्रालय के इस निर्देश ने उसकी खुद की बनायी प्रक्रिया व्यवस्था की अवमानना की व्यवस्था कर दी है।

पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) की शुरूआत 1994 में हुई थी जब विकास परियोजनाएं कम थीं और प्रक्रिया को किसी तरह की चुनौती नहीं दी जाती थी। सन 2000 के दशक से गड़बड़ी की शुरूआत हुई जब परियोजना निर्माण को जांच पड़ताल की इस व्यवस्था में शामिल किया गया। इसमें दो राय नहीं कि विनिर्माण खासकर बड़े पैमाने पर बनने वाली आवासीय, बुनियादी ढांचा अथवा वाणिज्यिक परियोजनाओं का पर्यावरण पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है। उनमें पानी का इस्तेमाल होता है, गंदा पानी उत्पन्न होता है, यातायात बढ़ता है और ठोस कचरा भी निकलता है। दिक्कत यह थी कि पूरी व्यवस्था को कभी उन्नत नहीं बनाया गया ताकि परियोजनाओं के निर्माण के साथ तालमेल बिठाया जा सके। इसकी वजह से परियोजनाओं में देरी होने लगी और लेनदेन की लागत में इजाफा हुआ, दूसरे शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार होने लगा। इसलिए 2006 में मंत्रालय ने काम राज्यों को विकेंद्रीकृत और आउटसोर्स कर दिया। उसने केंद्रीय स्तर की व्यवस्था को राज्य स्तर पर अपनाया तथा राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकार गठित किए। परियोजनाओं के लिए ए, बी, बी1 और बी2 जैसी श्रेणियां बनायी गईं। इस दौरान विवेकाधिकार की पूरी गुंजाइश रखी गई। कुल मिलाकर जांच परख की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तथा विकास परियोजनाएं भी पर्यावरण के अनुपालन के मामले में ज्यादा बेहतर नहीं हुईं। कुल मिलाकर ईआईए की कवायद अधिक पेचीदा साबित हुई।

मैं ऐसा क्यों कह रही हूं? जरा इस बात पर विचार कीजिए कि मौजूदा प्रक्रिया कितनी खामी से भरी हुई है। परियोजना शुरू करने वाले से अपेक्षा की जाती है कि वह ईआईए को अंजाम देने वाले सलाहकार को पैसे चुकाए। यह बात केंद्र अथवा राज्य के पर्यावरण प्रभाव आकल प्राधिकार द्वारा मंजूर संदर्भों पर आधारित होती है।

ए श्रेणी की परियोजनाएं केंद्र के पास जाती हैं जबकि बी श्रेणी की परियोजनाएं राज्यों को जाती हैं। अब ऐसी परियोजनाएं बी 1 (विस्तृत आकलन जरूरी) श्रेणी की हैं या बी 2 (विस्तृत आकलन की जरूरत नहीं) श्रेणी की, यह तय करने का काम राज्यों का है। समिति कार्य क्षेत्र का दायरा तय कर सकती है, ज्यादा सूचना मांग सकती है या उसे खारिज कर सकती है। इसके बाद ईआईए किया जाता है। इसके लिए कम से कम 12 सक्रिय क्षेत्र विशेषज्ञों एवं प्रबंधन तथा निगरानी योजनाओं की आवश्यकता होती है। मसौदा ईआईए अंग्रेजी में है और इसका संक्षिप्त रूप क्षेत्रीय भाषाओं में है। इसे सार्वजनिक मशविरे के लिए प्रस्तुत किया जाता है। सार्वजनिक सुनवाई के लिए एक विस्तृत प्रक्रिया है जो स्थानीय आपत्तियों की 'सुनवाई' के लिए अहम होगी। इसके बाद मामला आकलन समिति के पास जाता है जिसे मसौदे को परखना होता है, और अधिक सूचना जुटानी होती है और इसे सशर्त स्वीकार या अस्वीकार करना होता है। सच यह है कि परियोजनाओं को शायद ही कभी नकारा जाता है। हमने जुलाई 2015 से अगस्त 2020 तक प्रस्तुत 3,100 परियोजनाओं का विश्लेषण किया। केवल तीन फीसदी परियोजनाएं ऐसी थीं जिनकी अनुशंसा नहीं की गई। ये परियोजनाएं भी जरूरी सूचनाओं के साथ वापस आ जाएंगी।

परंतु इस प्रक्रिया में परियोजना शुरू करने वालों से कई बार कहा जाता है कि वे और अधिक आंकड़े और स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। आखिर में, समिति परियोजना को मंजूरी प्रदान करती है और ज्यादातर मामलों में वे कुछ ऐसी शर्तों के साथ खुद को बचा लेते हैं जिनकी शायद कभी निगरानी नहीं की जाएगी। मंजूरी के बाद समितियों को परियोजना के लिए जवाबदेह नहीं ठहराया जाता है। उनका काम मंजूरी के साथ ही समाप्त हो जाता है। इसके बाद निगरानी का काम मंत्रालय के सीमित कर्मचारियों वाले क्षेत्रीय कार्यालयों के भरोसे छोड़ दिया जाता है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इतने सशक्त नहीं होते हैं कि वे प्रभाव की निगरानी कर सकें क्योंकि यह मंजूरी पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अधीन दी जाती है, न कि हवा या पानी के लिए बने कानूनों के तहत।

इस पूरी प्रक्रिया के दौरान दोहराव होता है, जांच की कमी होती है और यह सुनिश्चित करने का कोई इरादा नहीं होता है कि परियोजना क्रियान्वयन के समय पर्यावरण के हितों का ध्यान रखा जाए। ऐसे में जब हम मंजूरियों की इस ध्वस्त व्यवस्था का बचाव करते हैं तो इससे पर्यावरण बनाम विकास की गलत बहस को बढ़ावा मिलता है। हकीकत में पर्यावरण के हित पहले ही हाशिये पर डाले जा चुके हैं और विकास बेलगाम हो चुका है।

### खास बात

## सफलता-विफलता

**प्रशांत झा**

**यह** तो सच ही है कि प्रत्येक व्यक्ति सफल होना चाहता है। असफलता किसी को पसंद नहीं। लेकिन शायद ही हमने इस ओर ध्यान दिया हो कि सफलता और विफलता घटनाओं को इंगित करती हैं व्यक्ति को नहीं। या तो हम कुछ करते हुए सफल होते हैं, या हम किसी काम में विफल हो जाते हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि हम पूरी तरह से सफल हैं या पूरी तरह से विफल। हमारे कुछ पहलू ऐसे हो सकते हैं जिनमें हम पूरी तरह सफल न हों या किसी में पूरी तरह विफल न हों। एक सफलतम व्यक्ति का बड़ा बैंक बैलेंस हो सकता है, लेकिन साथ ही यह भी संभव है कि वह एक अभिभावक, पति या पत्नी या किसी अन्य रिश्ते में पूरी तरह नाकाम हो। इसी तरह कोई व्यक्ति किसी व्यवसाय में पूरी तरह नाकाम हो, लेकिन अविश्वसनीय रूप से वह अच्छा अभिभावक साबित हो सकता है।

क्या कभी हम इन बातों की तरफ ध्यान देते हैं कि मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से सफलता के मायने क्या हैं? हम क्यों हर बार, हर जगह सफल ही होना चाहते हैं। दरअसल यह हमारा 'बिलीफ सिस्टम' होता है जिसके कारण हम यह मान लेते हैं कि हम सफल हैं और हमारे बच्चों को भी सफल होना चाहिए। या हम यह मान लेते हैं कि हम नाकाम हैं लिहाजा ये सुनिश्चित कर लेना चाहते हैं कि हमारे बच्चे नाकाम न हो जाएं।

अगर बच्चा परीक्षा में फेल हो जाता है तो हम उसे नाकाम कहते हैं, हम इस तरह से पेश आते हैं जैसे कि वह जिंदगीभर नाकाम ही रहेगा। यानी एक बार मिली असफलता को अस्थायी मान बैठते हैं। हो सकता है एक परीक्षा में फेल बच्चा आगे सफलता की इबारत लिखे। हम यह मानने के लिए तैयार नहीं होते कि बच्चे खेल में अच्छे हो सकते हैं, वे बहुत बड़े कलाकार हो सकते हैं, अच्छे वक्ता या रचनात्मक समस्या को हल करने वाले हो सकते हैं। वे ईमानदार व मददगार हो सकते हैं। उनमें व्यक्ति के रूप में अनोखे गुण हो सकते हैं। हम इन सब चीजों को नजरअंदाज कर देते हैं और उन पर विफलता का ठप्पा लगा देते हैं सिर्फ इसलिए कि वह एक परीक्षा में फेल हुए हैं।

(लेखक काउंसलर हैं।)

**आर्टिकल** 370 फिल्म जिसने मैंने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की भूमिका निभाई है फिल्म 23 फरवरी को रिलीज हो रही है जरूर देखियेगा।

जय श्रीराम

– **अरूण गोविल, कलाकार**

### रोचक X ट्वीट

**पूर्व** प्रधानमंत्री एवं किसान नेता, चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न देने के निर्णय से मैं बहुत हर्षित हूँ।चौधरी साहब ने आजीवन किसानों, मजदूरों एवं समाज के अन्य कमजोर वर्गों के हित एवं कल्याण के लिए काम किया।

– **राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री**





**अत्याचारी** अंग्रेज शासकों के दाँत खट्टे करने वाले, झारखंडी माटी के वीर सपूत शहीद तेलंगा खड़िया जी की जयंती पर शत-शत नमन। झारखंड के वीर शहीद अमर रहें।

वीर शहीद तेलंगा खड़िया अमर रहें। – **चंपई सोरेन, सीएम**

# लक्ष्मण जगे

### धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**भरत** जी ने देखा कि रात में चलनेवाला अवश्य कोई निसाचर होगा और यह अयोध्या के उपर से गुजर रहा है। उन्होंने एक बाण मार दिया। बाण का प्रभाव ऐसा था कि हनुमान जी पर्वत लिये गिर गये। गिरते ही उन्होंने प्रभु श्रीराम को याद किया। यह सुनकर भरत जी दौड़कर पहुंचे। भरत जी ने कहा आपने जिनका नाम लिया वे कौन हैं?हनुमान जी ने कहा अयोध्या नरेश महाराज दशरथ के पुत्र हैं उनका नाम मैंने लिया है। मैं उन्हीं का दास हूं। मैं उन्हीं के काम से यह पर्वत लेकर अयोध्या जा रहा हूं। राम जी रावण से युद्ध कर रहें हैं और उनके छोटे भाई लक्ष्मण को बाण लगा है। मैं बूटी लेने आया था और बूटी लेकर वापस जा रहा हूं। भरत ने कहा हनुमान जी आप निश्चित रहें। आप श्रीराम जी के अयोध्या में हैं और मैं उनका छोटा भाई भरत हूं।आपका कार्य बाधित न हो इसलिये मैं आपको बाण के सहारे सीधे लंका भेज देता हूं। इस तरह भरत के ज्ञान,शील और व्यवहार की सराहना करते हुए हनुमान लंका पहुंचे। जैसे हनुमान लंका पहुंचे वानर सेना में उत्साह छा गया। सूर्योदय के पूर्व ही बूटी सुषेण बैद्य ने लक्ष्मण जी को पिला दी और उन्होंने आंख खोल दिया।

प्रसंग का अध्यात्म

इससे शिक्षा मिलती है कि भक्ति के कार्य में कोई भी व्यक्ति चाहे कितना बड़ा छोटा हो फिर भी उतार चढ़ाव आता है। लक्ष्मण जी ऐसे व्यक्ति जिन्हें लक्ष्मण बाण लगा। श्रीराम जैसे महापुरुष भी दुखी हुए लेकिन परिस्थितिजन्य ही राह निकला।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

# वैश्विक स्तर पर अंशाति और तनाव के पीछे रूस-यूक्रेन विवाद

**प्रभात कुमार रॉय**

### सामयिक

पश्चिमी मुल्कों की खुफिया एजेंसियां यह चेतावनी निरंतर प्रदान कर रही हैं कि रूस की फौज किसी भी वक्त यूक्रेन पर आक्रमण अंजाम दे सकती है। यूक्रेन और रूस की सरहद पर रशिया की तकरीबन एक लाख फौज विगत अनेक हफ्तों से तैनात रही है। प्रबल आशंका है कि आगामी वक्त में रशियन फौज यह तादाद दो लाख तक पंहुच सकती है। अमेरिकन राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन को सैन्य इमदाद प्रदान करने का हुक्म जारी कर दिया है। अतः इसी सप्ताह अमेरिकन सैन्य सामग्री की प्रथम खेप यूक्रेन पहुंच चुकी है। ब्रिटिश विदेश मंत्रालय का कहना है ब्रिटिश सरकार यूक्रेन को टैंक रोधी हथियार और बख़्तरबंद गाड़ियां भी मुहैया करा रही है। ऐसा भी दावा पेश किया गया है कि अगर रशिया का फौज यूक्रेन की सरहद के अंदर घुसती है तो ब्रिटेन भी नॉटो सैन्य फ्रंट के लिए अपनी फौज भेजेगा। हालांकि रूसी हुकूमत ने यूक्रेन पर आक्रमण अंजाम देने के नीयत और रणनीति से बाकायदा इंकार किया है। अमेरिकन राष्ट्रपति जो बाइडन ने फरमाया है कि उनको प्रतीत होता है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपनी फौज को यूक्रेन में सैन्य दखंलदाजी अंजाम देने का हुक्म दे सकते हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन के मुताबिक रूस की सैन्य दखंलदाजी को भी यूक्रेन पर आक्रमण ही समझा जाएगा। राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को आधिकारिक तौर पर आश्वासन प्रदान किया है कि अमेरिका की कयादत में नॉटो सैन्य फ्रंट राष्ट्र आक्रमण की स्थिति में यूक्रेन के साथ सैन्य तौर से सन्नद खड़े हैं। अमेरिकन राष्ट्रपति का कहना है कि यूक्रेन संकट के समुचित निदान करने की खातिर रूसी हुकूमत के साथ अमेरिकन सरकार की कूटनीतिक बातचीत को निरंतर जारी रखा जाएगा। नॉटो सैन्य फ्रंट के यूरोपीयन देशों ने गंभीर आशंका व्यक्त की है कि युद्ध के कगार पर खड़े हुए रूस और यूक्रेन के मध्य एक भी गोली चल गई, तो वह विस्फोटक चिंगारी बनकर, वस्तुतः समस्त यूरोप को युद्ध की भीषण विभीषिका में झोंक सकती है। अंतराष्ट्रीय संबधों के प्रख्यात विश्लेषकों के मुताबिक द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात यह यूरोप में उत्पन्न हुआ सबसे विकट सैन्य तनाव का दौर है। रूस द्वारा क्रिमिया पर सैन्य आधिपत्य स्थापित कर लिए जाने के तत्पश्चात यूक्रेन आत्मरक्षा के लिए नॉटो सैन्य फ्रंट का सदस्य देश बन जाने के लिए लालायित हो उठा है। रशियन हुकूमत कदापि नहीं चाहती कि कम्युनिस्ट हुकूमत के ऐतिहासिक दौर में पूर्व सोवियत रूस का बाकायदा हिस्सा बना रहा, यूक्रेन किसी भी तौर पर नॉटो सैन्य फ्रंट में शामिल होने पाए। यूक्रेन को नाटो सैन्य फ्रंट का सदस्य देश बन जाने से रोकने के लिए, रशिया द्वारा यूक्रेन पर जबरदस्त तौर पर सैन्य दबाव कायम किया गया है। रूस की पुतिन हुकूमत चाहती है कि पूर्वी यूरोप के तमाम पूर्व कम्युनिस्ट मुल्कों में नॉटो सैन्य संगठन को अपनी सैन्य गतिविधियों का तत्काल परित्याग कर देना चाहिए। रूसी हुकूमत चाहती है कि पूर्वी यूरोप के समस्त पूर्व कम्युनिस्ट देशों को जोकि नाटो सैन्य फ्रंट के सदस्य देश बन चुके हैं, उन तमाम देशों की फौज की तादाद और नॉटो से प्राप्त होने वाले हथियारों की तादाद तय कर दी जाए।

रूसी हुकूमत यह भी चाहती है कि 1997 के पश्चात पूर्वी यूरोप में नॉटो द्वारा स्थापित किया गया सैन्य ढांचा समाप्त किया जाए। इंटरनेशनल फॉरेनसाइट ऐंड एनालिसिस फर्म जियोपॉलिटिकल फ़्यूचर्स के चैयरमैन जॉर्ज फ़्राइडमैन रूस की मांग को संक्षेप में बयान करते हैं कि रशियन हुकुमत चाहती है कि शीत युद्ध के दौर में जो पूर्वी यूरोप की सैन्य स्थिति कायम रही थी, वही स्थित फिर से बहाल कर दी जाए।

### कॉर्टून वर्ल्ड

कैसी दुनिया...



### लेटर टू एडिटर

#### विकेन्द्रीकरण

विश्वविद्यालय तेजी से उच्च शिक्षा के नगरपालिका स्कूलों में परिवर्तित हो रहे हैं, इनमें भारी कैपिटेशन फीस लगती है। विचार, रचनात्मकता, अनुसंधान और नवाचार को हतोत्साहित करते हुए यह व्यवस्था बौद्धिक कायरता को बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) योजना, 2013 विकेंद्रीकरण की ओर उन्मुख है, लेकिन यह ठीक से लागू नहीं हो सकी।

**-रविशंकर , रांची**

#### महिलाओं का उत्पीड़न

**परिवार** और समाज के अन्य सदस्य, जिसे मतदान करते हैं, उसी को मतदान करने के लिए अन्य सदस्यों पर दबाव डालते हैं। हाल ही में झारखंड में एक महिला द्वारा अपने मनचाहे प्रत्याशी को मतदान करने पर उनके परिजनों ने प्रताड़ित किया। ऐसे कृत्यों पर रोक लगाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है। साथ ही, ऐसा किए जाने से मतदाताओं का किसी खास जाति-धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण पर भी रोक लगेगी। **-निधि, रांची**

# एक्सप्रेस वे से देश की विकास तेज होगी

**मनोज शर्मा**

### समाज

**गंगा** एक्सप्रेस वे से मिलने वाली मुआबजा करोड़ों में है। इतनी अधिक जमीन की कीमत की कोई कल्पना नहीं कर सकता था। पटना में तीन किमी सड़क बनाने पर खर्च 335 करोड़ रुपये है। देश के जिन क्षेत्रों में सड़का का जाल बिछ रहा है वहां विकास की संभावना बन रही है इसमें कोई दो राय नहीं है। उद्योग के साथ स्कूल, हॉस्पीटल, बाजार का विकास तो हो ही रहा है।

लेकिन उनके गांव में हर किसी को ऐसा नहीं लगता है। कुछ ऐसे भी लोग हैं जो कहते हैं कि सरकार एक्सप्रेसवे को वर्ष 2024 की समयसीमा तक पूरा नहीं कर पाएगी। दूसरे लोगों का कहना है कि भले ही यह समय पर पूरा हो जाए, लेकिन किसी उद्योग के आने की संभावना बहुत कम है। रायबरेली जिले के एक किसान रघुबीर सिंह कहते हैं 'सरकार ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया है। कितने उद्योग और रोजगार वहां आए हैं? शून्य। गंगा एक्सप्रेसवे के साथ वाले सभी गांवों का भी यही हाल होगा।'

अधिकारियों ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया कि हालांकि भाजपा शासित राज्य सरकार ने पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर जिन औद्योगिक पार्कों को प्रस्तावित किया था, उन्हें अब तक पूरा नहीं किया है, लेकिन उसने गंगा एक्सप्रेसवे के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पर काम शुरू कर दिया है।

गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण की आधारशिला पिछले साल दिसंबर में रखी गई थी। पूरा होने के बाद 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज जिलों तक फैला होगा। हालांकि जल्द बनने वाले इस गंगा एक्सप्रेसवे के पास रह रहे लोग इस बात से खुश हैं कि भाजपा बुनियादी ढांचे के विकास पर काम कर रही है, लेकिन कई लोग रहने की बढ़ती लागत जैसे मुद्दों से चिंतित हैं। प्रयागराज में युवाओं ने सरकारी नौकरियों की भर्ती में कथित भ्रष्टाचार पर अपना असंतोष जताया। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज में सबसे अधिक शैक्षणिक और कोचिंग संस्थान हैं।

यूपीएससी के उम्मीदवार संजय सिंह हैं कि उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्तसरकार का वादा किया था। पिछले दो साल में मैंने जो भी परीक्षाएं दी, पेपर लीक होने की खबर के बाद सरकार द्वारा वे सभी परीक्षाएं रद्द कर दी गईं। क्या वर्ष 2017 में यूपी ने इसी के लिए मतदान किया था?

सरकारी कर्मचारी भी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। बदायूं में एक स्कूल की शिक्षिका रचना देवी का वेतन 35,000 रुपये से घटकर 10,000 रुपये रह गई। 40 वर्षीय रचना देवी कहती हैं 'यह एक भयावह अनुभव था। भाजपा समृद्धि की बात करती है, लेकिन वह नहीं चाहती कि कोई समृद्ध हो। मुझे लगता है कि उनके घोषणापत्र में केवल मंदिर और सड़कें ही हैं, नौकरी नहीं।'इसके अलावा कई लोगों का मानना है कि राज्य को स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून व्यवस्था और रोजगार जैसे क्षेत्रों में अभी लंबा सफर तय करना है। अन्य लोगों का कहना है कि राज्य सरकार जिन परियोजनाओं को पूरा कर रही है, वे पिछली सरकार द्वारा शुरू की गई थीं या केंद्र द्वारा वित्त पोषित हैं।

अलबत्ता उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उस आरोप का खंडन करते हैं। वह कहते हैं कि हमारे पास 64 सांसद हैं, जो उत्तर प्रदेश से हैं। यह बात समझने की जरूरत है कि केंद्र सरकार जो भी काम कर रही है, वह भी हमारी उपलब्धि है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95705-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### प्रशिक्षण के दौरान सेना की गोली छिटककर युवती के पैर में लगी



**रामगढ़।** बरकाकाना ओपी क्षेत्र अंतर्गत सिधवार स्थित मिलिट्री फायरिंग रेंज में सेना के जवानों द्वारा प्रशिक्षण के क्रम में फायरिंग किए जाने के क्रम में गोली छिटककर कंडेर पंचायत के सिधवार निवासी यशोदा कुमारी के पैर में लग गयी। घटना में युवती गंभीर रूप से घायल हो गयी। मामले की जानकारी पर बरकाकना ओपी पुलिस एवं सेना के अधिकारी सिधवार पहुंचे। सेना के अधिकारियों द्वारा घायल युवती को इलाज के लिए सेना अस्पताल ले जाया गया। युवती के पिता महावीर मुंडा ने बताया कि यशोदा घर पर कपड़े में आयरन कर रही थी और गोली पैर में लगी।

### दामोदर में श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी



**रजरप्पा।** मौनी अमावस्या पर छिन्नमस्तिका मंदिर के दामोदर भैरवी संगम तट पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा-अर्चना हुए पुरोहितों को दान दिया। दीपदान की परंपरा का निर्वहन भी किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं ने घर परिवार और देश में खुशहाली की कामना की। वही श्रद्धालुओं ने अपने स्वजन के साथ नौकायन का आनंद लिया। छिन्नमस्तिका मंदिर न्यास समिति की ओर से पंचवटी में भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें पूजा अर्चना के लिए आए सैकड़ो श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद स्वरुप, पूड़ी, हलवे, खिचड़ी का वितरण किया गया। मौके पर सेट्ठी पंडा, पोपेश पंडा, गुड्डू पंडा, सुबोध पंडा, राकेश पंडा आदि मौजूद थे।

### आलम बने कांग्रेस के जिला सचिव



**मांडू।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को कांग्रेस जिला सचिव अल्पसंख्यक के मोहम्मद मिस्टर आलम को बनाए जाने पर कार्यर्ताओं ने स्वागत किया। मांडू चट्टी पंचायत निवासी मोहम्मद मिस्टर आलम को रामगढ़ जिला सचिव पद पर मनोनीत रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव शिव शंकर गझू, आकाश ओझा, जावेद हुसैन,जमुना प्रसाद,अर्जुन राम,श्याम कुमार सिंह,नंदकिशोर , अखिल प्रसाद,सत्येंद्र प्रसाद,बीरबल कुमार,मोहम्मद मोबीन,रविंद्र मुर्मू आदि मौजूद थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के देवरिया रेलवे ट्रैक में ट्रेन की चपेटे में आने से शुक्रवार की सुबह एक युवक की मौत हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना भदानीनगर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच घटना के बावत जांच-पड़ताल की। साथ ही शिनाख्त के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी अनुसार देवरिया निवासी भुनेश्वर माहली का 30 वर्षीय पुत्र आनंद महली शुक्रवार की सुबह देवरिया रेलवे ट्रैक पोल संख्या 113/41 पार कर रहा रहा था। इसी बीच ट्रेन हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। इधर शव देखकर लोगों का कहना है की यह रेल दुर्घटना है या आत्महत्या यह या हत्या यह जांच के बाद ही पता चल सकेगा। वहीं पुलिस रेल दुर्घटना है की हत्या या आत्महत्या तीनों पहलुओं पर बारीकी से जांच-पड़ताल में जुटी है। घटना के बाद घटनास्थल पर रेलवे पुलिस और भदानीनगर पुलिस पहुंच मामले की छानबीन की। वहीं भदानीनगर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### अबुआ आवास को लेकर मुखिया संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

बड़कागांव ।अबुवा आवास योजना की प्राथमिकता सूची को ग्राम सभा कार्यकारिणी से लेने की मांग को लेकर बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन प्रागण में बड़कागांव मुखिया संघ की बैठक संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय दिया गया है। तथा सरकार से मांग किया गया है कि अबुवा आवास योजना को ग्राम सभा कार्यकारिणी द्वारा प्राथमिकता सूची को ही जियो टैग करने से वास्तविक लाभुको मिल पाएगा अगर ग्राम सभा कार्यकारिणी की प्राथमिकता सूची को प्राथमिकता नहीं देने पर सरकार की योजना गरीबों असहाय योजना से वंचित रह जाएंगे। इसको लेकर मुखिया संघ ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम सभा कार्यकारिणी द्वारा प्राथमिकता सूची को जियो टैग करने की मांग की गई है। इसकी प्रतिलिपि माननीय विधायक अंबा प्रसाद, उपायुक्त हजारीबाग,ग्रामीण विकास मंत्री झारखंड रांची को सौपा गया है ।मौके पर मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष पारस नाथ प्रसाद, मुखिया संघ के प्रखंड उपाध्यक्ष इलियास अंसारी,सचिव बासुदेव यादव,कार्यालय सचिव अनिकेत नायक,सुलेखा कुमारी,प्रवक्ता तकरीमउल्हा गीता देवी, लीलावती कुमारी .मुखिया प्रतिनिधि चंदन पूरी,कमला देवी,पूजा कुमारी,कविता कुमारी, विमला कुमारी, प्रभु महतो सहित सभी मुखिया मौजूद थे ।

विधायक उमाशंकर अकेला ने ग्रामीण जलापूर्ति पुनरुद्धार योजना का किया शिलान्यास, कहा

# सभी ग्रामीणों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड के पूर्वी पंचायत में करीब 10 करोड़ की प्राक्कलित राशि से बनने वाले ग्रामीण जलापूर्ति पूर्णउद्धार योजना का शिलान्यास विधायक उमाशंकर अकेला के हाथों शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया ।कार्यक्रम में विधायक उमाशंकर अकेला के अलावा बरही एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ नौशाद आलम, सर्किल इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा भी मौजूद रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी व संचालन प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू ने किया ।कार्यक्रम में विधायक श्री अकेला ने कहा कि ग्रामीणों को शुद्ध और पर्याप्त पीने का पानी मिले, इसे लेकर बरही ग्रामीण जलापूर्ति पूर्णउद्धार योजना का शिलान्यास किया गया है।



इस योजना से पांच पंचायत बरही पूर्वी, पश्चिमी, कोनरा, बेन्दगी व रसोइया धमना के दर्जनों गांवों में रहने वाले लोग लाभान्वित होंगे।

श्री अकेला ने कहा कि योजना को करीब 10 करोड़ रुपये की प्राक्कलित लागत से पूरा किया जाएगा, जिससे 6500 परिवारों के लोग लाभान्वित होंगे।

विधायक ने कहा कि बरही में विगत कई वर्षों से पेयजल की समस्या बनी हुई थी, जब से बरही की जनता ने उन्हें निर्वाचित कर विधानसभा भेजने का काम किया है तब से वह

#### पाइप लाइन से 5 पंचायत के 6500 घरों में पहुंचेगा पानी

पेयजल की समस्या को लेकर प्रयासरत है और अब बरहीवासियों को पेयजल की समस्या से जूझना नही पड़ेगा। उनके घर तक पेयजल पहुंचाया जाएगा। कहा कि जनप्रतिनिधि की नैतिक जिम्मेवारी बनती है कि जनता को मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाएं। मौके पर विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखण्ड प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, बासुदेव यादव, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, रघुवीर यादव, मो वारिस अंसारी, अशोक सिंह, रिजवान अली सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# पिंडरा खदान का अवैध मुहाना धंसा, महिला की दबकर मौत

#### ग्रामीणों ने प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के पिंडरा परियोजना के बंद पड़े खुली खदान में बने अवैध मुहाना से कोयला निकालने के दौरान शुक्रवार को अचानक चाल धंस गया। जिसमें दब कर एक महिला की मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। साथ ही काफी मशक्कत के बाद महिला शव को बाहर निकाला गया। बताया जाता है कि हुवाग कठरेहवा टोला निवासी अनिता देवी(30 वर्ष) पति गोविंद महतो शुक्रवार पिंडरा के बंद पड़े खुली खदान में बने अवैध मुहाना से कोयला निकाल रही थी। इसी दौरान अचानक चाल धंस गया। जिससे उसकी चाल के नीचे दब जाने से मौत हो गयी। ग्रामीण काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाल कर घर ले गए। ग्रामीणों ने बताया कि मृतका का पति बाहर कार्य करता है। वही महिला अपनी जीविकोपार्जन के लिए उक्त खदान से कोयला निकालकर अपने बच्चो का



भरणपोषण करती थी। महिला के तीन बच्चे है, जिसमे एक पुत्र व दो पुत्री है। सभी का रो रो कर बुरा हाल है।

घटना के बाद ग्रामीणों ने कहा कि प्रबंधन की लापरवाही के कारण आज यह घटना घटी है। खदान में न कोई अधिकारी रहते है और न ही कोई सुरक्षा कर्मी। जिसके कारण यह घटना घटी। और तो और जो कर्मी परियोजना में कार्यरत थे उनका स्थांतरित कर तोपा परियोजना भेज दिया गया। अब ग्रामीण महिलाएं अपनी जीविका के लिए उक्त खदान में जाकर कोयला निकालती थी। ग्रामीणों ने कहा कि खदान के पास वालगार्ड नही रहने के कारण मवेशी भी गिरकर मर चुके है।

### डिप्लोमा छात्रों के लिए वरदान साबित होगा क्लासेस : अवधेश सिंह




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एसएससी कोचिंग सेंटर पटेलनगर भुरकुंडा में टेक्निकल क्लासेस शुरू की गई है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के लिए टेक्निकल क्लासेस शाम 3 बजे से प्रारंभ की गई है। जो विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं और जो डिप्लोमा एवं आईटीआई विद्यार्थी हैं, उनके लिए सीसीएल, एनसीएल, सेल, वेल, आइओसीएल, रेलवे, एचपीसीएल, जेएसईबी, ओपीटीसी, एसएससीजेई, कोल इंडिया, एनटीपीसी व सीपीडब्लूडी के लिए तैयारी कराई जा रही है। निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि जो विद्यार्थी आईटीआई और डिप्लोमा धारक हैं, उनके लिए क्षेत्र में टेक्निकल क्लासेस का अभाव था जिसे देखते हुए विद्यार्थियों के मांग के अनुसार क्लासेस प्रारंभ की गई है।

### दोतल्ला पंचायत को जीरो ड्रॉप आउट करने के लिए संकल्पित हूं : सत्यवंती



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रीवर साइड बुधबाजार दोतल्ला पंचायत के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा में शुक्रवार को मुखिया सत्यवंती देवी एवं पिरामल फांउडेशन के सदस्यों के समूह द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जन सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये विद्यालय का भ्रमण किया गया। साथ ही विद्यालय के लाइब्रेरी, कक्षा, रसोई घर एवं अन्य गतिविधियों का जायजा लिया गया। विद्यालय के गतिविधियों एवं क्रियाकलापों को देखकर पीरामल फाउंडेशन के टीम द्वारा काफी संतुष्टि व्यक्त करते हुये विद्यालय प्रबंधन समिति, प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं मुखिया को धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर मुखिया सत्यवंती देवी ने बताया कि हमलोग पंचायत को जीरो ड्रॉप आउट करने के लिए दृढ़ संकल्पित है और जल्द ही इसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा की विद्यालय में निरंतर छात्र-छात्राओं को पठन पाठन में अभीरुचि रखने के लिये कई तरह के कार्यक्रम कराए जा रहे है। इस अवसर पर पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, पीरामल फाउंडेशन के उदय चंद्रकांत जोशी, देवेश देसाई, संतोष मल्लिक, सिल्वेस्टर टोप्नो, प्रवीण, मिथुन, ऋषिकेश, शाहिद, शिक्षिका अनीता तिवारी, रीता एवं बाल संसद के प्रधानमंत्री आकाश जायसवाल, उप प्रधानमंत्री आंचल कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## श्री अग्रसेन स्कूल में मेंस्ट्रुअल हेल्थ एंड हाइजीन पर जागरूकता कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल पटेलनगर भुरकुंडा में छात्राओं के लिए शुक्रवार को मेंस्ट्रुअल हेल्थ एंड हाइजीन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य वक्ता प्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉ निधि बजाज, करुणा राजगढ़िया सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने मुद्दे की गंभीरता से अवगत कराते हुए कहा कि अपनी बेटियों के स्वस्थ जीवन के लिए सबसे पहले माता-पिता दोनों को झिझक छोड़नी होगी। पीरियड्स पर बच्चियों से खुलकर बात करने की जरूरत है। मुख्य वक्ता डॉ निधि बजाज ने कहा कि पीरियड एक सामान्य प्रक्रिया है, इसे प्रॉब्लम न समझें। पहले के जमाने में संसाधनों के अभाव में महिलाओं को काफी कठिनाई होती थी। लेकिन अब वक्त बदल रहा है। लोग भ्रांतियों से भी मुक्त हो रहे हैं। हर समय हमारी कोशिश इस मुद्दे पर समाज की सोच को बदलने और महिलाओं को जागरूक बनाने की होनी चाहिए। उन्होंने कहा की अशिक्षा के कारण मौजूद भ्रांतियां महिलाओं का जीवन इस अवस्था में कठिन बना देती है।




जबकि यह अवस्था गौरव की अनुभूति करने वाला है। इसी से हमारी सृष्टि है। उन्होंने सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करने, मुश्किल दिनों में स्वच्छता का ख्याल रखने, दिनचर्या को सामान्य रखने, खानपान पर ध्यान देने, यौन उत्पीड़न के मामलों का साहस पूर्वक सामना करने, गुड टच और बैड टच को समझने की बात कही। ओपेन सेशन में डॉ बजाज ने छात्राओं, बच्चों की माताओं और शिक्षिकाओं के सवालों का जवाब दिया। मंच संचालन दीपिका तिवारी और धन्यवाद ज्ञापन सोनम खातून ने किया। मौके पर सुनीता गुप्ता, समिता कुलावी, सरिता कुमारी, रंजू देवी, पूजा कर्ण, अर्चना भारती, बबीता

# शिलान्यास के एक वर्ष बाद भी शुरू नहीं हुआ काम

#### झरपो से गाड़ी साड़म तक सड़क मरम्मती का मामला

संदीप पांडेय

टाटीझरिया। प्रखंड क्षेत्र के झरपो तिरंगी मोड़ समीप झरपो से गाड़ीसाडम तक ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत झरपो से गाड़ी साडम तक 7.950 किलोमीटर सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास 20 फरवरी कोडरमा लोकसभा संसदिय क्षेत्र के सांसद अनुपूर्णा देवी बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के हाथों उद्घाटन किया गया था। एक वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक काम शुरू नहीं किया गया है। यह सड़क में कई चार पहिया वाहन,मोटर साईकिल,साइकिल ,पैदल राहगीरों का प्रतिदिन आवागमन लगा रहता है। सड़क में बने गड्ढो से लोग परेशान है। एक वर्ष बाद भी काम शुरू नही होने के बाद यहां के ग्रामीण इस



संबंध में शुक्रवार को झरपो के तिरंगी मोड़ चौक बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिला परिषद सदस्य रामप्रसाद, स्थानीय मुखिया शिबू प्रसाद सोनी से सड़क का कार्य जल्द शुरू नहीं होने की शिकायत किए है। जनता की शिकायत पर पूर्व बरकट्ठा विधायक जानकी यादव ने कहा की एक वर्ष में काम शुरू नहीं हुआ यह दुर्भाग्य की बात है विभाग से बात करेंगे। स्थानीय मुखिया सह 20सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी ने कहा की सरकार की योजना धरातल में होना चाहिए शिलान्यास किए विगत एक वर्ष बीत गया सिर्फ शिलापट्ट नजर आ रहा है वही शिलापट्ट में खुदाई कर अंकित किया गया उद्घाटन तिथि 20/02/2023 को रंग रोगन से मिटा दिया गया है जो योजना कार्य का नही होना उद्घाटन तिथि का गायब हो जाना यह एक संदेहास्पद मामला प्रतीत होता है ।नजदीक से देखने पर ही उद्घाटन तिथि को देखा जा सकता है। वही सड़क ऊबड़ खाबड़ जहां यहां गड्ढा होने के कारण जनता काफी परेशान हो रही है ।उन्होंने कहा की विभाग से मिलकर जल्द बात करते है। जिला परिषद सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी ने कहा की एक साथ ठेकेदार कई जगह काम ले लेता है। कहीं इस सड़क पर कागजी खानापूर्ति कर विभाग को धोखा दिया हो हजारीबाग डीसी से मिलकर जर्जर सड़क मरम्मती नहीं होने से मामले से अवगत करवाएंगे। मौके पर राजकुमार नायक, अरविंद केशरी, इब्राहिम अंसारी,जितेंद्र पासवान ,वार्ड सदस्य रवि यादव, रोहित माली, सुरेश प्रसाद, यमुना सिंह, संतोष कुमार,महेश प्रसाद ,मनोज महतो ,लाल देव रविदास समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### पूर्व विधायक ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**इचाक।** प्रखंड के गोबरबांदा गांव के टावर मोहल्ला में शुक्रवार को 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, उप प्रमुख सत्येंद्र मेहता एवं 20सुत्री अध्यक्ष मनोहर राम ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया । जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि पूर्व में ट्रांसफार्मर के जल जाने से गोबरबांदा गांव के टावर मोहल्ला में अंधेरा छा गया था । ग्रामीणों के आग्रह पर पहल किया गया और ट्रांसफार्मर लगाया गया । मौके पर समाजसेवी राजेंद्र मेहता , राजकुमार नायक , अभिषेक कुमार , राजेश मेहता , गोविंद मेहता , कालीचरण मेहता, सर्फुल हक , मुन्ना , सफीक अंसारी, प्रमोद कुमार, भुनेश्वर राणा, कैलाश मेहता , राजु मेहता, बाबू समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### बहेरा मुखिया ने बच्चों को दिया किट



**चरही।** चुरचू प्रखंड के बहेरा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चे- बच्चियों के बीच शुक्रवार को बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो,बहेरा पंसस शक्ति देवी, विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी, वार्ड सदस्य आशा मुनि टुडू ने संयुक्त रूप से विद्यालय के बच्चे-बच्चियों के बीच कलम,पेनसिल, रबर,कटर,स्टॉम बॉक्स, वितरण किया गया।। वितरण करने के बाद अपने मद से मुखिया देवकी महतो ने बहेरा स्कूल के बच्चे बच्चियों को साइंस किट दिया गया ।मौके पर प्रधानाध्यापक महेंद्र राणा, शुभंकर मिश्रा,नंदलाल रविदास,प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र राय, कलावती देवी,कोलेशरी देवी,सहित कई बच्चे बच्चियां मौजूद थे।

### पेड़ से टकरायी बस, बाल-बाल बचे यात्री

**चरही** ।चरही थाना क्षेत्र के ओभर ब्रीज के पास आशिर्वाद लाइन होटल के समीप शुक्रवार सुबह 6 बजे एक यात्री बस पेड़ से टकरा गई ।उस पर सवार 15 से 20 यात्री बाल-बाल बचे ।जानकारी के अनुसार बस नंबर यूपी 72एटी/0102 बनारस से रांची जा रही थी ।बाईं ओर की अगला टायर को फट जाने से बस की संतुलन बिगड गई ।और सीधे पेड़ से जाकर टककरा गई ।बस पर सवार सभी यात्री बाल-बाल बच गए ।किसी को हताहत होने की सूचना नहीं है ।पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर सभी यात्रियों को सुरक्षित दूसरे बस पर बैठाकर गंतव्य स्थानों की ओर भेज दिया।

### प्रमुख ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**चरही।** चुरचू प्रखंड चरही मासी मार्शल स्कूल वार्षिक मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा चल रहा है ।इस दौरान चूरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया ।इसमें उन्होंने पाया की परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांति पूर्ण तरीके से हिंदी, खोरठा,उर्दू,संस्कृत और अंग्रेजी विषय का संचालित हो रहा है ।निरीक्षण दौरान केंद्र अधीक्षक सुरेश प्रसाद,वीणा टूटी,किशोर कुमार ठाकुर,दशरथ प्रसाद,गणेश राम, नीलाभ मिश्रा,रामेश्वर उरांव,सचिंद्र कुमार झा को दिशा निर्देश दिया कि परीक्षा कदाचार मुक्त और शांति पूर्ण स्थित में कराया जाए।

### बड़कागांव : ग्रामीणों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

**बड़कागांव।** अडाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड को कोयला मंत्रालय द्वारा आवंटित गोंदलपुरा खनन परियोजना के लिए शुक्रवार को जिला प्रशासन ने बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में ग्राम सभा का आयोजन किया। इस दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी मे सेंटर फॉर एडवांसिंग एंड लॉन्चिंग एंटरप्राइजेज (क्रेडल) के सलाहकार भी मौजूद थे। हालांकि इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपना विरोध जताया। महिलाओं समेत ग्रामीण हाथों में बैनर पोस्टर लेकर मौजूद रहे और नारे भी लगाए। विरोध के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से लिखित रूप में अपनी शिकायत, मांगों और विरोध को दर्ज करने का अनुरोध किया, जिसके बाद ग्रामीणों ने अपना आवेदन ब्लॉक में मौजूद अधिकारियों को सौंप दिया। इससे पहले बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने ग्राम सभा के आयोजन की मांग को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा था और अपनी मांगे रखी थी। ग्रामीणों ने कहा था कि खदान खुलने से रोजगार और आजीविका के अवसर उपलब्ध होंगे, इसलिए जल्द परियोजना का संचालन शुरू होना चाहिए ।इस दौरान क्रेडल एजेंसी के अधिकारियों ने परियोजना के भू-अर्जन के कारण होने वाले संभावित विस्थापितों और परिवारों के लिए बनी पुनर्वास योजना के बारे में भी जानकारी दी ।इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने ग्रामीणों के निवेदनों को दर्ज किया। मौके पर दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे, अंचल अधिकारी बालेश्वर राम, सीआई अनुज कुमार, राजस्व कर्मी आशीष कुमार, जितेंद्र कुमार, और थानेदार विनोद तिर्की आदि मौजूद थे।

### बैजनाथ यादव से मिले मंजीत यादव



बरही। विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव ने राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह यादव महासभा के प्रदेश महासचिव बैजनाथ यादव से उनके निवास स्थान पर जाकर भेंट किया ।इस बाबत श्री यादव ने इस भेंट को शिष्टाचार भेंट बताया ।उन्होंने बताया कि महासचिव बैजनाथ यादव से मिलकर फाउंडेशन द्वारा किये गए जनहित मुद्दों के संबंध में विशेष बातें हुई ।उन्होंने फाउंडेशन के द्वारा किये जा जा रहे कार्यशैली को समझते हुए फाउंडेशन अध्यक्ष मंजीत यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्थानों की पहली प्रथमिकता जनहित मुद्दों को आगे लाने की जरूरत है। फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे नेक कार्य के लिए अध्यक्ष मंजीत यादव के साथ फाउंडेशन की पूरी टीम को उन्होंने बधाई दी है, बधाई देने वालों में कोल इंडिया इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष तपन पांडे धनबाद माटीगढ़ पंचायत के पंचायत समिति सदस्य वीरेंद्र कुमार हिंदी फिल्म मेरे साथी मेरे प्यार के कलाकार गोपालचंद गोप समेत अन्य लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### यात्री भाड़ा निर्धारित करने की मांग

**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला को आवेदन देकर जिले में यात्री किराया निर्धारित करने की मांग की है। दिये गये आवेदन पत्र में उन्होंने कहा है कि यदि प्रति किलो मीटर यात्री किराया निर्धारित है तो किराये की तालिका का प्रचार प्रसार कराया जाय यदि यात्री किराया निर्धारित नहीं किया गया है तो प्रति किलो मीटर किराया निर्धारित किया जाय।

### यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों को माला पहना कर किया जागरूक


माला पहनाकर यातायात नियम की जानकारी देते डीएसपी।

**गुमला।** जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप के द्वारा एवम मोटरयान निरिक्षक रोबिन अजय सिंह, मुख्यालय डीएसपी रविन्द्र टोप्पो एवम सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा संयुक्त रूप से यातायात के नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए गांधीगीरी के तर्ज पर दुपहिया वाहन चालकों जो बगैर हेलमेट एवं चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले लोगों को फुल की माला पहना कर उन्हें यातायात नियमों के पालन करने का आग्रह किया गया। वैसे वाहन चालक जो हेलमेट पहने हुए थे और सीट बेल्ट लगाकर चार पहिया वाहन चला रहे थे। उन्हें गुलाब का फुल देकर जागरुक किया गया। डीटीओ ने कहा कि जिले में यातायात नियमों के पालन को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद भी नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी, रोड इंजिनियरिंग ऐनलिस्ट प्रणय कांशी,कफअऊ के रामानन्द महाराज एवम अशोक कुमार शामिल थे।

### वृद्धावस्था पेंशन के लिए योग्यता आयु 60 से घटाकर 50 वर्ष सरकार ने की


जागरूकता रथ को रवाना करते उपायुक्त।

**गुमला।** राज्य सरकार के निदेशार्नुसार मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन के लिए योग्यता आयु 60 से घटाकर 50 कर दी गई है जिसके मद्देनजर जन जागरूकता के उद्देश्य से आज शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा तीन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर जिला मुख्यालय से रवाना किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता गुमला, जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक, जिला श्रम अधीक्षक, जिला नियोजन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी भी मौजूद थे। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के द्वारा निकाली गई यह जागरूकता वाहन सुदूरवर्ती क्षेत्रों में ग्रामीणों को योजना एवं इससे मिलने वाले लाभ के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगी। ज्ञात हो कि राज्य वृद्धि योजना के तहत राज्य के वृद्ध महिलाओं एवं पुरुषों को सरकार के द्वारा प्रत्येक माह 1000 रुपए की सहायता व पेंशन की राशि दी जाती है। पहले उक्त योजना का लाभ राज्य के 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को मिलता था। परंतु राज्य सरकार के सम्यक विचारोपरांत राज्य की महिलाओं तथा अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के 50-60 वर्ष आयुवर्ग के व्यक्तियों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

### प्रखंड स्तरीय अंजुमन इस्लामिया कमेटी चुनाव की सरगरमी, डोर टू डोर संपर्क



**भंडरा।** प्रखंड में आगामी 14 फरवरी को होने वाली प्रखंड स्तरीय अंजुमन इस्लामिया कमेटी चुनाव को लेकर सरगमी तेज हो गई है। भंडरा के चौक-चौराहों से लेकर मस्जिद में जुमा के नमाज में भी अंजुमन चुनाव की चर्चा तेज हो गई। सदर-सेक्रेटरी पद के उम्मीदवार गांव-गांव घूम अंजुमन कमेटी से जुड़े वोटरों को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। भंडरा के प्रखंड स्तरीय अंजुमन इस्लामिया कमेटी के नाजिमे ए आला हैदर अंसारी ने कहा कि भंडरा में सभी पद के उम्मीदवार को चुनाव चिन्ह दे दिया गया है। जिसमें नायाब सेक्रेटरी व खजांची पद के उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए है। जबकि सदर पद के लिए परवेज अंसारी, आफताब आलम, सेक्रेटरी पद के लिए मंसूर अंसारी, अब्दुल रउफ, साजिद अंसारी, नायाब सदर के लिए महमूद अंसारी, मुमताज अंसारी मैदान में है। साथ ही उन्होंने कहा कि चुनाव आगामी 14 फरवरी को कुंबाटोली स्थित कार्यालय में सुबह के नौ बजे से दो बजे तक मतदान के बाद तीन बजे से मतगणना के माध्यम से संपन्न कराया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। मतदान में पहुंचने वाले मतदाता को आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

### नियामवाली में संशोधन को लेकर चेंबर अध्यक्ष व कमेटी सदस्यों की हुई बैठक

गुमला। चेंबर ऑफ कॉमर्स की आवश्यक बैठक होटल बिंदेश में चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के नियमावली संशोधन समिति के सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें समिति के सदस्य ने संशोधन को लेकर अपने-अपने विचार दिये। बैठक में कई विषयो पर चर्चा हुई। ज्ञात हो कि संशोधन के लिये चेंबर अध्यक्ष के द्वारा पूर्व अध्यक्ष कि कमेटी गठित की गई थी ताकि उनका अनुभव का लाभ चेंबर के हित में उठाया जा सके। इस कमेटी की अगली बैठक 14 फरवरी को एक बार फिर से रखी गई है। बैठक में चर्चा के बाद संशोधन को फाइनल कर दिया जायेगा। उसके बाद कि प्रक्रिया यह होगी कि गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स कार्यसमीति की बैठक में पास कराया जायेगा। उसके बाद आम सभा बुला कर आमसभा में पास कराया जायेगा। उसके अगले सत्र में इसे व्यापारी हित मे लागू कर दिया जायेगा।

ट्रांसफर-पोस्टिंग, जमीन व कोयला घोटाले की जांच में ईडी को मिले पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ सबूत

# ईडी जांच से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दावों की खुली पोल : अरूण उरांव

- कोल इंडिया की ओर से सिविल सर्जन से मुलाकात कर नयी सामग्री उपलब्ध कराने का अरूण उरांव ने दी जानकारी

**झारखंड में नौकरी के नाम पर युवाओं को ठगने का लगाया आरोप, हर साल पांच लाख नौकरी देने का वादा झारखंड सरकार का साबित हुआ खोखला**

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रेस कान्फ्रेंस करते भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता।



सिविल सर्जन से वार्ता करते भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व अन्य।

**गुमला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अरूण उरांव ने कहा है कि झारखंड में ट्रासफर पोस्टिंग उद्योग, कोयला घोटाला व जमीन घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नाम ईडी जांच में सामने आया है। बड़े पैमाने पर पैसे लेकर अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। सेना की जमीन बेच दी गई। फिर भी आदिवासी कार्ड खेलकर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने को प्रताड़ित करने की बात कही थी। जिसका पोल खुल गया है। ईडी को विनोद सिंह व पूर्व मुख्यमंत्री के बीच हुए चैट मिले हैं। जिसमें स्थानांतरण के नाम पर लाखों रुपए लेने की बात का खुलासा हुआ। वहीं सीआई भानू के घर हुए छापामारी में एक ट्रंक जमीन के सरकारी दस्तावेज मिले थे। श्री उरांव शुक्रवार को स्थानीय परिसदन में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में उक्त बातें कहते हुए पूरी तरह पूर्व मुख्यमंत्री पर हमले करते नजर आये। उन्होंने कहा कि झामुमो कहता रहा कि हेमंत सोरेन के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। परंतु सबूत मिलने के बाद उनके प्रवक्ता चुप हो गये हैं। श्री उरांव ने कहा कि राज्य के बेरोजगार युवकों को हेमंत सोरेन ने केवल ठगने का काम किया है। हर साल पांच लाख नौकरी देने का वादा उनका खोखला साबित हुआ है। वहीं जेएससीए के कार्यालय में आंदोलन कर रहे युवाओं पर सरकार ने केस दर्ज करा दिया। जबकि केस विभाग के चैयरमेन में होना था। बच्चों ने कड़ी मेहनत कर परीक्षा दी। जिसे रद्द किया गया। सरकार ब्लैक लिस्टेड कंपनी को परीक्षा लेने की जिम्मेवारी दी थी। जिसे युवाओं का भविष्य चौपट हो गया। वहीं इस मामले में जांच अधिकारियों की नियुक्ति का मामला भी सवालों के घेरे में है। ईडी छापामारी में विनोद सिंह के घर से भारी मात्रा में एडमिट कार्ड बरामद किया गया है। उन्होंने उक्त मामले में झारखंड के नये सीएम चंपई सोरेन से जांच कमेटी गठित कर जांच कराने की मांग की है। उन्होंने समान नागरिक संहिता उतराखंड राज्य में लागू होने पर कहा कि इस कानून से विवाह, तलाक, उतराधिकारी सहित कई मामलों का समाधान होगा। साथ ही ह्यूमन राईट्स वोल्यूशन खत्म होगा। इसके बाद श्री उरांव भाजपा नेताओं के साथ सिविल सर्जन राजू केरकेट्ट से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सिविल सर्जन से अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली और कहा कि कोल इंडिया अस्पताल में नये मशीन व अन्य सहयोग करना चाहती है। ताकि जिले के लोगों को गुमला सदर अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल पाये। सिविल सर्जन ने कई चीजों की ओर प्रदेश प्रवक्ता का ध्यान आकृष्ट कराया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहु, महामंत्री मिशिर कुजूर, पूर्व जिलाध्यक्ष सविंद्र सिंह, विजय मिश्रा, निर्मल गोयल, बाघंबर ओहदार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### फाइलेरिया उन्मूलन के लिये दवा सेवन करने को किया गया जागरूक

लोहरदगा। कस्तूरबा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स, लोहरदगा में शुक्रवार को फाइलेरिया उन्मूलन हेतु दवा सेवन कार्यक्रम एमडीए को लेकर जागरूक किया गया। जिसमे सीआरपी नीलू गोयल, प्रिंसीपल, सभी शिक्षक और पिरामल टीम सदस्य ने बच्चों को फाइलेरिया बीमारी के बारे में जानकारी दी। जिसमे फाइलेरिया के लिए एमडीए प्रोग्राम 10 फरवरी से लेकर 25 फरवरी तक चलेगा। जिसमे सभी लोगो दवा सेवन करना है। और दवा कितनी है। कब कब खानी है। किन किन लोगों को नही खानी है। इसके बारे में जानकारी दिया गया। फाइलेरिया का दवाई खाना जरूरी क्यू है ये भी बताया गया। बच्चो के द्वारा स्कूल से फाइलेरिया जागरूकता के लिए रैली भी निकाली गई। जिसमे 240 बच्चे शामिल थे। इस रैली में प्रधानाध्यापक, सीआरपी नीलू गोयल, सभी शिक्षक, पीरामल फाउन्डेशन से अजय राठोड़ और बच्चे उपस्थित थे।

## भारत रत्न की घोषणा पर पीएम का आभार जताया

खबर मंत्र संवाददाता


ओम प्रकाश सिंह।

**लोहरदगा।** भाजपा झारखंड प्रदेश के कार्य समिति सदस्य सह वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह, स्वर्गीय पी वी नरसिम्हा राव और कृषि के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करने वाले एम एस स्वामीनाथन को भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हुए इसे एक ऐतिहासिक निर्णय बताया है। उन्होंने केंद्र सरकार तथा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसके लिए साधुवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान करने वाले विभूतियों को उचित सम्मान दिये है। चौधरी चरण सिंह ने देश के किसानों को एक नई दिशा दी थी और इनका योगदान देश कभी नहीं भूल सकता। पी वी नरसिम्हा राव ने भी राजीव गांधी की मृत्यु के बाद देश का नेतृत्व किया था और आर्थिक क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाया। वहीं एम एस स्वामीनाथन ने कृषि के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देकर देश में हरित क्रांति लाई थी। ये सभी विभूति इस सम्मान के सही हकदार हैं। इस निर्णय का स्वागत भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व मंत्री सधनु भगत, बृज बिहारी प्रसाद, श्रीचंद्र प्रजापति, राज किशोर महतो, राजमोहन राम, संजय बर्मन, देवाशीष कार, दीपक सर्राफ, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव, कलावती देवी, अनिल पांडे, अजय मित्तल, शशि भूषण सिंह, अतुल कुमार और मिथुन तमेड़ा ने किया है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ ने कर्मियों के साथ की बैठक


बैठक में शामिल बीडीओ व अन्य।

- सेक्टर मजिस्ट्रेट व कर्मियों को आपस में सामंजस्य स्थापित कर कार्य करने का दिया निर्देश

खबर मंत्र संवाददाता

**जारी।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर बूथ सत्यापन कि तैयारी शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को जारी प्रखंड के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि संदीप सोरेन ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट के मुखिया, पंचायत सेवकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने ने सेक्टर मजिस्ट्रेट व कर्मियों को आपस में सामंजस्य स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। इसके लिए संयुक्त रूप से मतदान केंद्रों का सत्यापन कर वहां उपलब्ध संसाधनों की जानकारी उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों का नक्शा, रूट चार्ट व बूथ पर बिजली, पानी रैम्प, शौचालय भवन किस तरह है। आदि सभी सुविधाओं की जानकारी का भी कार्यालय को सुनिश्चित करें। उन्होंने आगे कहा कि किस बूथ की दूरी प्रखंड मुख्यालय से कितनी है। और वहां जाने के लिए सडक की स्थिति कैसी है।बूथ के नजदीक कोई असमाजिक तत्व के लोग तो नही हैं। जो बूथ पर मतदाताओं को मतदान के समय कोई परेशानी हो। उसका अवलोकन कर कुछ लोगो का नाम पता अंकित करते हुए उसका मोबाइल नम्बर भी अपने पास रखे। इसके अलावे रिपोट भी ससमय देने को कहा। बैठक में प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा, बीपीओ कांति कुमारी, रजनी मिंज, माइकल कुजूर, विनय एक्का, वसीम खान, अरुण साहू, एडविन खाखा, नागेंद्र उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बीडीओ ने कर्मियों संग की बैठक, आगामी चुनाव, अबुआ आवास व मनरेगा पर समीक्षा


बैठक करते बीडीओ।

खबर मंत्र संवाददाता

**भंडरा।** आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर प्रखंड प्रशासन ने प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी। चुनावी तैयारी की समीक्षा के लिए बीडीओ रंजीत सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कर्मियो संग मैराथन बैठक हुई। बैठक में बूथों के रीलोकेशन से लेकर उग्रवाद प्रभावित बूथों को चिह्नित करने और सुरक्षा के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रखंड मुख्यालय में आयोजित बैठक में कर्मियो को पूरी तरह से चुनावी मूड में गंभीरता से कार्य करने का निर्देश बीडीओ ने दिया। बैठक में बूथों के सत्यापन और उसके रीलोकेशन के लिए पूर्व में दिए गए निदेर्शों की समीक्षा की गई। इसमें सभी कर्मियो को बूथों का भौतिक सत्यापन करना था, जिसमें बूथों पर पानी, बिजली, रैंप आदि सुविधाओं की उपलब्धता के साथ भवन की स्थिति के बारे में भी रिपोर्ट करनी थी।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में क्लस्टर पर भी सभी प्रकार की सुविधाएं सुनिश्चित कराने की आवश्यकता जताई है। उसके तहत ने बीडीओ ने कर्मियो को हिदायत दी कि सभी क्लस्टरों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो इसे सुनिश्चित की जाए। बैठक ने बीडीओ ने अबुवा आवास योजना में लाभुको को ससमय आवास पूरा कराने की बात कही । वही मनरेगा के सभी कार्य को चुनाव के पूर्व पूरा करने का निर्देश दिया । इस मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर, समन्वयक नितलेंद्र कुमार, तिवारी भगत, महिपाल भगत, राधे कुमार सहित सभी कर्मी मौजूद थे।

कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने जमकर लगाए भगवान के जयकारे

# प्राण प्रतिष्ठा को ले निकली भव्य कलश यात्रा

खबर मंत्र संवाददाता


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।


कलश यात्रा में उमड़ी भीड़।

**लोहरदगा।** शहर के पुराना शुक्र बाजार अजय पार्क के समीप नवनिर्मित हनुमान भगवान एवं विश्वकर्मा भगवान के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को सिठियों कोयल तट से भव्य कलश यात्रा निकाला गया। इस कलश यात्रा में 1501 श्रद्धालुओं महिलाएं किशोरियों एवं सनातन लोगों ने भाग लिया। इस दौरान आचार्य जयशंकर मिश्र चंद्रशेखर मिश्र आदि ने कलश का संकल्प कराया। इसके बाद यात्रा शुरू हुई, जो सेरेंगहातू, बीएस कॉलेज रोड, सोबरनटोली एवं बरवा टोली चौक शुक्र बाजार अजय पार्क होते हुए श्री सिद्धि विनायक हनुमान मंदिर परिसर पहुंची जहां कलश स्थापित की गई। इस क्रम में भक्त ने हनुमान एवं विश्वकर्मा भगवान के गगन भेदी जयकारे से पूरा वातावरण गुजिंयामान हो गई। कलश यात्रा के क्रम में सेरेंगहातु बरवाटोली मंदिर आदि जगहों पर भक्तों का स्वागत किया गया। आचार्य जयशंकर मिश्र, चंद्रशेखर मिश्र, पंकज मिश्र, परमानंद मिश्र, गोपाल मिश्रा द्वारा यजमान सरोज प्रजापति पत्नी सरिता देवी, दीपक अग्रवाल पिंकी अग्रवाल, महेंद्र प्रजापति यशोदा देवी, विनय शर्मा पत्नी जयंती देवी ,रवि शंकर शर्मा पत्नी नीलम शर्मा के साथ द्वार पूजन मंडप प्रवेश ब्राह्मण वरण बेदी स्थापना सर्व देव पूजन हवन आरती एवं पुष्पांजलि पूजन कराया गया। साथ ही संध्या में आरती किया गया इस इस क्रम में आचार्य जयशंकर मिश्र ने भक्तों को बताया कि विश्व कल्याण हेतु कलश यात्रा होता है। कलश यात्रा का फल भक्त जितना पद कलश लेकर चलते हैं उतना अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। बेदी स्थापना सर्व देव पूजन से मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। मौके पर प्रसाद एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हर तरफ उत्साह देखा गया आसपास के क्षेत्र भक्ति में डूबा रहा। वही मंदिर को फूलों, विद्युत सज्जा फाटक से आकर्षक ढंग से सजाया संवारा गया था साथ ही पूरे क्षेत्र में झंडा, पट से पाट दिया गया था। मौके पर अध्यक्ष सरोज प्रजापति, दीपक अग्रवाल, महेंद्र प्रजापति, अजय प्रजापति, दुर्गा प्रजापति, विनोद प्रसाद, कुलदीप, राहुल कुमार, पप्पू, कन्नू, विनय शर्मा, नवल अग्रवाल, रमेश साहू, नागेंद्र प्रजापति, मृत्युंजय मधुप, प्रदीप गुप्ता, अभिषेक शर्मा, राहुल प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, दिनेश प्रजापति, किरण देवी, ऋषिका प्रजापति, समेत हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। बेदी 10 फरवरी को बेदी पूजन सर्वदेव पूजन सभी देवी विग्रहों का जला धिवास, फलाधिवास, हवन, आरती, पुष्पांजलि एवं संध्या आरती होगी।

## एक नजर में

### बजरंगबली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन समस्त बेदी पूजन, पंचांग पूजन का हुआ आयोजन

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के देवाकी बजरंगबली मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन शुक्रवार को समस्त देवी पूजन पंचांग पूजन का आयोजन किया गया। इस क्रम में आचार्य प्रमोद पाठक द्वारा वैदिक मन्त्रोंचार के साथ समस्त बेदी पूजन के क्रम मे सभी ग्रहो का पूजन, सहित पंचांग पूजन कराया गया। वहीं आचार्य प्रमोद पाठक ने यह भी बताया कि आगामी 10 फरवरी को अन्ना अधिवास, जल अधिवास, फला अधिवास, रात्रि में नगर भ्रमण व सज्जा अधीवास, वहीं आगामी 11 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा, हवन, पूणार्हुति और भव्य भंडारा का आयोजन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति होगी। मौके पर प्रदीप प्रसाद, रामधनी साहू, नारायण साहू, राम ध्यान साहू, प्रमोद साहू,गौतम साहू, विकास कुमार, अनिता देवी, लक्ष्मी देवी, गोदावरी देवी, सुषमा देवी सहित कई लोग उपस्थित थे

### कुडुख भाषा में दो केंद्रों में 267 छात्रों ने लिया भाग, शत प्रतिशत रहा उपस्थिति

**भंडरा।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा दसवीं की परीक्षा में शुक्रवार को कदाचार मुक्त, सीसीटीवी कैमरा के निगाह में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्राचार्य डॉ सुधांशु कुमार ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय में शुक्रवार को कुडुख विषय की परीक्षा हुई। जिसमें 165 छात्रों ने परीक्षा लिखा। छात्रों की उपस्थिति शत प्रतिशत हुई। वही उत्क्रमित बिटपी टेन प्लस टू में कुडुख भाषा की परीक्षा में कुल 102 छात्र शामिल हुए। छात्रों की उपस्थिति शत प्रतिशत रहा। इस क्रम में भंडरा एवम बिटपी परीक्षा भवन का निरीक्षण जिला दंडाधिकारी डीएसओ के द्वारा किया गया। लाल बहादुर शास्त्री में दंडाधिकारी के रूप में कनीय अभियंता रेहान अंसारी को नियुक्त किया था। परीक्षा में कदाचार रोकने के लिए छात्रों को अपना सभी सामान परीक्षा कक्ष से बाहर रखने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही छात्रों को एक-एक कर नियम पूर्वक जांच करते हुए परीक्षा हाल में बैठने के लिए भेजा गया।

### आजसू पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन 12 फरवरी को, सम्मेलन को लेकर पंचायत प्रभारी बनाए गए


बैठक करते आजसू पदाधिकारी।

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दुगार्बाड़ी प्रांगण में आगामी 12 फरवरी को आजसू पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर शुक्रवार को बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव सह कैरो प्रखंड प्रभारी अरविंद यादव उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसहमति से 12 फरवरी को प्रखंड सम्मेलन का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रखंड कमेटी के सभी पदेन पदाधिकारी को पंचायत का प्रभारी नियुक्त किया गया। जिसमें कैरो पंचायत संजय महतो, संजय साहू, कृष्णा साहू, नरौली पंचायत अरविंद उरांव, बलराम साहू, दिनेश साहू, परमानंद साहू, चरकू सरदार, मनोज यादव, गुड़ी पंचायत परमेश्वर भगत, जयपाल पन्ना, गजनी पंचायत विपिन सिंह, हनहट पंचायत से परमेश्वर भगत को बनाया गया।प्रखंड सम्मेलन को सफल बनाने हेतु प्रखंड के सभी पदाधिकारी पंचायत के सभी पदाधिकारी ग्राम प्रभारी एवं सभी अनुसांगी इकाई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित होंगे केंद्र के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित होंगे। बैठक में बिहारी साहू, राजेश राम, सचिन तिर्की, ,बृजेश राम, विजय राम, बलराम यादव आदि उपस्थित थे।

### दूसरो की खुशी ही सच्ची खुशी है : लायन कमल जैन



कार्यक्रम में शामिल लायंस ग्रेटर गुमला के सदस्य व पदाधिकारी।

**गुमला।** दूसरों की खुशी ही सच्ची खुशी है, यही कार्य लायंस क्लब करती है। लायंस क्लब का मुख्य लक्ष्य समाज सेवा करना है। आज पूरे संसार में लाइंस क्लब सेवा भाव से कार्य कर रही है। उक्त बातें सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला में लायंस क्लब गुमला ग्रेटर के द्वारा शीतल पेयजल का उदघाटन करते हुए जिला पाल लायन श्री कमल जैन ने कही। उन्होंने पानी के विषय पर महत्व डाला। जल ही जीवन है इसलिए लायंस क्लब गुमला ग्रेटर के द्वारा सांता पब्लिक स्कूल में पेयजल उपलब्ध करने हेतु शीतल जल प्यूरीफायर लगाया गया है। जिला पाल लायन कमल जैन ने कहा कि स्कूल में फ्री एडमिशन होना तारीफ के काबिल है। वहीं लायंन सिद्धार्थ मजबूदार इंस्टॉलेशन ऑफिसर ने कहा लायंस क्लब गुमला ग्रेटर का का कार्य अच्छा है। वही लायन शुभ्र मजबूरदार ने कहा सांता पब्लिक स्कूल के स्कूली बच्चों के बीच में काफी अनुशासन देखा जा रहा है। इससे पूर्व सभी अतिथियों का पूरी तरह झारखंडी संस्कृति के तहत स्वागत किया गया। मौके पर जिला पाल लायन कमलजैन, लायन अमित महेश्वरी, स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार, लायन सुनील अग्रवाल, लायन अमित महेश्वरी, सचिव लायन हिमांशु केसरी, दीपक अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, शिवम जायसवाल, अजीत मेहता, प्रकाश मंत्री, शिखा लोहानी, स्वीटी कुमारी, अमित महेश्वरी, अजय कुमार, महेश गुप्ता, संजना मालानी, आदि सहित गुमला लायंस गुमला ग्रेटर के सदस्य सहित स्कूली बच्चे और टीचर्स उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**कोडरमा।** चेचाई चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में समारोह आयोजित कर 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। इस समारोह में छात्र-छात्राओं को उनके परीक्षा की तैयारी से संबंधित जानकारी देते हुए उनके बेहतर भविष्य हेतु मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य राधेश्याम पंडित ने कहा कि आप सभी स्कूल लाइफ के अंतिम पड़ाव में है आगे आपको कई समस्याओं का सामना कर कैरियर का चुनाव करना पड़ेगा। उम्मीद है आप आगे और बेहतर करेंगे। वहीं निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि विदाई एक परंपरा है, इंसान को जीवन में कई मोड़ पर विदाई दी जाती है। वैसे छात्र-छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ-साथ समाजिक, नैतिकता संबंधी ज्ञान भी अर्जित करनी चाहिए। ताकि सफल व्यक्ति के साथ साथ एक नेक इंसान भी बन सके। मार्गदर्शन प्राप्त कर बच्चों ने विद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। वही बच्चों ने नृत्य-संगीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मनोरंजन करवाया। मौके पर खुशबु गुप्ता, चंदन कुमार समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### अबुआ अभियान के तहत पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**कोडरमा।** राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में वनों पर निर्भर आदिवासियों एवं अन्य लोगों को वन अधिकार अधिनियम के तहत वनाधिकार पट्टा देने को लेकर समाहरणालय स्थित सभागर में अबुआ वीर दिशोम अभियान का शुभारंभ करते हुए अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा जिला स्तरीय पदाधिकारियों को अबुआ वीर दिशोम अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर मोबाइल एप्प का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही व्यापक अभियान चलाकर लाभार्थियों को वनाधिकार पट्टा देने से सम्बंधित जानकारी दी गयी। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, प्रखंडों के बीडीओ, सीओ, वन क्षेत्र पदाधिकारियों, मास्टर ट्रेनर मनोहर चैहान, अनन्त कुमार, ईडीएम राजदेव महतो, असीम सरकार आदि मौजूद थे।

### बुजुर्ग की हत्या मामले का पुलिस ने किया खुलासा, हत्यारोपी और पुत्र गिरफ्तार

# सम्पति विवाद को लेकर पुत्र ने सुपारी देकर पिता की करवाई थी हत्या : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतगर्त प्रतियासिंगहा जंगल में बुजुर्ग सकुर अंसारी के हत्या मामले का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मृतक के पुत्र नीमाडीह, घोड़थम्भा राजधनवार जिला गिरिडीह निवासी समसुल अंसारी और इसी गांव के द्वारिका तुरी उर्फ द्वारिक पिता स्व हरी तुरी के नाम शामिल है, आरोपी के पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, कमीज और एक मोबाइल बरामद किया है। उक्त जानकारी एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेसवार्ता के दौरान दी है। एसपी श्री सिंह ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि बीते 5 फरवरी को नवलशाही पुलिस को सूचना मिली कि प्रतियासिंगहा जंगल में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है, शव की पहचान नीमाडीह, घोड़थम्भा निवासी सकुर अंसारी के रूप में हुई। घटना को लेकर नवलशाही थाना में कांड संख्या 06/24 धारा 302/201 में मामला दर्ज किया गया। घटना की गम्भीरता को देखते हुए त्वरित उद्भेदन को लेकर डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठन किया गया। टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों ने अनुसंधान के क्रम में हत्याकांड में शामिल द्वारिका तुरी और मृतक के पुत्र समसुल अंसारी को गिरफ्तार किया।







#### तीन लाख में दिया था हत्या की सुपारी, किलर ने एक हजार

वहीं पूछताछ में पता चला कि मृतक के पुत्र सम्पति विवाद को लेकर अपने पिता सकुर अंसारी की हत्या का सुपारी पकड़े गए आरोपी द्वारिका तुरी को 3 लाख में दिया था, जिसके बाद द्वारिका तुरी मृतक बुजुर्ग को पशु दिखाने के लिए गांव ले गया और रास्ते में जंगल देख, कुल्हाड़ी से उसकी हत्या कर, फरार हो गया। एसपी ने बताया कि बुजुर्ग हत्याकांड में शामिल अन्य अभियुक्तों की पहचान कर ली गई है, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मौके पर नवलशाही थाना प्रभारी सोनी प्रताप, एसआई रंजीत कुमार, ऋषिकेश कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

#### एडवांस लेकर कर दी हत्या

पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने बताया कि मृतक के 4 पुत्र हैं, जिसमे समसुल अंसारी सबसे बड़ा बेटा है, जो रांची में कॉन्ट्रेक्टर का काम करता है, जबकि उसके भाई उसे सहयोग करते थे, एसपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी पुत्र ने बताया की उसके द्वारा कमाए गए धन से जो प्रोपर्टी खरीदा गया था, उसे उसके पिता चारों भाइयों में बराबर बांटना चाहता था, मगर आरोपी पुत्र ज्यादा हिस्सा मांग रहा था, इसी कारण आरोपी पुत्र ने द्वारिका तुरी को अपने पिता की हत्या करने का सुपारी 3 लाख में दिया और बतौर एडवांस एक हजार रुपये दिया, काम हो जाने पर शेष रकम देने की बात हुई थी।

### राकेश सहाय ने पदभार ग्रहण किया

**गिद्धौर।** प्रखंड में नए अंचला अधिकारी राकेश सहाय ने शुक्रवार को प्रदभार लिए। राकेश सहाय ने गिद्धौर प्रखंड के 26वां अंचला अधिकारी के रूप में योगदान दिया है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-एनआईटी सं.: एसटी-आरएनसी-टी17-गुड्सशेड-बीएलएसटी, दिनांक:09.02.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** निम्न के संबंध में एस एंड टी कार्यों का निष्पादन (1) आरएनसी मंडल - हटिया में मौजूदा गुड्स शेड के बुनियादी ढांचे का उन्नयन/आधुनिकीकरण, (2) आरएनसी मंडल - जोआईई में मौजूदा गुड्स शेड के बुनियादी ढांचे का उन्नयन/आधुनिकीकरण, (3) आरएनसी मंडल - एमएईएल में मौजूदा गुड्स शेड के बुनियादी ढांचे का उन्नयन/आधुनिकीकरण, (4) आरएनसी मंडल - टीआईएस में मौजूदा गुड्स शेड के बुनियादी ढांचे का उन्नयन/आधुनिकीकरण, (5) आरएनसी मंडल - एनकेएम में मौजूदा गुड्स शेड के बुनियादी ढांचे का उन्नयन/आधुनिकीकरण, (6) आरएनसी मंडल - एलएडी में मौजूदा गुड्स शेड के बुनियादी ढांचे का उन्नयन/आधुनिकीकरण, (7) रांची स्टेशन पर स्टेशन विकास के लिए 6 अदद प्लेटफॉर्म लाइन (प्लेटफॉर्म सं. 1, 1ए, 2, 3, 4 एवं 5) पर बैलास्टलेस ट्रैक का प्रावधान। (8) मुरी स्टेशन पर स्टेशन विकास के लिए 3 अदद प्लेटफॉर्म लाइन (प्लेटफॉर्म सं. 1, 2 एवं 3) पर बैलास्टलेस ट्रैक का प्रावधान । **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 2,11,99,435.50। **ईएमडी:** ₹ 2,56,000/-। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा बंद करने की तारीख एवं समय:** 05.03.2024 को सुबह 11.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 20.02.2024। **वेबसाइट का विवरण एवं वर्णन:** www.ireps.gov.in (कार्य निविदा)।

(PR-1123)

### जिप अध्यक्ष ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश

# अस्पताल में चिकित्सा सुविधा और साफ सफाई को एक सप्ताह में करें दुरुस्त : रामधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला परिषद बोर्ड अध्यक्ष रामधन यादव शुक्रवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिप अध्यक्ष श्री यादव ने ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, ब्लड बैंक, फिजियोथैरेपी सेंटर, प्रसव वार्ड के अलावे अस्पताल आने वाले मरीजों को दी जाने वाली अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत जिला बोर्ड अध्यक्ष ने सिविल सर्जन और अस्पताल उपाधीक्षक को एक सप्ताह के अंदर चिकित्सा सुविधाओं को दुरुस्त करने के साथ-साथ मरीजों को दी जाने वाली अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने, अस्पताल में नियमित रूप से साफ सफाई करवाने, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था बेहतर रखने आदि का निर्देश दिया। साथ ही अस्पताल के जर्जर भवनों को अविलंब मरम्मती करवाने, डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करें, आपस में समन्वय बनाकर कार्यों का निष्पादन करने आदि का निर्देश दिया। जिप अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। मौके पर सीएस डॉ. अनिल कुमार, डीएस डॉ. रंजीत कुमार, डीआरसीएचओ डॉ. कुलदीप कुमार, डीपीएम महेश कुमार, राजकुमार यादव, रमेश प्रजापति, केदार यादव, देवनारायण यादव आदि मौजूद थे।



## झारखण्ड सरकार

**अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग**
**( उप निदेशक कल्याण कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल हजारीबाग)**

### प्रवेश परीक्षा/नामांकन संबंधी सूचना वर्ष 2024–25

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, अन्तर्गत संचालित आश्रम विद्यालय, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, एवं पिछड़ी जाति आवासीय उच्च विद्यालयों में शैक्षणिक वर्ष 2024–25 के लिए रिक्ति के अनुसार वर्ग षष्ठम, सप्तम एवं अष्टम (वर्ग 06, 07, एवं 08) में नामांकन हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक 07.03.2024 तक आमंत्रित किये जाते हैं। विशेष जानकारी के लिए हजारीबाग जिले के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर जनसाधारण के आलोकनार्थ विस्तृत सूचना अपलोड (Upload) कर दिया गया है।

**उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, अन्तर्गत संचालित विद्यालय**

| क्र0 | जिला | | विद्यालय का नाम | वर्गवार रिक्तियाँ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | बालक / बालिका | VI | VII | VIII |
| 1. | हजारीबाग | 01 | अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय उच्च विद्यालय मटवारी, (हजारीबाग) | बालिका obc | 33 | 02 | 00 |
| | | 02 | अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय बरसोत, (हजारीबाग) | बालक sc | 11 | 19 | 10 |
| | | 03 | आश्रम आवासीय विद्यालय भेलवारा, (हजारीबाग) | बालक st | 40 | 00 | 00 |
| 2. | रामगढ़ | 04 | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय माण्डू (रामगढ़) | बालक st | 07 | 21 | 06 |
| 3. | गिरिडीह | 05 | अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय खरगडीहा, (गिरिडीह) | बालक sc | 00 | 25 | 07 |
| | | 06 | अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय जमुआ, (गिरिडीह) | बालक sc | 15 | 10 | 05 |
| | | 07 | अनुसूचित जनजाति आ0 बालिका उच्च विद्यालय पीरटांड, (गिरिडीह) | बालिका st | 05 | 17 | 00 |
| 4. | धनबाद | 08 | अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय गोबिन्दपुर, (धनबाद) | बालक sc | 12 | 21 | 00 |
| 5. | बोकारो | 09 | अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय चास, (बोकारो) | बालक sc | 25 | 06 | 00 |
| | | 10 | आश्रम आवासीय विद्यालय तुलबुल गोमियाँ, (बोकारो) | बालक st | 40 | 00 | 01 |
| 6. | चतरा | 11 | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय लावालौंग, (चतरा) | बालक st | 06 | 29 | 27 |
| | | 12 | अनुसूचित जाति आ0 बालिका उच्च विद्यालय सिमरिया, (चतरा) | बालिका sc | 35 | 00 | 00 |
| | | 13 | आश्रम आवासीय विद्यालय जबरा, (चतरा) | बालिका st | 40 | 00 | 01 |

1.परीक्षाफल प्रकाशन तक रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है।
2. वर्गवार प्रवेश हेतु छात्र/छात्राओं की उम्र सीमा निम्नवत् है:–

| क्रम संख्या | कक्षा | न्यूनतम उम्र सीमा (नामांकन वर्ष के 31 मार्च को) | अधिकतम उम्र सीमा (नामांकन वर्ष के 31 मार्च को) |
|---|---|---|---|
| 1 | कक्षा 6 | 10 वर्ष | 13 वर्ष |
| 2 | कक्षा 7 | 11 वर्ष | 14 वर्ष |
| 3 | कक्षा 8 | 12 वर्ष | 15 वर्ष |

3. वर्ग 06, 07 एवं 08 में नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र संबंधित जिला कल्याण कार्यालय, प्रंखण्ड विकास पदाधिकारी, कार्यालय एवं संबंधित विद्यालय से प्रत्येक कार्य दिवस में प्रात: 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक नि:शुल्क वितरण एवं प्राप्त किया जायेगा।
4. नामांकन हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 07.03.2024 तक निर्धारित हैं।
5. प्रवेश पत्र संबंधित जिला कल्याण कार्यालय से जिला कल्याण पदाधिकारी के हस्ताक्षर से निर्गत किया जायेगा।
6. प्रश्न पत्र सह उत्तर पुस्तिका में हिन्दी, अंग्रेजी गणित, विज्ञान, एवं समाजिक विज्ञान विषय के बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) होगें।
7. सिलेबस में वर्ग 06, 07 एवं 08 में नामांकन लिखित जाँच परीक्षा में क्रमश: 05, 06 एव 07 वर्ग स्तर के प्रश्न पुछे जायेगें।
8. वर्ग 06, 07 एवं 08 में नामांकन हेतु लिखित जाँच परीक्षा दिनांक 17.03.2024 को संबंधित जिला के उपायुक्त के द्वारा निर्धारित केन्द्र पर प्रात:11:00 बजे से 1:30 बजे अपराह्न तक होगी।
9. नामांकन हेतु चयनित छात्र/छात्राओं की सूची संबंधित विद्यालय एवं जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया जाएगा।
10. वर्ग 06, 07,एवं 08 में नामांकन हेतु लिखित जाँच परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय जहाँ वे अध्ययनरत है, नामांकन प्रवेश पत्र में अंकित छात्र/छात्राओ का नाम, जन्म तिथि, वर्ग 05, 06 एवं 07 में अध्ययनरत/उत्तीर्ण होने की तिथि का विद्यालय प्रधानाध्यापक के हस्ताक्षर एवं मुहर सहित अभिप्रमाणित आवेदन पत्र जमा लिये जायेगें।
11. चयनित छात्र/छात्राओं को दिनांक 15.04.2024 तक एवं प्रतीक्षा सूची से दिनांक 22.04.2024 तक नामाकंन लेना अनिवार्य होगा। नामाकंन नही लेने की स्थिति में उनकी उम्मीदवारी रद्द किया जा सकता है।
12. नामांकन के समय चयनित छात्र/छात्राओं को आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र एवं बी0पी0एल0 या आय प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
13. गरीबी रेखा से नीचे आय वाले परिवार के बच्चो को ही नामांकित किया जायेगा इसके लिए बी0पी0एल0 की सूची में नाम/आय प्रमाण पत्र के आधार पर नामांकन की पात्रता निर्धारित की जायेगी।
14. जिन छात्र/छात्राओं के माता–पिता सरकारी सेवा में कार्यरत है, उनके बच्चों का नामांकन हेतु आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा। इस आशय का घोषणा पत्र आवेदक के माता–पिता/अभिभावक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। असत्य/फर्जी घोषणा देने वाले के विरूद्ध आवश्यक कानुनी कार्रवाई की जायेगी।
15. कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित आश्रम विद्यालयों मे उसी जिले के अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओ को प्रवेश दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रवेश क्षमता पूर्ण करने हेतु उसी प्रमण्डल के अन्य जिलों के अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओ को भी प्रवेश दिया जाएगा।

आश्रम आवासीय विद्यालय की आरक्षण श्रेणी :–

| क्र0 | आरक्षण श्रेणी | आरक्षण (प्रतिशत में) |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जनजाति | 80 |
| 2 | PVTG | 5 |
| 3 | DNT/NT/SNT | 5 |
| 4 | a) children who have lost their parents to LWE*/Insurgencies/covid. b) children of widows. c) children of Divyang parent. d) Others e.g Land donor, orphan child etc. | 10 |
| | कुल | 100 |

NOTE: a.* It includes citizens victim of LWE and police /Paramilitary /Armed Forces personnel who have lost their lives fighting LWE.
b. 5% seats are reserved for differently abled children. These seats shall be carved out @ 2 seats from ST and 1 from others. (सामान्य आवासीय विद्यालय में यह आरक्षण लागू नहीं होगा)
c. The maximum age limit can be relaxed by two years in case of Differently abled children by the State/UT EMRS Societies. (सामान्य आवासीय विद्यालय में यह आरक्षण लागू नहीं होगा)
d. if a child belongs to more than one reservation category then he/she shall be allowed to avail the benefit of only one reservation category with the highest reservation percentage. (सामान्य आवासीय विद्यालय में यह आरक्षण लागू नहीं होगा)

16. अनुसूचित जाति के विद्यालय में अस्वच्छ कार्य में लगे परिवार के बच्चों के लिए 25% प्रतिशत तथा मुसहर एवं भुईयाँ जाति के बच्चों के लिए 25% प्रतिशत स्थान नामांकन में सुरक्षित रहेगा।
17. अनुसूचित जनजाति की सभी उपजातियों के लिए संचालित आवासीय विद्यालयों में आदिम जनजातियों के लिए नामांकन में 25% प्रतिशत स्थान सुरक्षित रहेगा। यदि उक्त कोटि की आरक्षित सीटों के लिए छात्र/छात्राएँ उपलब्ध नहीं होते हैं तो प्रमण्डलीय उप निदेशक कल्याण, का अनुमोदन लेकर मेघा सूची से ही अन्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति की अन्य उपजातियों के बच्चों/बच्चियों का नामांकन आरक्षित सीट के विरूद्ध किया जायेगा।
18. सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में परीक्षा तिथि में परिवर्तन हो सकता है।
19. इस विज्ञापन को किसी भी समय रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

ह0/–
उप निदेशक कल्याण,
उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग

PR 318409 Welfare(23-24)#D

# ग्रिजली विद्यालय में 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय तिलैया डैम में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वहीं कक्षा 11वीं द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत केक काटकर हुई, तत्पश्चात छात्र विशेष एवं ग्रुप के द्वारा गणेश वंदना के साथ हुई। वहीं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित की गयी। जिसमे संस्कृति एवं ग्रुप के द्वारा डांस, श्रेतम एवं ग्रुप के द्वारा नाटक, अनीश राणा एवं ग्रुप के द्वारा डांस, रीत भदानी एवं ग्रुप के द्वारा डांस, पियूष कुमार के द्वारा गीत, कक्षा 12वीं के छात्रों के द्वारा रैंप वॉक आदि प्रस्तुत किये गए। वहीं कक्षा 12वीं के छात्रों भूमि दक्ष, अंजलि कुमारी ने विद्यालय के दिनों को याद करते हुए अपना अनुभव साझा किया। इस अवसर पर छात्रों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक मनीष कपसिमे ने कहा की जिंदगी में कितनी भी बड़ी मुश्किल आ जाए कभी घबराना नहीं है, क्यूंकि हर समस्या अपने साथ समाधान लेकर आती है और छात्रों को वो रास्ता ढूंढना है और फिर आप आगे बढ़ते चले जाएंगे। वहीं विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दीं, और दृढ़ता, निरंतर सीखने और आने वाली गतिशील दुनिया में बदलाव के लिए अनुकूलन के महत्व पर जोर दिया। वहीं विद्यालय की उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने अपने संबोधन में निवर्तमान छात्रों की उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और पाठ्येतर उपलब्धियों के लिए प्रशंसा की। उन्होंने सर्वांगीण व्यक्तियों के पोषण के लिए विद्यालय की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला और छात्रों को ग्रिजली विद्यालय में अपने समय के दौरान उनमें स्थापित मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। कक्षा 12वीं के छात्रों को विशेष पुरस्कार एवं टाइटल से सम्मानित किया। मौके पर विजय कुमार सिंह, जीतेन्द्र कुमार चैधरी, सुधांशु कुमार, पंकज उपाध्याय, सुनील साव, संजीव कुमार जयसवाल, संतोष कुमार, नागेंद्र कुमार, रणविजय सिंह आदि मौजूद थे।

# कमलेश सिंह को लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाने की मांग की गयी

### चतरा लोकसभा के एक एक प्रखंड में जनसंवाद कार्यक्रम का होगा आयोजन : विनय

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर पार्टी के लोकसभा संवाद कार्यक्रम की शुरूआत चतरा लोकसभा क्षेत्र के पांकी प्रखंड से की गई। शुक्रवार को चतरा में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय लोगों ने एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक को एनडीए से प्रत्याशी बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि वह इसके लिए गठबंधन के सभी दलों को सुझाव भेजेंगे। जनसंवाद कार्यक्रम में एनसीपी के प्रदेश संगठन महामंत्री विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह के नेतृत्व में प्रदेश व जिला के कई नेता चतरा के पुराना कोर्ट रोड के होटल श्रीसुंदराम पहुंचे। फूल माला के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। चतरा लोकसभा क्षेत्र के चतरा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान पार्टी के प्रदेश संगठन



महामंत्री विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि झारखंड में एनसीपी चतरा से एनडीए गठबंधन के तहत चुनावी मैदान में उतरने का प्रस्ताव केंद्रीय नेताओं के समक्ष रख चुकी है। चतरा लोक सभा क्षेत्र से कमलेश कुमार सिंह ने अपनी दावेदारी पेश कर दिया है। एनडीए गठबंधन के नेताओं से भी इसपर विचार विमर्श किया गया है। कमलेश कुमार सिंह एनडीए से उम्मीदवार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि चतरा की जनता लोकसभा से स्थानीय उम्मीदवार चाहती है। यह चतरा आने पर स्पष्ट हो गया है। यही वजह है की कमलेश कुमार सिंह की दावेदारी काफी मजबूत है। उन्होंने कहा कि चतरा के लोगों का प्रेम और समर्पण जरूर रंग लायेगा। विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि विकास क्या होता है, यह साबित कर के दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य विधानसभा चुनाव में कम से कम पांच विधानसभा की सीटों पर एनसीपी दावा करेगी। उन्होंने कहा कि संपूर्ण राज्य में प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के साथ प्रदेश के अन्य नेता दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम के बाद चतरा में जल्द ही कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होगा। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह के अलावा राष्ट्रीय नेताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनसीपी हुसैनाबाद की तरह सम्पूर्ण राज्य में जात पात से परे विकास की राजनीति को आगे बढ़ाने का काम करेगी। इसकी शुरूआत चतरा से होगा। कार्यक्रम में संतोष कुमार सिंह पूर्व जिला पर्षद सदस्य, महेश ठाकुर, गौतम सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने सुनाई सजा 25 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया

# नाबालिक की हत्या करने के आरोपी को आजीवन कारावास

- जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** नाबालिग बच्चे की गला मरोड़कर हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने आरोपी महिला 45 वर्षीय मीणा देवी पति मोहन साव ग्राम जौगी थाना चंदवारा कोडरमा निवासी को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 25 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया।



जुमार्ना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी, मामला वर्ष 2021 का है। इसे लेकर चंदवारा थाना कांड संख्या 31/2021 एवं एसटी 111/2021 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 8 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को फांसी की सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता दीपक गुप्ता एवं अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया। बताते चलें कि न्यायालय ने 7 फरवरी को आरोपी को दोषी ठहराया था।

#### क्या है मामला

कोडरमा इसे लेकर मृतक के पिता रूपलाल साव पिता स्व. खीरु साव ग्राम जंगी चंदवारा कोडरमा निवासी ने थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराते हुए कहा था कि 01 मार्च 2021 को लगभग 12:30 बजे दिन में तुकनी देवी पति प्रयाग साहब एवं कौशल्या देवी ने उसे सूचना दी की आपका बेटा 11 वर्षीय आनंद कुमार मोहन साहब के जानवर बांधने वाले जगह में मूर्छित पड़ा हुआ है। बच्चे की स्थिति को देखकर उसे तुरंत इलाज के लिए निजी क्लिनिक ले गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जब आस-पास के लोगों से जानकारी लिया तो पता चला कि मेरे पुत्र आनंद कुमार की हत्या मीणा देवी पति मोहन साव ग्राम जौंगी चंदवारा निवासी के द्वारा गला मरोड़ कर कर दिया गया है।

## स्पीड न्यूज

### अनियंत्रित कार सवार ने बच्चे को मारी टक्कर, घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर मारंगलोईया स्कूल के समीप एक अनियंत्रित कार के धक्के से शिवम कुमार 5 वर्ष पिता प्रकाश कुमार राणा ग्राम मारंगलोईया गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गुस्साये ग्रामीणों ने कार सवार ओमलाल कुमार 28 वर्ष पिता दुखन सिंह, संदीप कुमार 31 वर्ष पिता ज्ञानचंद सिंह ग्राम सलगी जबड़ा चतरा निवासी की धुनाई कर दिया। जिससे वे घायल हो गये। घटना के बाद घायल बच्चा समेत कर सवार दोनों युवको को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. श्रेष्कर आंनद के द्वारा सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमे बच्चे समेत दोनों कार सवार युवको की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्कूल छुट्टी होने के बाद बच्चा घर के पास खेल रहा था। तभी खलारी की तरफ से आ रहा कार ने अनियंत्रित होकर बच्चे को टक्कर मार दिया।

### एनसीपी के नेता ने किया क्षेत्र का दौरा


दौरा करते एनसीपी नेता।

**बालूमाथ।** एनसीपी अजीत पवार गुट के नेता बीनू सिंह ने शुक्रवार को बालूमाथ पहुंचकर क्षेत्र का दौरा किया व प्रेस वार्ता कर बताया कि बड़े भाई कमलेश कुमार सिंह हुसैनाबाद विधायक चतरा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त किए हैं। उन्हें के निर्देश पर पूरे लोकसभा क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है। साथ ही क्षेत्र की समस्या से अवगत हो रहे हैं। जिसका समाधान अपने स्तर से किया जाएगा।उन्होंने कहा कि हमारे दल से भाजपा के साथ एलाइंस है और इसी के तहत चतरा लोकसभा सीट पर एनसीपी अपना दावा पेश की है। अगर चतरा लोकसभा क्षेत्र में एलाइंस भाजपा के साथ हो जाता है तो विधायक कमलेश कुमार सिंह इस क्षेत्र से चुनाव लड़कर क्षेत्र की सेवा करेंगे। इस मौके पर ज्ञानेंद्र सिंह, करण कुमार, विकास वत्स, रौनक सिंह, मुकेश सोनी, परमेश पांडे, शैलेश सिंह, मुकेश सोनी समेत कई लोग मौजूद थे।

### नगर पंचायत क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स की जांच की


जांच करते नगर पंचायत अधिकारी।

**लातेहार।** नगर प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर गठित एक टीम के द्वारा नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रो के आवासीय परिसरों की होल्डिंग टैक्स की जांच की गयी। इस टीम में नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा व एसएसपीएल नोडल आदित्य कुमार समेंत टैक्स कलेक्टर बिरसा व पुलिस के जवान शामिल थे। एसएसपीएल के नोडल आदित्य कुमार ने बताया कि पिछले दो दिनों मे की गयी छापामारी व जांच में अब तक 116,646.00 रुपए बतौर होल्डिंग टैक्स वसूला गया है। उन्होने बताया कि शहर के मिथलेश साव, लाल मोहन प्रसाद, अमृत कुजूर व पारसनाथ प्रसाद समेंत लोगों के आवासीय परिसर में होल्डिंग टैक्स की जांच की गयी। होल्डिंग टैक्स नहीं पाये जाने पर ऑन स्पॉट होल्डिंग टैक्स काटा गया। नगर प्रशासक राजीव रंजन ने आगामी 15 फरवरी तक अपना होल्डिंग टैक्स जमा करा देने की अपील की है, कहा कि जांच में होल्डिंग टैक्स नहीं पाये जाने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। एसएसपीएल के नोडल आदित्य कुमार ने होल्डिंग टैक्स या इससे जुड़ी किसी भी समस्या के लिए नगर पंचायत कार्यालय में एसएसपीएल के नोडल से मुलाकात कर समस्या का समाधान कराने की अपील की।

## कृषि विभाग द्वारा जिला स्तरीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को दिये जा रहे हैं कई सामान : रामा रविदास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में उपस्थित मंचासिन अतिथि।

**लातेहार।** कृषि विभाग द्वारा जिला स्तरीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन जिला खेल स्टेडियम के समीप शुक्रवार को किया गया। जिसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर उन्होने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है इसलिए किसानो के हितो को ध्यान मे रख कर कृषि विभाग कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग अनुदान पर किसानो को कई तरह की सुविधाएं दे रही है जिसका लाभ किसानो को उठाने की जरूरत है। जिला स्तरीय कृषि मेला मे विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर संचालित योजनाओ की जानकारी दी गयी जिसका लाभ किसानो को आने वाले दिनो मे मिलेगा। जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव व बलवंत सिंह ने कहा कि कृषि मेला से किसानो को काफी लाभ मिलेगा। आगे कहा कि कृषि विभाग किसानो का जीवन स्तर उंचा करने तथा उनके उत्पादो को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। लेकिन जागरूकता के अभाव मे किसान इसका लाभ नही ले पाते है। इसलिए किसानो को जागरूक होकर सरकार की योजनाओं का लाभ लेना है। कार्यक्रम का संचालन जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा ने किया। वहीं अपर समाहर्ता रामा रविदास कि ने कहा कि 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानो का कई सामान दिये जा रहे है। इसके अलावा कृषि के क्षेत्र मे किसानो को लाभ पहुंचाने के लिए तालाब, आहर, सामूहिक खेती तथा पॉवर टीलर व ट्रैक्टर उपलब्ध कराया जा रहा है। मेला को जिला सांसद प्रतिनिधि राजन तिवारी, जिप सदस्य रमेश राम, सरोज देवी, संतोषी शेखर व लातेहार प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा ने संबोधित किया। मेले में 50 टाना भगतों के बीच सब्जी किट का वितरण किया गया। जबकि दो सौ किसानों के बीच बाल्टी, सिंचाई उपकरण, कुदाल एवं स्प्रे मशीन का वितरण किया गया। मेला मे जिला सहकारिता, कृषि, उद्यान, मत्स्य, भूमि सर्वेक्षण एवं सर्वे विभाग सहित कई विभागों का स्टॉल लगाया गया था। मौके पर जिप सदस्य प्रियंका देवी व चंचला देवी, मनिका प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, प्रमुख प्रतिमा देवी, डॉ. एसपी सिंह समेत काफी संख्या मे किसान उपस्थित थे।

### युवाओं के लिए सरकारी विद्यालयों में शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर

➲ जिला शिक्षा विभाग ने 100 पदो के लिए निकाली वेकेंसी

**लातेहार।** बेरोजगारी का सामना कर रहे लातेहार जिले के युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है, जहां जिले के एजुकेशन विभाग में नौकरी का मौका युवाओं को मिलने जा रहा है। जिसके लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा लातेहार जिला अंतर्गत प्रारंभिक विद्यालयों में कक्षा एक से पांच, कक्षा छह से आठ, नौ से दस तथा प्लस टू टीचर के 100 पदो के लिए वैकेंसी निकाली गई है। जिसमें मैथ और फिजिक्स में बीएससी व बीएड योग्यता वाले युवकों के लिए चालीस पद, बाइलोजी और केमेस्ट्री में बीएससी व बीएड के चालीस तथा इंग्लिश में बीए व बीएड किए हुए युवकों के लिए 20 पद है। इन सभी पदों पर सिर्फ लातेहार जिले के युवक ही आवेदन कर सकते है। युवक 23 फरवरी 2024 तक www.latehar.nic.in के वेबसाइट पर आवेदन कर सकते है। इसके अलावा डीएसई या डीईओ कार्यालय में स्पीड पोस्ट के साथ गूगल लिंक पर भी आवेदन किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार दो वर्षो के लिए शिक्षकों को जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में पदस्थापित किया जायेगा। ऐसा माना जा रहा है कि इसके बाद कार्य अवधी आगे भी बढ़ाई जा सकती है। वहीं मासिक वेतन 18000 से 22000 रुपए तक है। कुल मिलाकर देखा जाए तो सरकारी विभाग में होने वाली इन भर्तियों से बेरोजगार युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान होंगे।

## एनसीपी नेता विनय कुमार सिंह ने चंदवा में किया जनसंवाद कार्यक्रम


कार्यक्रम में विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह व अन्य।

➲ हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह को लोकसभा से प्रत्याशी बनाने की मांग की

**चंदवा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर पार्टी के द्वारा शुक्रवार को चतरा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कई प्रखंडों में लोकसभा जनसंवाद कार्यक्रम किया। इसी कड़ी में देर शाम चंदवा स्थित राजू सिंह के आवासीय प्रांगण में लोकसभा संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां प्रदेश संगठन महामंत्री विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु ने चतरा संसदीय क्षेत्र से एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह को एनडीए से प्रत्याशी बनाने की दावेदारी पेश की। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन का हिस्सा होने के नाते हमारी पार्टी ने झारखंड में लोक सभा की एक और विधान सभा की पांच सीटों पर दावेदारी की मांग है। इस दौरान श्री बिनु ने स्थानीय प्रबुद्धजनों से चतरा सीट पर दावेदारी को लेकर रायसुमारी भी की व कहा कि अगर मौका मिले तो कमलेश कुमार सिंह क्षेत्र से चुनाव जीत कर चतरा संसदीय क्षेत्र को विकास के मामले में अग्रणी बनाने का कार्य करेंगे। इसके पूर्व चंदवा पहुंचे विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु का स्वागत किया गया। मौके पर राजू सिंह, हरिनंदन दुबे, राजेश शाही, मोहफिल खान, नितिन कुमार, मोहनीश कुमार, गौतम कुमार, मनीष सिंह के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

### चंदवा : आधा दर्जन पुअनि का हुआ तबादला

**चंदवा।** झारखंड में बड़े पैमाने पर पुलिस अवर निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारियों का तबादला किया गया है। जिसमे पुअनि स्तर के कुल 2703 अधिकारियों का तबादला किया गया है। ये वैसे अधिकारी हैं जो गुजरे तीन साल से एक ही जिले में पोस्टेड थे। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के पत्रांक तदनुसार मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड सरकार के पत्रांक 6352 के आलोक में बीते 6 फरवरी को संपन्न हुए राज्य पुलिस स्थापना पर्षद की बैठक में निर्णय लेते हुए एक ही जिले में लगभग 3 वर्ष या उससे अधिक समय से जमे राज्य के 2703 पुलिस अवर निरीक्षको को स्थानांतरित करते हुए जिला बदल किया गया है। इस तबादले में चंदवा थाना से प्रभारी थाना प्रभारी शुभम कुमार समेत आधा दर्जन एसआई रैंक के अधिकारियों के दूसरे जिले में स्थानांतरण हुआ है। जिसमें प्रभारी थाना प्रभारी शुभम कुमार व एसआई नारायण यादव का तबादला धनबाद, दीपक नारायण सिंह व जमील रांची, कुंदन कुमार बोकारो, दिव्य प्रकाश का हजारीबाग व सुनील टूटी का जमशेदपुर तबादला किया गया है।

### ग्राम सभा एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन


मौके पर उपस्थित छात्र व अन्य।

**लातेहार।** सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह निर्देश पर कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आम लोगों को जागरूकता करने के लिए जिले के विभिन्न गांवों के आंगनबाड़ी केद्र व स्कूलों में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सदर प्रखंड के नवागढ़ हाई स्कूल में भी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नारायणपुर गांव में ग्राम सभा के आयोजन कर डॉ. राजेश कुमार ने कुष्ठ रोग के बारे में विस्तृत रूप से जानकारियां दी. उन्होने आयुष्मान भारत, मलेरिया व टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम व बंध्याकरण के फायदों के बारे में भी ग्रामीणों को विस्तृत रूप बताया. इस मौके पर आयुष्मान भारत के डॉ रूद्र बर्मन, जिला मलेरिया सलाहकार सुनील सिंह व हाई स्कूल की प्रभारी प्रधानाध्यापिका आरती आदि मौजूद थे।

### अधिवक्ता लिपिक के निधन पर शोकसभा


दो मिनट का मौन धारन करते लोग।

**लातेहार।** अधिवक्ता लिपिक बंशी राम उर्फ मनु के निधन पर कचहरी परिसर में शोकसभा का आयोजन अधिवक्ता लिपिक संघ के अध्यक्ष प्रेम कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। शोकसभा में दिवगंत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर बबलू रजक, जयप्रकाश प्रजापति, पप्पू खान, कुमोद प्रसाद गुप्ता, दिनेश यादव, अनिल कुमार प्रजापति, सुरेश उरांव, सोनू लाल गुप्ता व श्यामदेव सिंह समेंत कई लिपिक उपस्थित थे। बता दें कि गत सात फरवरी को बालूमाथ- चतरा मुख्य सड़क मार्ग झिकीया नदी के समीप सड़क दुर्घटना में बंशी राम का निधन हो गया था।

### अंबा प्रसाद को मिले मंत्रिमंडल में जगह: विजय प्रसाद



**बालूमाथ।** झारखंड सरकार के चम्पई सोरेन सरकार में नए मंत्रिमंडल का गठन होना है एवं नए चेहरे को शामिल होना है। जिसको लेकर लातेहार तैलिक साहू समाज के युवा जिला अध्यक्ष विजय प्रसाद ने चंपई सोरेन की सरकार से मांग करते हुए कहा कि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को मंत्रालय में जगह दी जाए। अगर अंबा प्रसाद को मंत्री बनाया जाता है तो राज्य का समुचित विकास होगा। वह एक तेज तर्रार पढ़ी-लिखी और जुझारू नेत्री है एवं ओबीसी समाज का प्रतिनिधित्व करती है। साथ ही जन समस्याओं को विधानसभा में जोरदार तरीके से रखती है चाहे वह ओबीसी का 27 परसेंट आरक्षण की मुद्दा हो या शिक्षा की बात,नारी सम्मान की बात करती है। तैलिक साहू समाज की ओर से महागठबंधन की सरकार चंपई सोरेन से मांग करते हुए कहा की अंबा प्रसाद को मंत्रालय में शामिल किया जाए इससे अगामी चुनाव में लाभ मिलेगा।

## भाजपा ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बालूमाथ।** बालूमाथ मुरपा मोड में शुक्रवार की देर शाम भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साव के नेतृत्व में राहुल गांधी का पुतला फूंका। इससे पूर्व भाजपा नेताओं ने एक जुलूस के शक्ल में निकलकर का कई टोलो मुहलो का भ्रमण करते हुए मुरपा मोड पहुंचा ।जुलूस में शामिल लोगों ने राहुल गांधी मुदार्बाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद ,नरेंद्र मोदी पर जाति टिप्पणी करना बंद करो, पिछड़ी जाति का का मजाक उड़ाना बंद करो, समेत कई नारा लगा रहे थे। वही पुतला दहन के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए त्रिवेणी साव ने कहा कि आज राहुल गांधी हमारे ओबीसी ओबीसी समाज के प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है जिसे ओबीसी समाज के लोग इसे बर्दाशत नहीं करेंगे। इस मौके पर विजय प्रसाद, बिनोद साव, शैलेश सिंह, नामेश्वर गुप्ता, सूरज साह, बीरेंद्र गुप्ता, चंदन कुमार, शिव नारायण साहू, अर्जुन कुमार साह, कृष्ण साहू, सत्यम कुमार, कृष्ण यादव, संजय यादव, कैलाश यादव, जितेंद्र कुमार, तपेश्वर साव, रवि सिंह, राजेन्द्र साहू समेत कई भाजपा नेता मौजूद थे।

### अंग्रेजी, उर्दु, कुरुख, हिंदी व संस्कृत की परीक्षा में 6 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**बारियातू।** प्रखंड में बनाये गए परिक्षा केंद्र परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय में मैट्रिक व इंटरमीडिएट के परीक्षा शुक्रवार को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल बारियातू प्रथम पाली मे मैट्रिक उरांव बिषय की परिक्षा में टोटी हेसला के 38 व गोनिय के 01 परिक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली मे इंटरमिडिएट कला इलेक्टिव के बिषय अंग्रेजी , उर्दु, कुरुख, हिंदी व संस्कृत की परिक्षा में कुल 452 मे से 446 परिक्षार्थी उपस्थित रहे. जबकि 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. वहीं इंटरमिडिएट विज्ञान एडिशनल बिषय हिंदी, उर्दु और नागपुरी मे कुल 17 मे सभी 17 परिक्षार्थी उपस्थित रहे। केन्द्राधिक्षक अनिल कुमार कुजुर व दंडाधिकारी आशिस कुमार गुप्ता तथा राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय मे केन्द्राधिक्षक अनिता देवी ने परिक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाए। मौके पर विक्षक अजय बैठा, मिथलेश कुमार मेहता, लालचंद पासवान, सत्येन्द्र राम, इमरेंसिया कुजुर, द्वारिका राम, रामाधार राम, संजीत कुमार, महेंद्र प्रसाद, जमुनाधर मिश्र, बाबूलाल कुजुर सहित कई विक्षक का परिक्षा संपन्न कराने में अहम भुमिका रहा।

### मॉडल स्कूल मे नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा का आज से ऑनलाइन फॉर्म भरना आरंभ

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के धाधु ग्राम स्तिथ मॉडल विद्यालय में वर्ष 2024 के लिए नामांकन प्रवेश परीक्षा हेतु फॉर्म ऑनलाइन भराना आज से 1 मार्च 2024 तक निर्धारित किया गया है । इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के शिक्षक विजय कुमार ने बताया इच्छुक छात्र/छात्रा जिसकी उम्र 1 अप्रैल 2024 को 10 वर्ष हो रहा है एवं अधिकतम 12 वर्ष फॉर्म भर सकते हैं। परीक्षा आवेदन प्रपत्र परिषद के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से भरा जाएगा। फार्म वैसे छात्र/ छात्राएं भर सकते हैं जो पांचवी या छठी में अध्यनरत हो। नामांकन प्रवेश परीक्षा 17 मार्च 2024 को निर्धारित है। यह परीक्षा कुल 100 अंको का होगा। जिसमें अंग्रेजी के 30 अंक, गणित के 30 अंक एवं सामाजिक विज्ञान के 40 अंक का रहेगा। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद ही इस विद्यालय में नामांकन लिया जाएगा।

## भाजपा नेता की पुण्यतिथि में शामिल हुए पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह शुक्रवार को बरवाडीह प्रखण्ड के चुंगरू पंचायत स्थित भाजपा नेता राजेश प्रसाद गुप्ता के आवास पर आयोजित उनके पिताजी स्व.भुनेश्वर साव जी की पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां हरिकृष्ण सिंह ने स्व.भुनेश्वर साव की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। हरिकृष्ण सिंह ने बताया कि स्व. भुनेश्वर सिंह भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता थे और पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूती पहुंचाने में उनका अहम योगदान था। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में भाजपा के प्रति प्यार, विश्वास और समर्पण की भावना को उन्होंने जागृत किया। आज के ही दिन माघ अमावस्या को उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई। हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आज उनकी 9 वें पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहें है। श्रद्धांजलि समारोह के उपरांत पूर्व विधायक और परिवार के सदस्यों के द्वारा पचास से अधिक वृद्ध जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर दिवंगत भुनेश्वर साव के पुत्र राजेश प्रसाद गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता और मुकेश प्रसाद के साथ-साथ परिवार के सभी सदस्य तथा मुखिया बलदेव परिहया, राजू परहिया, भाजपा नेता प्रमोद गुप्ता, प्रदीप सिंह, अशोक प्रसाद, जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, पंचायत समिति नीलम देवी, अनिता देवी, एसटी मोर्चा मंडल मंत्री सत्यनारायण प्रसाद, हरेश्वर सिंह, आनंद यादव, मुकेश प्रसाद, पीतांबर यादव, आलम अंसारी, संजय सिंह और सोनू राम समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### कीटनाषक खाकर आत्महत्या का प्रयास

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के धनीमंडरा गांव निवासी मुरली दुबे की 25 वर्षीया पत्नी सोनम देवी ने आपसी विवाद में कीटनाषक खाकर आत्महत्या का प्रयास की। जिसके बाद परिजनों ने भवनाथपुर समुदायक स्वास्थ केंद्र में ईलाज के लिए भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया।

### फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता रथ रवाना


रथ को रवाना करते कार्यपालक पदाधिकारी।

**मझिआंव।** नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने शुक्रवार को फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि जागरूकता रथ लोगों को फाईलेरिया नामक बीमारी एवं इसके रोकथाम के संबंध में लोगों में जागरूकता पैदा करेगा। यह कार्यक्रम 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए रेफरल अस्पताल प्रभारी डॉ गोविन्द सेठ ने बताया कि पहले दिन 10 फरवरी को सभी सरकारी बूथों (आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों आदि) पर दवा खिलाई जायेगी। इसके बाद 11 फरवरी से घर घर जाकर दवा खिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि दो वर्ष के ऊपर के सभी लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जायेगी। जिसमें 02 से 05 वर्ष तक 01 गोली, 06 से 14 वर्ष तक के लोगों को 02 गोली तथा 14 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों को 03 गोली खिलाई जायेगी। डॉ सेठ ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में खाली पेट दवा का सेवन नही करना है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया की दवा के साथ कृमि नाशक एल्बेंडाजेल की एक गोली भी दी जायेगी।

### एसडीओ को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग

**भवनाथपुर।** अबुआ आवास योजना में नियम विरुद्ध अयोग्य लाभुकों का नाम सूची में चढ़ाये जाने को लेकर प्रखंड अंतर्गत अरसली उतरी पंचायत के ग्रामीणों ने आजसू नेता जयराम पासवान के नेतृत्व में शुक्रवार को श्री बंशीधर नगर एसडीओ को लिखित आवेदन सौंपकर दोषियों पर कार्रवाई करते हुए सूची में योग्य व्यक्तियों का नाम चढ़ाये जाने की मांग किया है। दिये आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि अबुआ आवास योजना में बीडीओ, पंचायत के मुखिया व जांच कताओं की मिलीभगत से वैसे लोगो का नाम प्राथमिक सूची में नाम दर्ज कर उन्हें आवास का लाभ दिया जा रहा है, जिन्हें पूर्व में पीएम आवास मिल चूका है और जिनके पास पक्का मकान है। जब ग्रामीण अयोग्य लाभुकों का नाम सूची से हटाने संबंधी आवेदन देने पहुंचे तो बीडीओ द्वारा आवेदन लेने से इंकार करते हुए कहा कि आप लोग पहले क्यों नही आये अब कुछ नही हो सकता है। ग्रामीणों ने आवेदन के अलोक में एसडीओ से दोषियों पर कार्रवाई करते हुए अबुआ आवास की प्राथमिक सूची से अयोग्य लाभुकों का नाम कटवाते हुए सूची में योग्य लाभुकों का नाम दर्ज कराने की मांग किया है। आवेदन देने वालो में रविंद्र शर्मा, मिथिलेश चैरसिया, उदय गुप्ता, उमेश शर्मा, डोमन चंद्रवंशी, मनोज बैठा सहित कई लोग नाम शामिल है।

### नए अंचलाधिकारी ने किया पदभार ग्रहण


पदभार ग्रहण करते शंभू राम।

**मझिआंव।** अंचल कार्यालय में नए अंचलाधिकारी के रूप में शंभू राम ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान प्रभारी अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत ने शंभू राम को अंचल का संपूर्ण प्रभार सौंपा। इस दौरान शंभू राम ने कहा कि अंचल क्षेत्र के लोगों को निस्वार्थ भाव से सेवा करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही उन्होंने अंचल क्षेत्र के तमाम लोगों को अंचल से संबंधित संपूर्ण कार्यों में सहयोग करने की अपील की है। ताकि सभी काम ससमयु निष्पादित करने में सहूलियत हो।

### ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के कार्यक्रम स्थल में परिवर्तन


प्रेस वार्ता करते मंच के सदस्य।

**मझिआंव।** पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एकता एवं अधिकार मंच के संयोजक असर्फी चंद्रवंशी सहित अन्य पदाधिकारियों ने मझिआंव में प्रेस वार्ता कर मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में आगामी 11 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम के स्थल परिवर्तन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूर्व में शिवाजी मैदान में कार्यक्रम होना निश्चित हुआ था, लेकिन अनुमंडल कार्यालय मेदिनीनगर द्वारा स्थान परिवर्तन कर बारालोटा हाउसिंग कालोनी मैदान में स्थानांतरित कर दिया गया है। श्री चंद्रवंशी ने सभी ओबीसी समाज के लोगों से निर्धारित तिथि 11 फरवरी को शिवाजी मैदान में नहीं जाकर बारालोटा हाउसिंग कालोनी मैदान में आने की अपील की। मौके पर शंकर प्रताप विश्वकर्मा, बिजय चंद्रवंशी, आनंद विश्वकर्मा, बिरेन्द्र चंद्रवंशी, अशोक पाल, पिंकू सोनी एवं मैनुदिन अंसारी उपस्थित थे।

### एक बार फिर मोदी सरकार बनाओ अभियान के तहत सांसद प्रतिनिधि ने किया दिवार लेखन


दिवार लेखन कर कमल फूल बनाते सांसद प्रतिनिधि।

**बारियातू।** एक बार फिर मोदी सरकार एवं गांव चलो अभियान के तहत सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह सहित ने 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर गोनिया पंचायत के चुम्बा व साल्वे पंचायत के जबरा गांव पहुँच कर घर-घर दिवार लेखन कर भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल फूल का दीवारों मे चित्र बनाकर अभियान प्रारंभ किया। एक बार फिर मोदी सरकार दिवार लेखन मे सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र ने आसपास के ग्रामीण महिला पुरुष से पीएम मोदी द्वारा दिए गए लाभ उज्वल योजना, पीएम किसान, आवास योजना सहित कई उपलब्धियां के बारे मे जानकारी लिया। साथ ही कहा की एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है और आगामी चुनाव मे कमल फूल के निशान पर बटन दबाकर नरेन्द्र मोदी को विजयी बनना है, भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा सबका साथ सबका विकास मे कमयाब रही है, 10 वर्षो मे लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत ही अच्छा कार्य कर दिखया है। नरेंद्र मोदी की नेतुव मे देश आगे की ओर बढ़ा है, इससे देशवाशियों को मान सम्मान बढ़ा है। मौके पर बूथ अध्यक्ष अनिल पासवान, नवीन सिन्हा, श्रवण ठाकुर सहित कई ग्रामीण उपस्थित था।

### खुरा पंचायत सचिव पर अबुआ आवास के लिए फर्जी ग्राम सभा करने का लगा आरोप

➲ बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने आवास कॉर्डिनेटर को जांच के दिए निर्देश


जनता दरबार में शिकायत दर्ज करते लोग।

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने बारी-बारी से लोगो की फरियाद सुनी। जहां खुरा पंचायत से आए कई ग्रामीणों ने बीडीओ को आवेदन देकर आरोप लगाया कि पंचायत सचिव द्वारा फर्जी ग्राम सभा कर गलत लोगों को अबुआ आवास के लिए गलत लोगों की सूची तैयार की गई है। जिन्हे पूर्व में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल चुका है, उन्हें दुबारा सूची में शामिल किया गया है, और जो अबुआ आवास के लिए योग्य है, उनका नाम हटा दिया गया है। ग्रामीणों ने नव पदस्थापित बीडीओ रेशमा रेखा मिंज से इसकी जांच कर योग्य लाभुकों को अबुआ आवास दिलाने की मांग की है। इधर बीडीओ ने आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार को इसकी जांच करने के आदेश दिया है।

स्पीड न्यूज

## जिप सदस्य एवं मुखिया ने बीडीओ का स्वागत किया



**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को जीप सदस्य जेबा मरांडी, मैयरानवाटाड पंचायत की मुखिया खमा मोदक, साथ में मुखिया प्रतिनिधि बिपिन दा ने बीडीओ अमृता सिंह को बुके देकर स्वागत किए। मुखिया खमा मोदक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से सरकारी योजना अबुआ आवास के प्रतीक्षा सूची में सुधार कर दिव्यांग तथा विधवाओं का नाम जोड़ने का आग्रह किया। मुखिया खमा मोदक ने प्रेस से बात करते हुए बताया कि जरूरतमंद लोगों को अबुआ आवास का लाभ मिले ताकि घर पर रहने की असुविधा किसी को ना हो।

## भारतीय वायु सेना में चयन को लेकर पंजीकरण कल

**बोकारो।** झारखंड और बिहार के 10 एयरमैन चयन केंद्र से भारतीय वायु सेना में वायु सैनिकों के चयन और नामांकन के लिए अग्निवीर आयु 01-2025 के लिए पुरुष और महिला उम्मीदवारों का ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि को बढ़ा दिया गया है। वायुसेना पदाधिकारी सी मोहपात्रा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अब इच्छुक उम्मीदवार आगामी 11 फरवरी 24 को रात्रि 11 बजे तक अपना ऑनलाइन पंजीकरण सम्बंधित वेबसाइट पर कर सकेंगे। इस दौरान इकाई के कमांडिंग ऑफिसर और कर्मचारियों द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता और प्रेरणा सत्र आयोजित किया जाएगा। परीक्षार्थियों का चयन ऑनलाइन टेस्ट अतिरिक्त कौशल योग्यता उपलब्धि पात्रता का सत्यापन फिजिकल फिटनेस टेस्ट मेडिकल एग्जामिनेशन आदि चरणों के माध्यम से किया जाएगा।

## मैट्रिक-इंटर परीक्षा का डीसी-एसपी ने लिया जायजा

**बोकारो।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। डीसी कुलदीप चौधरी एवं एसपी प्रियदर्शी आलोक ने चास स्थित वीकेएम इंटर कालेज चंदनकियारी स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय चंदनकियारी परीक्षा केंद्र का जायजा लिया। डीसी श्री चौधरी ने विद्यालय भवन में बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम से विभिन्न कमरों में संचालित परीक्षा को भी देखा। वहीं उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा एवं जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का नियमित औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

## गौशाला ओपी के बाहर खड़े पानी टैंकर की बैट्री चोरी

**सिंदरी।** गौशाला ओपी के बाहर रखे सड़क निर्माण कार्य में कार्यरत मेसर्स दरोगा प्रधान के तीन वाटर टैंकरों में चार बैटरी चोरी की घटना प्रकाश में आई। इसको लेकर गौशाला ओपी में लगे सीसीटीवी कैमरे की जाँच की गई। मेसर्स दरोगा प्रधान के प्रबंधक अशोक दुबे ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वाटर टैंकर गाड़ी संख्या ओ आर 04 जी 6579 के चालक ने गाड़ी को स्टार्ट करने की कोशिश की तो शुरू नहीं हुआ। इसके बाद देखा तो बैट्री गायब थी।

## प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना पर जागरूकता कार्यक्रम

**बोकारो।** इस्पात मंत्रालय के द्वारा ठेका श्रमिकों के लिए आयुष्मान भारत. प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना में निबंधन हेतु जारी जागरूकता अभियान के अंतर्गत बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा राज्य सरकार के सहयोग से पांच दिवसीय निशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### इसीएल ने गांव जाकर लगाया कैंप, ग्रामीणों को उपलब्ध करवाया स्वास्थ्य सुविधाएं

# सीएम चंपई सोरेन की सख्ती पर इसीएल ने गांव में लगाया शिविर

### लाभुकों के बीच किया गया कंबल वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** सीएम चंपई सोरेन ने पिछले दिनों ओएमयू कर चुके कंपनियों को सख्ती के साथ निर्देश दिया था कि या तो काम शुरू करें या फिर उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा। लगता है सीएम के इस सख्ती ने कंपनियों के होश उड़ा दिए हैं। तभी तो शिकारीपाड़ा में कोल कंपनियों के काफी दिनों की सुस्ती के बाद आज अचानक ईसीएल कंपनी के द्वारा स्वास्थ्य कैंप लगाया गया और ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। यही नहीं योग्य लाभुकों को कंबल का वितरण भी किया गया। इस संबंध में मौके पर मौजूद ईसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता ने कहा कि यह हमारी शुरूआत हैए आगे भी क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाए शिक्षा एवं अन्यान्य आवश्यक सेवाओं को उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी ईसीएल के द्वारा खनन का कार्य किया जा रहा है वहां के रैयतों को सरकार के द्वारा घोषित सभी सुविधाएं कंपनी के द्वारा दी जा रही है। सीएमडी ने उपरोक्त सुविधाओं के अलावे प्रति 2 एकड़ पर एक नौकरी एवं ग्रामीणों के विस्थापित घर के बदले घर देने की बात कही।

**शिकारीपाड़ा में कंपनियां खोलना चाहती हैं खदान**

बताते चलें कि शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में काफी लंबे अरसे से कोल कंपनियां खनन कार्य शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं जिसमें अभी तक किसी कंपनी को सफलता नहीं मिल पाई है । कोल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण एवं रैयत एक ओर से लगातार यह घोषणा कर रहे हैं कि कोल कंपनियों को किसी भी सूरत में एक इंच जमीन भी नहीं देंगे। अब देखना यह है कि कोल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण एवं रैयत कोल कंपनियों के द्वारा आयोजित इस प्रकार के राहत कैंपों से सेवा प्राप्त कर अपनी मनोस्थिति को बदलते हैं या फिर पुराना रवैया अख्तियार रखते हैं।

## दो सरकारी दुकान से नकली शराब बेचते दो सेल्समैन धराये, जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद ।** धनबाद में संचालित सरकारी शराब दुकानों सेल्समैन ही नकली शराब बेच रहे हैं। नकली और मिलावटी शराब बेचते दो सेल्समैन को मैनपावर उपलब्ध कराने वाली एजेंसी के को-ऑर्डिनेटर उमर ने पकड़ा है। दोनों को उत्पाद विभाग के हवाले कर दिया गया। वहीं उत्पाद विभाग ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। साथ ही अन्य शराब दुकानों में भी ऐसे मामले में जांच के आदेश दिये गये हैं।

**गोदाम में रखता था नकली शराब**

एजेंसी के लोगों को बुधवार को सूचना मिली कि गोल बिल्डिंग, सरायढेला के निकट शराब दुकान से नकली शराब बिक रही है। इसके गोदाम में छापामारी करने पर यहां 25 बोतल नकली शराब के साथ सेल्समैन अनुज कुमार यादव को पकड़ा गया। जांच में पता चला कि अनुज ही नकली शराब गोदाम में रखता है और मौका मिलते ही ग्राहकों बेच देता था।

उसे विभाग के हवाले कर दिया गया। इसी दौरान सूचना मिली कि मनईटांड़ स्थित सरकारी शराब दुकान में भी मिलावटी शराब बेची जा रही है। टीम ने वहां पर औचक छापेमारी की। पाया कि सेल्समैन अमित शराब की बोतल खोलकर दो पैग निकाल लेता है और पानी मिलकर ग्राहकों को बेच रहा है। उसे भी पकड़कर उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार जिन दो दुकानों में कार्रवाई हुई, वहां के सभी स्टाफ को हटा दिया गया है।

## ठगी से पहले धराया साइबर अपराधी

### तीन मोबाइल और 24 हजार रु. जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** नगर थाना की पुलिस ने गुरुवार की रात महुआडंगाल में लोगों को अपने शिकार में फंसाने का प्रयास कर रहे साइबर अपराधी सुमन कुमार को गिरफ्तार किया। देवघर के सारठ थाना क्षेत्र के पथरौल निवासी सुमन के पास से पुलिस ने 24 हजार रुपयाए तीन मोबाइल व टैब बरामद किया है। आरोपित ने पकड़ में आने के बाद खुद को साइबर अपराधी मानने से इंकार कर दियाए लेकिन तकनीकी टीम ने बरामद मोबाइल की जांच की तो उसका संबंध अपराधियों से साबित हुआ। उसे शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है। नगर थाना की पुलिस को पता चला कि महुआडंगाल में कुछ साइबर अपराधी एक घर से लोगों को अपने जाल में फंसाने का प्रयास कर रहे हैं। एएसआइ रोहित कुमार तकनीकी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और टावर लोकेशन के आधार पर एक पक्के घर में दस्तक दी। एक युवक ने दरवाजा खोला तो पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद कमरे की तलाशी ली गई तो पुलिस को तीन मोबाइल और रुपया मिला। पुलिस ने जब मोबाइल के बारे में पूछा तो साथियों का नाम ले लिया। उसने खुद को साइबर अपराधी मानने से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद तकनीकी टीम ने मोबाइल को खंगाला तो उसका साइबर अपराधियों से कनेक्शन साबित हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एएसआइ ने अपने बयान पर मामला दर्ज कर साथियों की तलाश शुरू कर दी है।

### दो साइबर अपराधी को जेल

**मसलिया।** पुलिस ने गुरुवार की देर रात प्रशिक्षु डीएसपी आकाश भारद्वाज के नेतृत्व में खुटटोजोड़ी गांव से दो साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। दोपहर को पुलिस को सूचना मिली कि खुटटोजोड़ी हदहदुआ सड़क के पास नवनिर्मित भवन के चाहरदीवारी के अंदर 20 से 25 युवक साइबर क्राइम को अंजाम दे रहे है। इसके बाद प्रशिक्षु डीएसपी के नेतृत्व में टीम बनाकर दबिश दी। पुलिस को देखते ही सभी अपराधी भागने लगे। पुलिस ने खदेड़ कर दो साइबर अपराधी कलीमुद्दीन अंसारी व चांद अली को दर दबोचा। तलाशी में कलीमुददीन के पास से तीन मोबाइलए कई सिम व चांद अली के पास दो मोबाइल एवं कई सिम कार्ड बरामद हुए। साइबर तकनीक के आरक्षी ने सभी मोबाइल की जांच की तो उसमें लोनएएसएचओ पेए कैश मैक्सए स्वीपट सैडए नाहमनीए लोन स्टारए क्विक कैशए मीडियमए एएमपी क्रेडिटए टेंप मेल आदि एप लोड थे।

## शिविर में 146 मरीजों के आंखों की हुई जांच

### सिंदरी समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लगा मोतियाबिंद जांच कैंप



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** सेल चासनाला द्वारा सीएसआर के तहत गौशाला स्थित सिंदरी शहरी समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क मोतियाबिंद कैंप का उद्घाटन सेल इडी अनुप कुमार एंड सीसीएसओ के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुक्रवार को किया गया। कैंप का आयोजन रोटरी क्लब सिंदरी के तत्वावधान में हो रहा था। कैंप के पहले दिन 146 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कर आंखों की जांच कराई। इनमें से 102 लोग मोतियाबिंद के मरीज पाए गए। इनमें से ब्लड प्रेशर और शुगर जांच में सामान्य पाए गए मरीजों का लेंस प्रत्यारोपण दस फरवरी को डॉ प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में सेल इडी अनुप कुमार ने सेल द्वारा सिलाई प्रशिक्षण, मेडिकल ऑन व्हील सहित अन्य सीएसआर के तहत योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने रोटरी कल्ब के छात्र - छात्राओं की प्रशंसा भी की। उन्होंने छात्रों को समाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर योगदान देने की अपील भी की। कार्यक्रम में सेल सीजीएम संजय तिवारी, जीएम शिवराम बनर्जी, डीजीएम मो अदनान, एस एस सिंह, आदित्य सिंह, पंकज मंडल, महिला समिति अध्यक्ष झूमा बनर्जी, डॉ परवेज शामिल थे।

## आंगनबाड़ी के नौनिहालों को परोसा जा रहा है एक्सपायर पोषाहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** जिला के आंगनबाड़ी केंद्र में नौनिहालों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। यह हम नहीं कह रहें बल्कि तस्वीरें सच्चाई बयां करने के लिए काफी है। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को रोगों से बचाने के लिए पोषाहार दिया जाता है लेकिन वही पोषाहार उनके लिए जानलेवा से कम नहीं। क्योंकि यहां बांटे गये पोषाहार एक्सपायर हो चुके हैं। इसके अलावा एक केंद्र के बाहर खुले में इस्तेमाल की हुई सिरिंज फेंकी हुई पायी गयी है। वो तो गनीमत रही कि जागरूक माताओं ने आंगनबाड़ी केंद्र से दिए गए पोषाहार की पैकेट की जांच की। वरना समझा जा सकता है कि यही पोषाहार अगर बच्चों को खिलाया गया होता तो शायद उनकी जान पर बन सकती थी। यही नहीं आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों का टीकाकरण कार्यक्रम चलता है। टीकाकरण में जिस डिस्पोजल सिरिंज का इस्तेमाल किया जाता है। वह सिरिंज आंगनबाड़ी केंद्र में खुले में फेंका हुआ पाया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे टीकाकरण में इस्तेमाल की गई, सिरिंज से संक्रमित हो सकते हैं। संक्रमण के कारण बच्चे की जान तक जा सकती है। दोनों मामला जिला के गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत कुलबेड़ा पंचायत स्थित हड़ियाडीह आंगनबाड़ी केंद्र की है।

## कारगिल चौक पर भाजपाइयों ने किया विरोध प्रदर्शन

**गोड्डा।** ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष सुबोध शाह की अध्यक्षता में कारगिल चौक पर कांग्रेस के नेता और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। राहुल गांधी ने फिर से ओबीसी समाज को लेकर विवादित बयान दिया और छोटी जाति से संबोधित करके शर्मसार किया गया। प्रधानमंत्री को पिछड़ा वर्ग और चाय बेचने वाला बोल कर उनकी आलोचना करना राहुल गांधी की आदत हो गई है।

## बीजीएच के चिकित्सकों ने जीते सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बीएसएल के बीजीएच की टीम ने टीएमएच जमशेदपुर में आयोजित 43वें वार्षिक अखिल भारतीय इस्पात चिकित्सा अधिकारी सम्मेलन 2024 में विभिन्न स्पधाओं की 10 श्रेणियों में से 08 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार जीतकर बोकारो स्टील का नाम रौशन किया है। सीएमओ डॉ बीबी करुणामय तथा एसीएमओ डॉ आरके गौतम के नेतृत्व में डॉ अनिंदा मंडल ने सर्वश्रेष्ठ पुरुष वक्ता डॉ रवींद्र कुमार ने प्लांट कामगारों के लिए सेफ्टी शूज का महत्व बच्चों में जन्मजात क्लब फुट के उपचार के लिए डॉ बीरेंद्र कुमार पोस्टर प्रस्तुति तथा क्विज में डॉ साकेत मिश्रा और डॉ रामानुज शर्मा ने एड्रेनल हाइपोप्लासिया के उपचार के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त किए। डॉ फरहत मजहरी ने सर्वोत्तम सीजेरियन सेक्शन तकनीक डॉ कृष्ण प्रताप तथा डॉ जया लक्ष्मी ने स्तन कैंसर डॉ आरके हेम्ब्रम ने तनाव प्रबंधन तथा डॉ अमित कुमार साहू ने सेप्सिस प्रबंधन पर अपने प्रस्तुति को पेश कर सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त किए। ईडी संकार्य बीके तिवारी ने चिकित्सकों को उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन किया।

# सारजोम बेड़ा फुटबॉल टूर्नामेंट में भिड़ेंगी 16 टीमें

### खिलाड़ियों से पूर्व मंत्री डॉ लुईस ने लिया परिचय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** आउटडोर बिरसा मुंडा स्टेडियम दुमका में शुक्रवार से तीन दिवसीय सारजोम बेड़ा फुटबाल चैंपियनशिप शुरू हुआ। इसमें राज्य के विभिन्न जिलों की 16 टीम भाग ले रहीं हैं। प्रमंडल की सबसे बड़ी चैंपियनशिप में विजेता को चार लाख का नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया जाएगा। सुबह पूर्व मंत्री डा लुईस मरांडी डीईओ आशीष हेम्ब्रम खेल पदाधिकारी तूफान पोद्दार समाजसेवी ब्रेंतिउस किस्कू व मनोज सिंह पहाड़िया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरूआत की गई। बोरियो विधायक लोबिन हेम्ब्रम डीएमओ कृष्णा कुमार किस्कु धनबाद के समाज सेवी रतिलाल टुडू डा आनंद मोहन सोरेन व भाजपा नेता सुरेश मुर्मू शामिल हुए। उद्घाटन मैच एफसी मुर्मू ब्रदर्स दुमका और डीएसपी यूनाइटेड दुगार्पुर के बीच खेला गया। जिसमें दुगार्पुर ने 3.0 से जीत हासिल कर अगले चक्र में प्रवेश किया। दुगार्पुर के जोसेफ मुर्मू मैन आफ द मैच रहे। दूसरा मैच मजदूर एकता क्लब सीतपहाड़ी पाकुड़ और एफसी हजारीबाग के बीच हुआ। निर्धारित समय में दोनों टीम बराबरी पर रही। पेनल्टी शूट में हजारीबाग ने 4.2 से जीत हासिल की। टीम के गोलकीपर तरूण महतो मैन आफ द मैच रहे। तीसरा मैच बिरसा मुंडा एफसी रांची व चांगसू ईगल एफसी दीमापुर नागालैंड के बीच हुआ। इसमें रांची ने 7.0 से जीत हासिल की। रांची के आटिंगा मैन आफ द मैच रहे। उसने हैट्रिक गोल किए। चौथा मैच कालिम्पोंग दार्जिलिंग व फ्रेंड्स यूनाइटेड संथाल परगना के बीच हुआ। निर्धारित समय तक दोनों टीम के बराबर रहने पर पेनल्टी शूट का सहारा लिया गया। जिसमें संताल परगना 5-4 से विजयी हुआ। समीर बेसरा मैन आफ द मैच घोषित किए गए। सेकंड राउंड में पहला क्वार्टर फाइनल डीएसपी यूनाइटेड दुगार्पुर व एफसी हजारीबाग के बीच खेला गया। जिसमें हजारीबाग ने 4-3 से जीत हासिल की। दूसरा क्वार्टर फाइनल बिरसा मुंडा एफसी रांची व फ्रेंड्स यूनाइटेड संताल परगना के बीच खेला गया। निर्धारित समय में दोनों टीम बराबरी पर रहीं। बिरसा मुंडा ने 4-2 से जीत हासिल की।

## समग्र विकास के लिए गांव चलो अभियान जरूरी : अमरनाथ झा

**सिंदरी।** भाजपा सिंदरी मुख्य कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश आइटी सेल प्रभारी अमरनाथ झा ने समग्र विकास के लिए गाँव चलो अभियान को जरूरी बताया। सिंदरी विधानसभा में इसकी शुरूआत प्रधानखंता के 245 - 46 बूथ पर भ्रमण कर किया गया। उन्होंने कहा कि झारखंड में 9 फरवरी से तीन दिवसीय गाँव चलो अभियान की शुरूआत की गई है।

इसमें भाजपा कार्यकर्ता संबंधित बूथों पर 24 घंटे के प्रवास के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे। इसके साथ ही उनसे अभियान का पत्रक देकर इन योजनाओं की फीडबैक भी ली जाएगी। इसमें खासकर महिलाओं को गैस, आवास, शौचालय और अनाज से संबंधित जानकारियों को इकठ्ठा करना है। इसके लिए दीवार लेखन कर पार्टी का प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। उन्होंने झारखंड सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भय, भूख और भ्रष्टाचार से लिप्त भगोड़े मुख्यमंत्री से झारखंड की जनता त्राहिमाम कर रही है। रघुवर सरकार में झारखंड के कौशल विकास अभियान के सीईओ रह चुके सिंदरी के बेटा अमरनाथ झा ने बताया कि उन्होंने राँची के खेलगाँव में रोजगार मेला आयोजित कर 26674 नियुक्ति पत्र दे चुके हैं।

## पेज एक का शेष

### चरण सिंह, नरसिंह राव और...

**अब तक 48 को सम्मान :** अब तक कुल 48 लोगों को भारत रत्न सम्मान दिया गया है। सबसे पहला सम्मान स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन और वैज्ञानिक डॉक्टर चंद्रशेखर वेंकट रमन को 1954 में दिया गया था। वर्ष 1956, 1959, 1960, 1964, 1965, 1967, 1968-70, 1972-74, 1977-79, 1981, 1982, 1984-86, 1993-96, 2000, 2002-08, 2010-13, 2020-22 में भारत रत्न नहीं दिया गया।

### डबल इंजन सरकार ...

हमारी सरकार हेमंत बाबू के अधूरे कार्यों को पूरा करेगी। उन्हीं की तरह गांव से सरकार चलती रहेगी। मुख्यमंत्री ने चंपई सोरेन कहा कि जमशेदपुर के साथ-साथ आदित्यपुर और सरायकेला भी उनका कार्य क्षेत्र रहा है। सीएम बनने के बाद मैं पहली बार जमशेदपुर आया हूं, इसकी बहुत खुशी है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में मजदूर किसानों और बेरोजगारी की समस्या खत्म करने के प्रयास में हैं।

**जांच एजेंसी स्वतंत्र रहे :** उन्होंने इडी की चर्चा करते हुए कहा कि हम देश में स्वतंत्र एजेंसी का स्वागत करते हैं। एजेंसी को पक्ष- विपक्ष के लिए निरपेक्ष होकर रहना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि विपक्ष के लोग दागदार हैं और वही आदमी जब सत्ता पक्ष में चले जाते हैं तो वह साफ सुथरे हो जाते हैं। केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए।

**केंद्र से टकराव वहीं चाहते :** सीएम ने कहा, हम केंद्र सरकार के साथ कोई टकराव नहीं चाहते हैं किंतु केंद्र को भी बिना भेदभाव के राज्य सरकारों को मदद करनी चाहिए। झारखंड के साथ केंद्र सरकार ने भेदभाव किया है यह स्पष्ट है। झारखंड को 8 लाख पीएम आवास नहीं मिला तो हम लोग को मजबूर होकर अबुआ आवास योजना लॉन्च करना पड़ा है। केंद्र सरकार झारखंड के निजी अस्पतालों को आयुष्मान कार्ड योजना के तहत अपना अंशदान नहीं दे रही है जिससे निजी अस्पतालों में झारखंड वासियों का इलाज बंद हो गया है। यह झारखंड के साथ अन्याय है और यहां की जनता के साथ अन्याय है। जनता निश्चित रूप से इस भेदभाव से अवगत है और समय आने पर इसका जवाब देगी।

**कोल्हान की दशा नहीं सुधरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कोल्हान में 100 साल से अधिक समय से खनन एवं उत्पादन हो रहा है किंतु क्षेत्र के आदिवासियों और मूल वासियों की दशा में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर की स्वर्ण रेखा और खरकाई नदी के पानी को पाइपलाइन के जरिये पूरे जिले में खेतों तक पहुंचाया जायेगा ताकि किसानों को खेतों के लिए सालों भर पानी मिल सके।

### जमीन विवाद में ....

सबसे पहले बड़े भाई नागेश्वर साहु पर खेत में ही टांगी से हमला किया गया। फिर दौड़ा कर पवन साहु, सुंदर साहु पर टांगी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया गया। गर्दन व सर पर टांगी के जोरदार प्रहार से तीनों की घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना पर एसडीपीओ सुरेश कुमार, इंस्पेक्टर एसएन मंडल व थाना प्रभारी निकेतन कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। हत्या में संलिप्त छोटे भाई व उनके पुत्रों को गिरफ्तार किया। शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ननकु साहु उसके दोनों पुत्रों से पूछताछ कर रही है। जमीन विवाद में दो भाईयों व एक भाई के पुत्र की हत्या की खबर पूरे सिसई प्रखंड में आग की तरह फैल गयी।

### राबड़ी देवी, मीसा...

सोमवार को अदालत ने पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू प्रसाद के परिवार के कथित करीबी सहयोगी अमित कात्याल को चिकित्सा आधार पर चार सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी, इनका नाम आरोपपत्र में कुछ कंपनियों के साथ शामिल है। पिछली बार, न्यायाधीश ने आरोप पत्र में नामित व्यक्तियों को यह कहते हुए अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था कि मामले में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त आधार हैं। अदालत ने हाल ही में आरोप पत्र के साथ दायर दस्तावेजों की आपूर्ति की मांग करने वाले नेता लालू प्रसाद, उनके बेटे और पत्नी द्वारा दायर एक आवेदन पर सीबीआई से जवाब मांगा। लैंड फॉर जॉब मामले में लालू परिवार से लगातार पूछताछ हो रही है।

### विनोद सिंह ने ....

वहीं हेमंत के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू से भी पूछताछ की जा रही है। विनोद सिंह रांची के एक जाने-माने आर्किटेक्ट हैं और हेमंत सोरेन के करीबी रहे हैं। उनके ठिकानों पर इडी ने जनवरी में छापेमारी कर मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और कई दस्तावेज जब्त किये थे।

**पिंटू से भी पूछताछ :** अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू से किस मसले पर पूछताछ की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि पिछलो दिनों अभिषेक के आवास पर ईडी ने छापेमारी की थी, तब उनके आवास से कई दस्तावेज बरामद हुए थे। वैसे पूर्व में खनन से जुड़ी शेल कंपनियों के मामले में अभिषेक उर्फ पिंटू से पूछताछ हो चुकी है। बाद में भी उन्हें समन भेजा गया था लेकिन उन्होंने कैबिनेट के फैसले का हवाला देते हुए ईडी दफ्तर जाने से इनकार कर दिया था।

### हेमंत मामले में ....

लेकिन 2 फरवरी को हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी लेकिन शीर्ष अदालत ने पहले हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया था। इसके बाद हस्तक्षेप याचिका दायर होने पर 5 फरवरी को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। उसी दिन हाईकोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए 9 फरवरी तक का समय दिया था। तय तारीख के मुताबिक सेकेंड हाफ में ईडी की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है।

### यूपीए सरकार रह जाती ....

उन्होंने कहा कि हालत इतनी खराब हुई कि देश में भरपूर कोयला होने के बावजूद कोयले का आयात करना पड़ा। वित्त मंत्री ने कहा, इन्होंने कोयले को राख बनाया पर हमने अपनी नीतियों से कोयले को हीरा बना दिया।

**राम मंदिर पर धन्यवाद प्रस्ताव :** ऐसी अटकलें तेज हैं कि केंद्र सरकार शनिवार को दोनों सदनों में राम मंदिर पर चर्चा करायेगी। दरअसल संसद में सीधे राम मंदिर पर चर्चा नहीं हो सकती है। ऐसे में संसद के दोनों सदनों यानी लोकसभा और राज्यसभा में कल राम मंदिर पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश होगा। चुनाव से पहले बजट सत्र के आखिरी दिन भाजपा के पास संसद से सरकार के कामों को गिनाने का आखिरी मौका है।

## स्पीड न्यूज



नयी दिल्ली में शुक्रवार को मिस वर्ल्ड की प्रेस लॉन्च में कैटवाक करती पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर।

### उपग्रह के साथ सोयुज 2.1 वी रॉकेट लॉन्च

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सैन्य उपग्रह ले जाने वाला सोयुज-2.1 वी वाहक रॉकेट प्लेसेत्स्क कॉस्मोड्रोम से प्रक्षेपित किया गया। मंत्रालय ने कहा कि शुक्रवार को एयरोस्पेस फोर्सेज के अंतरिक्ष बलों के लड़ाकू दल ने रक्षा मंत्रालय के परीक्षण केंद्र कॉस्मोड्रोम (प्लेसेत्स्क कॉस्मोड्रोम) के आर्कान्जेस्क क्षेत्र में स्थानीय समयानुसार 10:03 बजे से रूसी रक्षा मंत्रालय के हितों में एक अंतरिक्ष यान के साथ हल्के श्रेणी के लॉन्च वाहन सोयुज-2.1वी लॉन्च किया।

### जॉर्जिया में गोलीबारी में चार लोगों की मौत

**तबलिसी।** जॉर्जिया की राजधानी तबलिसी के पास दक्षिण पूर्वी शहर रुस्तवी के एक बाजार में गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गयी है और एक व्यक्ति घायल हो गया है। जॉर्जिया के गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह पता चला है कि 1988 में पैदा हुए हमलावर ने रुस्तवी में बाजार के क्षेत्र में कई गोलियां चलायीं, जिसमें बाजार में काम करने वाले आरोपी के चाचा सहित चार लोग मारे गये। हमले में आरोपी के रिश्ते का भाई घायल हो गया।

### कंबोडिया में मंकीपॉक्स का एक और मामला

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया में मंकीपॉक्स का एक और मामला सामने आने के बाद पिछले दिसंबर से देश में इसके संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़कर छह हो गयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने बयान में यह जानकारी दी।

### अलीयेव ने अजरबैजान का राष्ट्रपति चुनाव जीता

**बाकू।** अजरबैजान में राष्ट्रपति पद के लिए संपन्न चुनाव में श्री इल्हाम अलीयेव ने 92.12 प्रतिशत वोट प्राप्त कर जीत हासिल कर ली है। केंद्रीय चुनाव आयोग (सीईसी) ने शुक्रवार को शत-प्रतिशत मतपत्रों की गणना प्रक्रिया के बाद यह जानकारी दी।

### ब्रिटेन में बर्फबारी और बाढ़ की चेतावनी

**लंदन।** ब्रिटेन में बर्फबारी और बारिश के दौर के बीच बाढ़ की चेतावनी जारी की गयी है। स्कॉटलैंड के अधिकांश हिस्सों में शुक्रवार और शनिवार तक बर्फबारी की पीले स्तर की चेतावनी लागू है, जिससे बिजली कटौती और आवागमन बाधित होने का अनुमान है।

### न्यूजीलैंड में भूकंप के जोरदार झटके

**हांगकांग।** न्यूजीलैंड के केरमाडेक द्वीप समूह में शुक्रवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार 10:57:48 बजे महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.1 मापी गयी।

### पाक में पीटीआई के 30 कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद में पुलिस ने भारा काहू में पाकिस्तान तहरीक- ए-इंसाफ (पीटीआई) की एक सार्वजनिक बैठक की तैयारी में जुटे 30 कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा कि गुरुवार को दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली कि 25 से 30 लोग ढोके जिलानी ग्राउंड में मौजूद है, जिनमें से 10 से 15 लोग हथियारों से लैस है और पीटीआई की एक बैठक करने की तैयारी कर रहे है।

# ड्रोन दृष्टि-10 यूएवी ने भरी पहली उड़ान

**70 फीसदी स्वदेशी है एमएएलइ समुद्री निगरानी के लिए अडाणी डिफेंस ने इजराइली एल्बिट ग्रुप के सहयोग से किया है निर्माण**

**नौसेना पर बुरी नजर रखने वाले किसी भी व्यक्ति पर निशाना साधने में सक्षम है**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश के पहले स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (एमएएलई) ड्रोन दृष्टि-10 ने शुक्रवार को भारतीय नौसेना के लिए पहली उड़ान भरी। भारत में इसका निर्माण अडाणी डिफेंस ने इजराइली एल्बिट ग्रुप के लाइसेंस पर किया है और इसका 20 फीसदी हिस्सा पहले ही इजराइल को निर्यात किया जा चुका है। भारतीय बलों के लिए निगरानी और टोही को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस दृष्टि-10 यूएवी का निर्माण अडाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज ने हैदराबाद स्थित यूएवी कॉम्प्लेक्स में समुद्री निगरानी क्षमता बढ़ाने के लिए किया है। रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट हर्मीस 900 स्टारलाइनर



उर्फ दृष्टि-10 ने शुक्रवार को भारतीय नौसेना के लिए अपनी पहली उड़ान भरी। यह 70 फीसदी स्वदेशी है, जो भारत की रक्षा विनिर्माण क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्शाता है। 30 हजार फीट की ऊंचाई पर 36 घंटे की उड़ान और 450 किलोग्राम का पेलोड ले जाने की क्षमता के साथ यह ड्रोन खुफिया, निगरानी और टोही मिशनों के लिए उपयोगी है। दृष्टि-10 यूएवी की खूबियों के बारे में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने बताया कि अत्याधुनिक सेंसर, उन्नत सहनशक्ति, उन्नत संचार क्षमताओं के साथ-साथ स्वचालित टेक ऑफ और लैंडिंग जैसी नई पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों के साथ नौसेना की इंटेलिजेंस, निगरानी और विश्वसनीयता बढ़ेगी। दृष्टि-10 आकाश में हमारी तीसरी आंख बन सकता है, जिससे नौसेना भारत पर बुरी नजर डालने की हिम्मत करने वाले किसी भी व्यक्ति पर निशाना साधने में सक्षम होगी। उन्होंने कहा कि दृष्टि-10 यूएवी भारत के राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए हमारे भविष्य के नौसैनिक अभियानों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## मौनी अमावस्या पर हरकी पौड़ी में श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी



तीर्थनगरी हरिद्वार में शुक्रवार को मौनी अमावस्या पर देश के कई प्रदेशों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य अर्जित किया। स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं ने अपने पितरों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण व नारायण बलि आदि कर्म किए। श्रद्धालुओं ने हरकी पौड़ी ब्रह्म कुण्ड समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर पुण्य की डुबकी लगाई। सुबह से शुरू हुआ स्नान का सिलसिला दिन भर चलता रहा।



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संसद की कैंटीन में सांसदों के साथ दोपहर का भोजन किया। प्रधानमंत्री ने सांसदों के साथ कई विषयों चर्चा की। पीएम के साथ आरएसपी नेता एनके प्रेमचंद्रन, डीटीपी नेता राम मोहन नायडू, बसपा के रितेश पांडे, भाजपा के लद्दाख सांसद जामयांग नामग्याल, केंद्रीय मंत्री एल मुरुगुन, बीजद के सस्मित पात्रा व भाजपा सांसद हीना गावित शामिल रहीं।

## मोदी सरकार ने जीत लिया दिल : जयंत

**कहा- किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को मिला बड़ा सम्मान**

**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री व किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के भारत सरकार एलान को राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने भाजपा से गठबंधन पर कहा कि मैं किस मुंह से इनकार करूं, मोदी सरकार ने दिल जीत लिया है। उन्होंने कहा है कि चौधरी चरण सिंह को बहुत बड़ा सम्मान मिला। आज चौधरी अजित सिंह का सपना पूरा हुआ है। आज का फैसला पीढ़ी दर पीढ़ी याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री देश की मूल भावना समझते हैं। इस फैसले को गठबंधन से न जोड़ा जाए। भाजपा से गठबंधन से इनकार नहीं। नए भारत में चीजें बदल रही हैं। प्रधानमंत्री का फैसला दिल जीतने वाला है। जयंत चौधरी के इस बयान के बाद उत्तर प्रदेश में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और इंडी. गठबंधन के पूरी तरह से लोकसभा चुनाव से पूर्व बिखरता हुआ दिख रहा है।

# पेपर लीक पर लगाम

## सार्वजनिक परीक्षाओं में गड़बड़ियों को रोकने के लिए बिल दोनों सदनों से पास

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ियों की रोकथाम के लिए लाए गए विधेयक को शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों की मंजूरी मिल गई। विधेयक को लोकसभा पहले ही पारित कर चुकी है और आज यह राज्यसभा से भी पारित हो गया। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को राज्यसभा में लोक परीक्षा विधेयक चर्चा के लिए पेश किया। उन्होंने कहा कि विधेयक का उद्देश्य युवाओं को समान अवसर प्रदान करना और समयबद्ध तरीके से चयन की प्रक्रिया को पूरा करना है। डॉ. सिंह ने कहा कि 2014 में सत्तारूढ़ होने के बाद मोदी सरकार ने युवाओं को समान अवसर प्रदान करने की दिशा में प्रयास किया। रोजगार की प्रक्रिया को सीधा और सरल किया गया है। लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक-2024 का उद्देश्य परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी की रोकथाम करना है।

**विधेयक की मुख्य बातें**

- **गलत तरीके से परीक्षा पास करने वाले को तीन साल की सजा और 10 लाख तक जुर्माना**
- **परीक्षा से जुड़ी सेवाएं देने वालों पर करोड़ रुपये तक का जुर्माना और चार साल के लिए लगेगा प्रतिबंध**
- **केंद्र सरकार ने रोजगार की प्रक्रिया को सीधा और सरल किया : जितेंद्र सिंह**



इसमें कई कड़े प्रावधान किए गए हैं और आवश्यकता पड़ने पर मामले को केंद्रीय एजेंसियों को सौंपे जाने का भी प्रावधान है। गलत तरीके से परीक्षा पश्न पत्र, उसकी सामग्री और जवाब लीक करने तथा अवैध तरीकों से परीक्षार्थी को पास कराने पर कड़ी कार्रवाई के प्रावधान हैं। विधेयक के प्रावधानों के तहत किसी भी अपराध की जांच पुलिस उपाधीक्षक या सहायक पुलिस आयुक्त के पद से नीचे का अधिकारी नहीं करेगा। विधेयक के तहत गलत तरीके से परीक्षा पास करने वाले को तीन साल की कैद की सजा और 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। परीक्षा से जुड़ी सेवाएं देने वालों पर करोड़ रुपये तक का जुर्माना और परीक्षा की आनुपातिक लागत वसूलने और चार साल के लिए प्रतिबंध का प्रावधान है। संगठित अपराध में शामिल लोगों को 10 साल तक की सजा हो सकती है। संगठित अपराध में शामिल संस्थान की संपत्ति कुर्क हो सकती है।

### जम्मू-कश्मीर से संबंधित तीन विधेयक रास में पास

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर से संबंधित तीन विधेयकों को मंजूरी मिली है। राज्यसभा में जम्मू कश्मीर पंचायती राज विधेयक (संशोधन) विधेयक, संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 पर एक साथ चर्चा हुई। इन विधेयकों पर राज्यसभा में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार और जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने जवाब दिया। उसके बाद इसे ध्वनिमत से पारित किया गया। लोकसभा इन विधेयकों को पहले ही मंजूरी दे चुकी है। चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जम्मू कश्मीर स्थानीय निकाय कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर जवाब देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर को लेकर विपक्ष के लोग जो भी आरोप लगाए हैं, वह सच से परे हैं। अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद वहां विकास को गति मिली है और राज्य मुख्यधारा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांति, सुरक्षा और विकास सहित सामाजिक एवं आर्थिक आयामों में सुधार हुआ है।

### भारत ने रूस से बढ़ाई नजदीकी : निक्की हेली

**वॉशिंगटन।** 



भारतीय मूल की अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी के लिए दावेदारी कर रही निक्की हेली ने अमेरिकी नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत अमेरिका का साझेदार बनना चाहता है लेकिन कम भरोसे के कारण वह अपनी जरूरतों के लिए वह रूस से निकटता बनाए हुए है। रिपब्लिकन पार्टी की राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने के लिए निक्की हेली पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने डटकर खड़ी हैं। हालांकि आयोवा, न्यू हैंपशायर की पराजय के बाद नेवादा में भी शर्मनाक हार के बाद उन्होंने अपना ध्यान अब कैलिफोर्निया प्राइमरी के लिए केंद्रित कर दिया है। वहीं डेमोक्रेटिक पार्टी में प्रत्याशी के लिए जो बाइडन के सामने कोई खास नहीं चुनौती हैं, लेकिन रिपब्लिंकन पार्टी में घमासान है। नेवादा में हेली को झटका लगा है, लेकिन उन्होंने कहा है कि वह दौड़ से हटने वाली नहीं हैं। हेली ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत बेहतर समन्वय से रूस से संबंध बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि मेरी पीएम नरेन्द्र मोदी से बात हुई है। भारत अमेरिका का साझेदार बनना चाहता है न कि रूस का।

## अमिताभ ने रामलला के दरबार में लगायी हाजिरी



**अयोध्या।** महानायक अमिताभ बच्चन ने शुक्रवार को अयोध्या पहुंच कर भगवान रामलला के दर्शन किये। मंदिर के मुख्य पुजारी ने उन्हें आशीर्वाद दिया। अयोध्या में बने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के 18 दिन ही महानायक अभिताभ बच्चन शुक्रवार को फिर अयोध्या पहुंचे हैं। उन्होंने सफेद धोती-कुर्ता, ऑरेंज जैकेट में पहन रखा था। अभिताभ ने रामलला के दर्शन कर पूजा अर्चना की। मंदिर के प्रधान पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने अमिताभ बच्चन का आशीर्वाद दिया। बच्चन के अयोध्या पहुंचने के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले ही अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में जमीन खरीद रखी है। यह प्लाट राम मंदिर के नजदीक ही है और मुंबई के 7 स्टार प्लॉटेड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट द सरयू का हिस्सा है। खबर है कि बिग बी यहां 10 हजार वर्ग फीट का घर बनाने जा रहे हैं। इस प्लॉट की कीमत 14.5 करोड़ रुपये है।

# किसानों को उपज का सही मूल्य मिले : मुर्मू

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किसानों की गरीबी की स्थिति को रेखांकित करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनको उसकी उपज का सही मूल्य दिलाने और उनकी समृद्धि बढ़ाने के प्रयास अधिक तेज करने की जरूरत पर बल दिया। श्रीमती मुर्मु ने सरकार द्वारा इस दिशा में उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए विश्वास जताया कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को पूरने की यात्रा में देश का किसान अग्रदूत होगा। राष्ट्रपति भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) के 62वें दीक्षांत समारोह में दीक्षांत भाषण दे रही थीं। उन्होंने कहा कि हम सब किसान एवं कृषि संबंधी समस्याओं से अवगत हैं। हमारे कितने ही किसान भाई-बहन आज भी गरीबी में जीवन-यापन कर रहे हैं। किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिले, वह अभावग्रस्त जीवन से समृद्धि की ओर बढ़े, इस दिशा में हमें और भी तत्परता से आगे बढ़ाना होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे पूर्व विश्वास है कि कि वर्ष 2047 में जब भरत विकसित राष्ट्र बन कर उभरेगा, तब भारत का किसान इस यात्रा का अग्रदूत होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में काफी वृद्धि की है ताकि किसानों को आय सुरक्षा प्रदान की जा सके।


## सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय

गिरधर गोपाल मिश्रा

ज्योतिषाचार्य



जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।

I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

## जय मां शक्ति सह होमियो चिकित्सा केंद्र

डॉक्टर आर के पाठक

होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज (सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)

सम्पर्क : 8409363623

कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद


## इमरान की पार्टी समर्थित 154 उम्मीदवार आगे

**पाकिस्तान में चुनाव**

- **पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, उनके छोटे भाई शहबाज शरीफ, शहबाज के बेटे हमजा शहजाद और शरीफ की बेटी मरियम नवाज जीते**
- **पाक-तहरीक-ए-इंसाफ के नेता गौहर अली खान और असद कैसर ने जीता चुनाव**

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान में धांधली के आरोपों और छिटपुट हिंसा के बीच गुरुवार को हुए आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को बढ़त मिलती दिख रही है। मुल्क में नेशनल असेंबली की 336 सीटों में से 266 पर मतदान कराया जाता है, लेकिन बाजौर के हमले में एक उम्मीदवार की मौत हो जाने के बाद एक सीट पर मतदान स्थगित कर दिया गया था। नेशनल असेंबली की 265 सीटों में से 163 के रुझानों में पीटीआई समर्थित 154 उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने मतदान संपन्न होने के 10 घंटे से अधिक समय बाद शुक्रवार देरात चुनावी परिणाम की घोषणा शुरू की। अभी मतगणना जारी है। अब तक जिन बड़े नेताओं ने जीत हासिल की है, उनमें पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, उनके छोटे भाई शहबाज शरीफ, शहबाज शरीफ के बेटे हमजा शहजाद और शरीफ की बेटी मरियम नवाज शामिल हैं। आयोग के अनुसार जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ के नेता गौहर अली खान और असद कैसर ने भी जीत हासिल की। चुनाव में मुख्य मुकाबला इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई), तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) और बिलावल जरदारी भुट्टो की पीपीपी के बीच है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में हैं और उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध है। 71 वर्षीय खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के उम्मीदवार निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं, क्योंकि पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने उनकी पार्टी के चुनाव चिह्न क्रिकेट का बल्ला से वंचित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को बरकरार रखा था।



### लाहौर सीट पर बिलावल भुट्टो पराजित

**लाहौर।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की वरिष्ठ नेता शेरी रहमान ने पार्टी प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी के लाहौर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अताउल्लाह तरार के सामने हार पर चुनाव में जमकर धांधली का आरोप लगाया है। इस सीट पर तरार 98,210 वोट और बिलावल को 15,005 वोट मिले।

### मुख्तार अंसारी की पत्नी व सालों की 2.35 करोड़ की संपत्ति जब्त

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिला निवासी बाहुबली मुख्तार अंसारी की दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अंसारी परिवार द्वारा अपराध कृतियों से अर्जित धन द्वारा खरीदी गई 2.35 करोड़ की संपत्तियों को पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने आईएस-191 गैंग के सरगना मुख्तार अंसारी गिरोह की सक्रिय सदस्य पत्नी आफसा अंसारी तथा मुख्तार के सगे साले अनवर शहजाद व सरजील उर्फ आतिफ रजा की आपराधिक कृत्यों से अर्जित धनराशि दो करोड़ 35 लाख 13 हजार 803 रुपये को धारा 14(1) उप्र गिरोह बन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 के तहत कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की।


## वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# सिंधु सभ्यता को नष्ट ब्रिटिश शासको ने किया था

**आ .का.र. पू केशवराजु**

सिंधु सभ्यता का निर्माण ब्रिटिश आक्रमणकारियों द्वारा भारतीय इतिहास को विकृत करने के तहत किया गया था। अंग्रेजों ने हमें सिखाया कि वैदिक सभ्यता इस सिंधु सभ्यता₹ को नष्ट करने के बाद आई थी। अर्थात सिंधु सभ्यता और वैदिक संस्कृति परस्पर अनन्य हैं, जो ब्रिटिश बुद्धिजीवियों द्वारा प्रतिपादित एक कृत्रिम सिद्धांत है।

ब्रिटिश बुद्धिजीवियों ने यह प्रचारित किया कि विदेश से हमारे देश में आए आर्यो ने सिंधु सभ्यता को नष्ट कर दिया और 12वीं शताब्दी ईसा पूर्व में ऋग्वेद लिखा और हमारे इतिहास को भ्रष्ट कर दिया। वेद प्राचीनकाल से है....12वीं शताब्दी ईसा पूर्व में क्या लिखा गया है?

सिंधु सभ्यता जैसी कोई चीज नहीं है, अनादिकाल से इस देश में केवल हिन्दू राष्ट्रीय संस्कृति का ही अस्तित्व रहा है।लेकिन कुछ राष्ट्रवादी अभी भी भोलेपन और अज्ञानतापूर्वक इस ₹सिंधु सभ्यता₹ का प्रचार करते हैं।

पिछली शताब्दी की शुरूआत में हड़प्पा मोहनजोदड़ो क्षेत्रों में की गई खुदाई में बर्तन, दीवारें, रोल, मकान, पत्थर आदि भारत महाद्वीप के हर हिस्से में बाद की खुदाई में पाए गए... वे गुजरात में पाए जाते थे, वे उत्तर प्रदेश में पाए जाते थे, वे तमिलनाडु में पाए जाते थे, वे सिंहल में पाए जाते थे, वे तिब्बत में पाए जाते थे और संपूर्ण भारत में पाए जाते थे। तथ्य यह है कि एक ही सांस्कृतिक जीवन प्रणाली थी जैसे-जैसे खुदाई चल रही है, वैसे-वैसे इसकी पुष्टि भी होती जा रही है।

वह सांस्कृतिक जीवन व्यवस्था हजारों वर्षों से वैदिक विज्ञान के प्रति समर्पित एक राष्ट्रीय व्यवस्था है।

उनके कृत्रिम सिद्धांत के अनुसार कि इसकी सांस्कृतिक जीवन प्रणाली वैदिक विज्ञान के प्रति प्रतिबद्धता नहीं है, ब्रिटिश इतिहासकारों, पश्चिमी बुद्धिजीवियों ने कोई तार्किक उप-पाठ नहीं दिखाया... हमारे बुद्धिजीवियों ने उप-पाठ दिखाने के लिए नहीं कहा... अंग्रेजों ने कुटिल बुद्धि से लिखा और हमारे छात्रों के दिमाग पर लाद दिया। वहीं छात्र आज शिक्षक बनकर अपने छात्रों के बीच वही झूठ फैला रहे हैं।

सिंधु सभ्यता भ्रम-2

हालांकि , मुख्य समस्या यह है कि आधिकारिक भारतीय इतिहासकार अभी भी इस तथ्य को स्वीकार नहीं करते हैं कि ₹तथकथिता - तथाकथित - सिंधु घाटी सभ्यता एक मिथक है, एक महान भ्रम है।

स्वीकार किया जाए तो महाभारत युद्ध को आधुनिक भारतीय राष्ट्रीय इतिहास के मुख्य आधार के रूप में लिखा जाना चाहिए और स्कूलों में पढ़ाया जाना चाहिए। पश्चिमी इतिहासकार भी इस बात से सहमत हैं कि महाभारत का युद्ध 3138 ईसा पूर्व में हुआ था। यह स्वीकार करके भी चार दशक बीत गए. अतः यदि इसे आधार माना जाए तो अब इस तथ्य को स्वीकार कर लेना चाहिए कि ₹सिंधु सभ्यता एक झूठ है, एक कच्चा झूठ है।। क्योंकि महाभारत युद्ध 3138 ईसा पूर्व में हुआ था, तथाकथित सिंधु सभ्यता 3500-1500 ईसा पूर्व के बीच जारी रही₹ परस्पर असंगत तत्व हैं।

यदि सिंधु सभ्यता प्रणाली मोहनजोदड़ो या हड़प्पा क्षेत्रों में केंद्रित थी जैसा कि ब्रिटिश बुद्धिजीवियों ने ₹खोजा₹ था, तो कोई रास्ता नहीं है कि वैदिक संस्कृति तब हमारे देश में मौजूद होती। क्योंकि उनके (ब्रिटेन), ऋग्वेद और आर्यों के सिद्धांत के अनुसार जो महाभारत युद्ध के लगभग 19 सौ वर्ष बाद 12वीं शताब्दी ईसा पूर्व में विदेश से आए थे।

लिखा राष्ट्रीय इतिहास साहित्य से इसकी पुष्टि हो चुकी है कि वैदिक संस्कृति महाभारत युद्ध व उससे पूर्व हमारे देश भर में फैली हुई थी।

यद्यपि पश्चिमी लोग युगों के इतिहास को स्वीकार नहीं करते, फिर भी वें और भारत में उनके उत्तराधिकारी महाभारत युद्ध को स्वीकार करते हैं। और ₹महाभारत युद्ध के बाद 2000 वर्षों तक इस देश में बनी वैदिक संस्कृति का भारतीयों ने महाभारत युद्ध के दौरान नकल किया था? चूँकि उस समय वेद अस्तित्व में थे, कृष्णद्वैपायन व्यास ने वेदों को चार भागों में वर्गीकृत किया, यदु कुल के कृष्ण ने अर्जुन को वेदों का सार गीता के रूप में सिखाई। ये अकेले दो उदाहरण नहीं हैं, अनगिनत उदाहरण हैं. ब्रह्माविष्णु महेश्वर को संपूर्ण भारतीय समाज महाभारत युद्ध के समय से जानता था। जैसा कि मैक्समुलर ने ₹खोजर₹ की थी कि 12वीं शताब्दी ईसा पूर्व में स्थापित जीवन की वैदिक प्रणाली 32वीं शताब्दी ईसा पूर्व में महाभारत युद्ध के समय इस देश में मौजूद थी। यह सब दशकों से स्पष्ट है। लेकिन हमारे स्कूलों में आज भी अंग्रेजों द्वारा लिखा गया इतिहास पढ़ाया जाता है..!!



राष्ट्रवाद की बात तो अलग है.... आधिकारिक इतिहास लेखकों की बुद्धि में अभी तक दार्शनिक स्पर्श क्यों नहीं हुआ?यह बात और अधिक स्पष्ट हो सकती है यदि प्रख्यात ऐतिहासिक शोधकर्ता संस्कृत विद्वान श्री कोटा वेंकटचलम के ऐतिहासिक ग्रंथों को पढ़ें।

(प्रख्यात इतिहास के शोधकर्ता श्री हेब्बार नागेश्वर राव जी के साथ चर्चा में आए हुए विषय के आधार पर।)

(लेखक विश्व हिंदू परिषद क्षेत्र संगठन मंत्री।)







# समग्र क्रांति के अग्रदूत स्वामी दयानंद

**डॉ. मोक्षराज**

**गुजरात** के गांव टंकारा में जन्मा एक ऐसा महापुरुष जिसके तर्क आज भी अकाट्य हैं। दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्राप्त कवि प्रदीप ने ऋषि गाथा लिख व गाकर, बाबू देवेंद्रनाथ मुखोपाध्याय, रक्तसाक्षी पं. लेखराम, पं. घासीराम, मुंशी प्रेमचंद एवं कविवर मेथिलीशरण गुप्त ने लेखबद्ध कर गुजरात की धरती में जन्मी इस दिव्य आत्मा का गुणकीर्तन किया है ।

पाश्चात्य देशों में चर्चितः महर्षि दयानंद सरस्वती भारत के प्रथम महामानव थे जिनके बारे में 19वीं सदी के अमेरिकी एवं यूरोप के अखबारों में सबसे अधिक चर्चा रहती थी और इस चर्चा का प्रमुख कारण था महर्षि का क्रांतिकारी व्यक्तित्व ।

जन्मस्थली टंकाराः महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी, 1824 को तत्कालीन मोरवी राज्य के टंकारा गांव में हुआ । उनके पिता का नाम करसन तिवारी तथा मां का नाम यशोदा बेन उर्फ अमृतबाई था । वे औदीच्य ब्राह्मण थे ।

महान मार्गदर्शकः जो लोग महर्षि दयानंद से प्रभावित थे और उनका अनुसरण करते थे उनमें महारानी लक्ष्मीबाई, तांत्या टोपे, नाना साहब पेशवा, मैडम भीकाजी कामा, पंडित लेखराम, स्वामी श्रद्धानंद, श्यामजी कृष्ण वर्मा, सरदार किशन सिंह, सरदार भगत सिंह , विनायक दामोदर सावरकर, भाई परमानंद, लाला हरदयाल, मदन लाल ढींगरा, पं. राम प्रसाद बिस्मिल, लाला लाजपत राय, पं. गुरुदत्त विद्यार्थी, सुभाष चन्द्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, सरदार ऊधम सिंह, स्वामी भवानी दयाल संन्यासी, स्वामी शंकरानंद, पं. रुचिराम आर्य, महाशय राजपाल, महादेव गोविंद रानाडे, लोकमान्य बालगंगाधर तिलक, अशफाकउल्ला खां, महात्मा हंसराज, योगमाया न्यूपाने, सरदार वल्लभभाई पटेल आदि प्रमुख थे ।

अंधविश्वास व पाखंड पर निष्पक्ष व निर्भीक प्रहारः यद्यपि संत कबीरदास, गुरु नानकदेव व संत रविदास ने गहन साधना के प्रभाव से कई सदी पूर्व अनेक धार्मिक पाखंड का खंडन किया, पुनरपि महर्षि दयानंद ने जो वेद-शास्त्रों व अन्य मत मजहबों की समालोचना की उसका कोई प्रतिवाद नहीं कर सका। महर्षि दयानंद सरस्वती ने निष्पक्षता से सामाजिक एवं धार्मिक भेदभाव को मिटाने का यत्न किया । वे भले ही ब्राह्मण कुल में उत्पन्न हुए किंतु उन्होंने धर्म के नाम पर प्रचलित विभिन्न पाखंड व अंधविश्वासों का इतना विरोध किया कि उसके कारण भारत के बड़े-बड़े पंडित, मौलवी व देश विदेश के पादरी भी उनके न केवल विरोधी हुए बल्कि उनके खून के प्यासे हो गये । दुर्गा कुंड के पास आनंद बाग में 1868 में हुआ काशी शास्त्रार्थ इतिहास के पन्नों में उस अकाट्य प्रश्न को भी लिख गया- ह्लवेदों में मूर्तिपूजा है कहां ?ह्व तथा कुरान व बाइबिल अवैज्ञानिक हैं।

स्वराज्य के प्रथम मंत्रद्रष्टाः महर्षि दयानंद सरस्वती अंग्रेजी वायसरायों के समक्ष भी सदैव भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए मुखर रहे। वे किसी भी मत संप्रदाय से ईर्ष्या तो नहीं करते थे, किन्तु उनके दोषों को दूर करने के लिए जीवन भर प्रयत्न करते रहे । महर्षि दयानंद चाहते थे कि सारी दुनिया अपनी मूल विरासत मूल संस्कृति वेदों की ओर लौटे, ताकि प्रत्येक प्राणियों के साथ-साथ समस्त मनुष्यों का भी हित सुरक्षित रह सके ।

वसुधैव कुटुम्बकम् के अप्रतिम हस्ताक्षरः वे कहते थे कि आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य संसार का उपकार करना है अर्थात शारीरिक, आत्मिक एवं सामाजिक उन्नति करना । ऋषि दयानंद के हृदय में तनिक भी संकुचित भाव नहीं था । वे सम्पूर्ण मानव जाति के लिए उदार मन से ज्ञान के द्वार खोलते और सब के दोषों को दूर करने के प्रयत्न करते थे । हम भारत के उस महान दार्शनिक, चिंतक, समाज सुधारक एवं समग्र क्रांति के अग्रदूत के जन्म की दूसरी शताब्दी मना रहे हैं, एतदर्थ आप सबको बहुत बहुत बधाई।

(लेखक, जॉर्ज टाउन यूनिवर्सिटी अमेरिका में प्रोफसर रहे हैं।)

# किसान दुखी रहेगा तो जो अन्न उपजेगा वह अन्न खाने वाला भी दुखी रहेगा

**गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर**

पुणे में आयोजित एक ऐतिहासिक सभा में, 10,000 किसान नैसर्गिक खेती की सफलता का उत्सव मनाने के लिए एकत्रित हुए और सभी ने आर्ट ऑफ लिविंग के सकारात्मक प्रभाव के लिए गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के प्रति अपना आभार व्यक्त किया ।8 फरवरी 2024, पुणेः आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित ग्रामोत्सव कार्यक्रम में 10,000 किसानों, 500 सरपंचों और गांवों के अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने जमकर भाग लिया । इन सभी किसानों, सरपंचों तथा गाँव के अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने संस्था की सेवा परियोजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में आए परिवर्तन और प्रचुरता के लिए संस्था का आभार व्यक्त किया। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा महाराष्ट्र के संभाजी नगर जिले के आसपास 10,000 से अधिक आदिवासी किसानों को नैसर्गिक खेती और टिकाऊ कृषि में प्रशिक्षित किया गया है, जिससे अब वे आत्मनिर्भर हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में भी इस परियोजना का उल्लेख किया गया था।

इस विशाल सभा को संबोधित करते हुए, आध्यात्मिक गुरु और मानवतावादी, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर ने राज्य में किसानों की आत्महत्या की समस्या को हल करने पर बल दिया। ₹हमें किसानों की आत्महत्या को रोकना है। यहां 500 सरपंच हैं। मैं आप सब से विनती करता हूँ कि आपके गांव में एक भी किसान डिप्रेशन में न रहे, आप यह ज़िम्मेदारी उठाइये। हमारे स्वयंसेवक और युवाचार्य आपका साथ देंगे । मैं महाराष्ट्र सरकार से भी विनती करता हूँ कि वे इसे आगे बढ़ाएं- ताकि किसान आत्महत्या न करें ।

गुरुदेव ने आगे कहा, यदि आप देखें कि एक भी किसान दुखी या तनावग्रस्त है, तो रुकें और उनसे बात करें। उनसे पूछें कि उन्हें क्या परेशानी है? हमें किसानों से कहना चाहिए कि यदि किसी को अपना जीवन न्यौछावर करना हो तो देश की सेवा में न्यौछावर करें; आर्ट ऑफ लिविंग यही करता है- मन से नकारात्मकता के विष को दूर करने में सहायता करता है और जीवन को नया लक्ष्य देता है। गुरुदेव ने बताया कि यदि किसान दुखी है, उसके द्वारा उत्पादित अन्न का उपभोक्ता भी स्वस्थ नहीं होगा।

गुरुदेव ने ग्राम प्रधानों और अभिभावकों से यह सुनिश्चित करने की भी अपील की कि युवा और बच्चे व्यसनों और शराब से दूर रहें। हमें भक्ति और खुशी की लहर की आवश्यकता है जैसे संत तुकाराम और नामदेव के समय में थी।

हाल ही में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने महाराष्ट्र में समग्र ग्रामीण विकास के अपने प्रयासों के अंतर्गत राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था समझौते के अंतर्गत महाराष्ट्र में 1.3 मिलियन हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में नैसर्गिक खेती को लागू कर रही है और हजारों किसानों को इसका प्रशिक्षण दे रही है। यहीं नहीं संस्था, किसानों को अपनी उपज की बिक्री के लिए सीधे बाजार की सुविधा भी प्रदान कर रही है। सीधे बाजार की सुविधा न केवल बिचौलियों को समाप्त कर रही है बल्कि किसानों के मुनाफे में भी वृद्धि कर रही है।

कार्यक्रम में प्रमोचित की गई किसान टोकरी उपभोक्ताओं को किसानों से सीधे जोड़ती है।

नैसर्गिक खेती के अनगिनत लाभ हैं। महाराष्ट्र के किसान किशोर थोराट ने बताया, गुरुदेव की प्रेरणा से, मैं पिछले सात वर्षों से नैसर्गिक खेती कर रहा हूँ। मिश्रित फसल के साथ, अब मैं प्राकृतिक रूप से उगाए जाने वाले फलों और सब्जियों की दर निर्धारित करता हूँ। मैं 1 एकड़ भूमि में , 28 प्रकार के फल और 40 प्रकार की सब्जियां उगा रहा हूँ। मैं प्रति वर्ष लगभग 7 लाख रुपये का मुनाफा कमा रहा हूं। नैसर्गिक खेती में प्रशिक्षित धूमलवाडी गांव के फाल्टन के एक अन्य किसान, दत्तात्रेय डुमर अपने उगाए फल पूरे भारत, दुबई और यूके में बेच रहे हैं। इसके अलावा, चूंकि वे सभी उत्पाद जैविक हैं, इसलिए रासायनिक उर्वरकों पर कोई पैसा बर्बाद नहीं होता है।

कार्यक्रम में उपस्थित लोकप्रिय मराठी अभिनेता और पर्यावरण कार्यकर्ता, सयाजी शिंदे ने कहा, आज गुरुदेव की उपस्थिति में मैंने अनुभव किया है कि जब हम सकारात्मक मानसिकता के साथ काम करते हैं तो काम कैसे सफलतापूर्वक होता है। उन्होंने सभी को कम से कम 500 पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित कियाऔर कहा केवल पेड़ ही सेलिब्रिटी स्टेटस के पात्र हैं।

हिवरे बाजार के सरपंच और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित पोपट राव पवार ने भी मिट्टी को स्वस्थ रखने की आवश्यकता के विषय में बात की। उन्होंने कहा, रसायन मुक्त खेती ही हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ रख सकती है। अगर हम त्रेता युग जैसा रामराज्य चाहते हैं, तो हमें गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी के दृष्टिकोण को लागू करना होगा और नैसर्गिक खेती को हर जगह ले जाना होगा।

आर्ट ऑफ लिविंग सोशल प्रोजेक्ट्स तथा ह्यमहाराष्ट्र सरकार-मनरेगा ने जलतारा परियोजना को आगे बढ़ाते हुए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री मंगेश चिवाटे और महाराष्ट्र मनरेगा विभाग के ओएसडी राहुल गेठे और ईजीएस मनरेगा की उप सचिव श्रीमती संजना घोपड़े भी उपस्थित रहीं।



आर्ट ऑफ लिविंग की जलतारा परियोजना के अंतर्गत, केवल 2 वर्षों में 115 गांवों में 45,500 जलतारा पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण किया गया है, जिससे लाखों लोगों को लाभ हुआ है। जलतारा पुनर्भरण संरचनाएं; रेत, बजरी और चट्टानों से भरी पुनर्भरण संरचनाएं हैं। जब पानी बहता है तो इन संरचनाओं में रिसता है और भूजल के स्तर को रिचार्ज करता रहता है।

जलतारा संरचनाएं बाढ़ को रोकती हैं, मिट्टी के कटाव को कम करती हैं और मिट्टी में पोषण बनाए रखती हैं जिससे किसानों की फसलों का बचाव होता है। जगह-जगह पर इन संरचनाओं के कारण जहाँ जल स्तर में औसतन 14 फीट का सुधार हुआ है वहीं किसानों की आय में औसतन 120% से अधिक की वृद्धि हुई है और फसलों की पैदावार में भी 42% से अधिक का सुधार देखा गया है।

# भारत का सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं हिंदुत्व

**सावरमल अग्रवाल**

**पूर्व मीडिया प्रभारी झारखंड प्रदेश भाजपा**

राष्ट्र का मूल आधार संस्कृतिहै इसलिए राष्ट्रवाद का अर्थ ही है सांस्कृतिक राष्ट्रवाद अगर सांस्कृतिक एकता ना हो तो कोई भी भौगोलिक भूखंड राजनीतिक इकाई बनने के बाद भी नतो एक राष्ट्र का रूप धारण कर सकता है और नउसमें स्थिरता आ सकती है धर्म भाषा खान-पान पहनावा रीति रिवाज परंपराएं यह सभी मिलकर संस्कृति का निर्माण करती है और सांस्कृतिक एकता के आधार पर ही निर्मित राष्ट्र की स्थिर साबित हुआ है अगर संप्रदाय पथ किसी राष्ट्र का आधार होता तो इतने इस्लामी और इसाई देश नहीं होते अर्थात धर्म संस्कृति का एक महत्व पूर्ण तत्व होते हुए भी संस्कृति का प्राण तत्व नहीं है और इसीलिए वह किसी राष्ट्र का प्रभाव प्राण तत्व नहीं हो सकता है

इटली के बारे में आस्ट्रिया के चांसलर मेटरनिक ने कहा था इटली तो मात्र एक भौगोलिक अभिव्यक्ति है अर्थात इटली एक राष्ट्र था ही नहीं और वह राष्ट्र हो भी नहीं सकता कोई इटली उसे समय एक विभाजित था और उसके अधिकांश क्षेत्रों पर ऑस्ट्रिया साम्राज्य का कब्जा था लेकिन इतिहास ने मेटरनिक को झुठलाया और एक एकीकृत इटली का जन्म एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में हुआ क्योंकि इटली के उन विभिन्न प्रदेशों में सांस्कृतिक एकता के सैकड़ो वर्षों से मौजूद थे भारत की संस्कृति दुनिया की प्राचीनतम संस्कृति है भारत की संस्कृत भाषा और उस भाषा में लिखे गए वेद दुनिया को प्राचीनतम ग्रंथ है हमारे मनीषियों ने हजारों वर्ष के हजारों वर्ष के कठोर तप और मनन चिंतन के बाद इस संस्कृति का विकास किया वही संस्कृति को मानने का भाव हिंदुत्व कहलाया और उसको मानने वाले हिंदू कहलाए यूनान स अक्षर का उच्चारण ह के रूप में करते थे अतः सिंधु नदी को वे हिन्दू नदी कहते थे और पूर्व पश्चिम तट से लेकर भारतीय उपमहाद्वीप के अंदरूनी भूभाग तक बसे हुए लोग हिंदू कहते थे। सिन्धु नदी के पूर्वी तट से लेकर भारतीय उपमहाद्वीप के अंदरूनी भूभाग तक बसे हुए हिन्दू कहलाये

और उनकी संस्कृति सनातन संस्कृति या हिंदू संस्कृति कहलाई यहां यह उल्लेखनीय है कि सिंधु के पश्चिमी तट पर भी हमारे ब्रह्म ऋषियों ने सनातन जीवन मूल्यों का विकास किया धीरे-धीरे यह जीवन मूल्य भारतीय उपमहाद्वीप के अंदरूनी भूभाग में फैले और सिंधु नदी के पश्चिमी तट से लेकर अफगानिस्तान की आक्सास नदी के पूर्वी तट से लेकर अफगानिस्तान की आक्सास नदी के पूर्वी तट तक फैले।यह सम्पूर्ण क्षेत्र ब्राह्मदेश या हिन्दुस्तान कहलाया।

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की माटी की महिमा तो यह है कि जब महेश्वर महेश्वर स्थित एक चार चरवाहे से वहां पहुंचे आगन्तुक ने मंडल मिश्र का पता पूछा तो उसने संस्कृत में उसे मंडल मिश्र का पता बताया आगंतुक अवाक रह गया।



। जिस धरती के कण में संस्कृत रची बसी हो भला वहां के लोग सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से कैसे विमुख हो सकते हैआज हमें देश में सांस्कृतिक विरासत को स्वीकार करने साहस ईमानदारी से दिखाने की आवश्यकता है अगर संस्कृति पर नजर डालेंगे तो हमें सिर्फ भारत एक ऐसा राष्ट्र दिखेगा जहां हिंदू संस्कृति ही सांस्कृतिक की मुख्यधारा है। यदि हमें देश में राष्ट्रीयता की बुलंद इमारत खड़ी करनी है तो हमें इसी मुख्य धारा को ठोस धरातल प्रदान करना होगा।

भारतीय संस्कृति अपनी आन्तरिक सबलता के कारण बिना किसी दबाव के स्वत निस्तृत होती हुई फिलिपींस मलाया जावा सुमित्रा दक्षिण पूर्वी एशियन के अन्य देशों यूरोप के बुल्गारिया अमेरिका के पेरू आदि स्थानों तक जा पहुंची। ज्ञान विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में जो संसाधन भारतीय मनीषियों ने किए उस समय अन्यत यह कहीं भी नहीं हुए। राष्ट्रवादी अवधारणा भी सर्वप्रथम भारत में ही विकसित हुई।यह मान्यता की राष्ट्रवादी अवधारणा यूरोप से भारत आई पूरी तरह से भ्रामक और तथ्यों से परे है। चन्द्रगुप्त मौर्य से लेकर अंग्रेजों तक ने संपूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप को एक राजनीतिक इकाई में पिरोने की कोशिश की। चन्द्रगुप्त ने सेल्यूकस को पराजित कर जिस काबुल कंधार और हैरत को जीता, अंग्रेज भी उन क्षेत्रों पर अधिकार करने को तत्पर रहे और उन्होंने उसे भारत की वैज्ञानिक सीमा कहा। अर्थात आक्सास नदी के पूर्वी तट से लेकर संपूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप उस समय भी राजनीतिक इकाई था और इस इकाई को स्थापित करने की चेष्टा सभी भारतीयों ने की। समय-समय पर राजनीतिक एकता विघटित हुई लेकिन संस्कृतिकृतिक एकता अक्षुणन बनी रही। पंथ निरपेक्षता भारत देश की व्यवस्था की वह अवधारणा है जिसमें सभी धर्मो का सम्मान किया जाता है तथा नागरिकों के साथ उन की धार्मिक अवस्थाओं के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। भारत बराबर से ही पंथनिरपेक्ष रहा है। इस देश की संस्कृति ने पंथ निरपेक्षता पर प्रतिबद्ध रहना तब भी स्वीकार किया जब देश का विभाजन हुआ और पाकिस्तान द्विराष्ट्र सिद्धांत के सांप्रदायिक आधार पर निर्मित हुआ।। ऐसा यह कभी संभव नहीं हुआ होता यदि अधिकांश भारतीय पंथनिरपेक्ष नहीं होते।

हिन्दूत्व सम्पूर्ण सृष्टि को समग्र रूप से समझने की दृष्टि है जो इस लोक तथा परलोक दोनों के लिए रास्ता दिखाता है।यह व्यक्ति और समाज तथा मनुष्य को भौतिक तथा आध्यात्मिक जरूरतो के बीच अटूट संबंधों पर बल देता है।हिन्दुत्व उदार है उद्धवत मुक्तिगामी है।यह किसी भी आधार पर विभिन्न समुदायों के बीच कोई दुर्भावना घृणा अथवा हिंसा को बर्दाश्त नहीं करता है। यही इस राष्ट्र का सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है। ,,, प्राचीनकाल से ही ईरानी यूनानी शक कुशाण पल्लव आदि जातियां भारत की संप्रदाय से आकर्षित होकर आई। यह सभी के सभी विजेता थे। लेकिन वह पराजित हिंदुओं में अपनी पहचान खो बैठे क्योंकि विराट एवं उदार हिंदुदर्शन ने अपने आप में समाहित कर लिया। भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का मूल आधार यही है कि इसका प्राण तत्व समन्वयवादी हिंदू संस्कृति है जो बेन फैलाकर आने वाले किसी भी पथ विचार और दर्शन को अपने में समाहित कर लेती है ।